आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 134 | उज्जैन, शनिवार 30 मई, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 14 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

### प्रबंध संपादक संदीप मेहता ने जानकारी देते हुए पूरे प्रदेश स्तरीय अभियान से अवगत करवाया

# सकोरा वितरण पक्षी सेवा को मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सराहना का प्रतिसाद मिला

## महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तरप्रदेश के सीमावर्ती जिलों तक दैनिक अवंतिका के अभियान ने पकड़ा जोर


**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

झुलसा देने वाली गर्मी के दौर में पक्षियों को पीने के पानी के लिए दैनिक अवंतिका परिवार ने सकोरा (पक्षी जलपात्र) वितरण का धर्म अभियान मई के प्रारंभ से ही शुरू किया था। इस अभियान को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जानकर पक्षी सेवा के दैनिक अवंतिका परिवार एवं उससे जुड़े प्रतिनिधि, संवाददाताओं के इस कार्य की सराहना करते हुए शुभकामना दी और कहा कि पुरूषोत्तम मास में यह धर्म भी है। डॉ. यादव ने कहा कि शासन स्तर पर जीवों के संरक्षण का प्रयास निरंतर किया जा रहा है। इससे आम जन में भी जागरूकता देखी जा रही है। अभियान की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे जीवदया एवं संरक्षण के अभियान चलाया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक दिवसीय प्रवास के उपरांत शुक्रवार सुबह पुलिस लाइन स्थित हेलीपेड विश्राम गृह के बाहर इंदौर जाने के लिए पहुंचे थे यहीं पर उन्होंने दैनिक अवंतिका के प्रबंध संपादक संदीप मेहता से अभियान से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह जीव सेवा का काम तो है ही पुरूषोत्तम मास में यह धर्मगामी सेवा है। मुख्यमंत्री ने एक सकोरा हाथ में लेकर उसे देखा भी और पास ही खड़े लोगों को पक्षियों के लिए पानी से भरकर रखने के लिए देते हुए अपना प्रेरणात्मक उद्‌बोधन भी दिया।

**मई की शुरूआत होते ही अभियान चला-** मई माह के प्रारंभ में ही दैनिक अवंतिका ने अपने अभियान की शुरूआत की थी। इसके तहत प्रदेश के सीमावर्ती जिलों तक अभियान ने अपना जोर पकड़ लिया है। अवंतिका परिवार के साथ ही प्रतिनिधि एवं संवाददाताओं ने इसे अपने-अपने क्षेत्रों में सकोरा वितरण कर आमजन को पक्षियों की सेवा के लिए अग्रणि भूमिका निभाई है। सीमावर्ती जिलों में बुरहानपुर से लेकर नीमच, सोयत-सुसनेर से लेकर राजगढ़-ब्यावरा एवं मालवांचल के अधिकांश जिलों में अभियान जारी है।






### बड़नगर से हुई अभियान की शुरूआत

अभियान की शुरूआत उज्जैन जिले की बड़नगर तहसील से की गई थी। यहां प्रतिनिधि राजेन्द्र अग्रवाल ने इस विशेष अभियान में मूक पक्षियों की सुध लेते हुए इस दिशा में पहल करते हुए घर-घर सकोरे बांटने का अभियान छेड़ा। अभियान के तहत बड़नगर में सामाजिक संस्था गीता भवन के सौजन्य से 100 से अधिक जन को सकोरे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हरिकिशन मेलवाणी की विशेष उपस्थिति में वितरित किए गए। इसके साथ ही दैनिक अवंतिका ने सकोरे वितरण करने का आह्वान सामाजिक, राजनैतिक दलों से किया है।

### सीमा के जिलों से छोटे गांवों तक अभियान चला

दैनिक अवंतिका सकोरा वितरण अभियान पिछले 25 दिनों में महाराष्ट्र की सीमा से लगे बुरहानपुर में धनराज पाटिल, गुजरात की सीमा से लगे अलीराजपुर में पुरूषोत्तम सोनी, राजस्थान की सीमा के जिले नीमच में जीवन कौशिक, सोयतकला में बबलू कारपेंटर सुसनेर में मुकेश हरदेनिया, राजगढ़-ब्यावरा में मुकेश सक्सेना, जीरापुर में कमलेश शर्मा, अशोक नगर में प्रेमकुमार सढाना, मुरैना में दिनेश तोमर, इंदौर में वासूदेव शर्मा, मंदसौर में वल्लभ फरक्या, जावरा में देवकीनंदन झुरिया, ग्वालियर में देवांग तिवारी, राज शर्मा, भिंड में काशी शैलेन्द्र सिंह तोमर, राशि भदौरिया, पिपलिया मंडी में बाबूलाल नागर, सागर में अमित दुबे, शिवपुरी-गुना में राजू राठौर, शाजापुर में मनोज जैन, राणापुर में कन्हैयालाल पांचाल, महिदपुर में शांतिलाल छजलानी, आगर-मालवा अशोक गुर्जर, आलोट में निलेश जांगलवा, तराना में शैलेन्द्र शर्मा, खरगौन में जिनेन्द्र आर्य, मनावर में कौशिक पंडित, रतलाम में आनंद ओम त्रिवेदी, देवास में राजू चौऋषिया, मंडलेश्वर में अशोकसिंह तोमर, खंडवा में कन्हैयालाल मंडलोई, सनावद में राजेश भावसार, ओमकारेश्वर में जयकुमार जोशी, सुवासरा में आनंद शर्मा, हाटपिपलिया में अनिल लाड, महिदपुर रोड गोपाल उपाध्याय, धार में निलेश पांडे, झाबुआ, बड़वानी में राजमल मारू, सनावद में आशीष शर्मा, भोपाल में राहुल ललवानी, शुजालपुर में अजय वर्मा, बदनावर में शेखर यादव, कानड़ में प्रेमनारायण सोनी, बड़ौद में कैलाशचंद्र शर्मा, सीतामऊ में प्रमोद मोढ़, चंदेसरा में रमेशचंद्र राठौर, टांडा में शुभम गादिया, उन्हेल में दिनेश सोलंकी, ज्ञानचंद जैन, इंगोरिया में मांगीलाल राणावत, भौंरासा में शिवा अग्रवाल, घोंसला में मुकेश जेठवानी सहित अन्य क्षेत्रों में अभियान को अवंतिका प्रतिनिधि एवं संवाददाता गति दे रहे हैं।

## राज्यसभा चुनाव के लिए बीजेपी उम्मीदवारों की लिस्ट तैयार

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

राज्यसभा की 26 सीटों के लिए 18 जून को मतदान होगा। इसी दिन रिजल्ट आने की भी संभावना है। इनमें मध्य प्रदेश की तीन सीटें भी शामिल हैं। बीजेपी के कब्जे वाली दो सीटों पर अभी केंद्रीय राज्यमंत्री जॉर्ज कुरियन और डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी सांसद हैं। वहीं, कांग्रेस की एक सीट पर दिग्विजय सिंह दूसरी बार के सांसद हैं।

बीजेपी की तरफ से उम्मीदवारों के नाम का ऐलान अगले 3-4 दिन में होने की पूरी संभावना है। पार्टी की मध्य प्रदेश इकाई ने केंद्रीय नेतृत्व को संभावित उम्मीदवारों के नाम की लिस्ट सौंप दी है। इस बार सामान्य वर्ग के उम्मीदवार को बीजेपी की ओर से राज्यसभा भेजने पर मंथन चल रहा है। हालांकि, लिस्ट में सभी वर्गों के नेताओं के नाम शामिल हैं।

बीजेपी के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व मंत्री अरविंद भदौरिया, नरोत्तम मिश्रा, अखंड प्रताप सिंह, जीएस डामोर राज्यसभा के संभावित उम्मीदवारों की लिस्ट में शामिल हैं। महिला कोटे से रंजना बघेल का नाम है। वहीं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से दीनदयाल शोध संस्थान के अध्यक्ष अभय महाजन और झाबुआ के जनजातीय क्षेत्र में संघ का काम संभालने वाले महेश शर्मा के नाम भी रेस में हैं।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय राज्य मंत्रिमंडल से मुक्त होकर राष्ट्रीय राजनीति में काम करने के इच्छुक हैं। उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व को अपनी इच्छा बता दी है। वे 7 बार के विधायक हैं। इंदौर के मेयर, बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री रह चुके हैं।

### 20 जून के बाद होगी एंट्री

## प्रदेश में अल-नीनो की वजह से कमजोर रहेगा मानसून

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

प्रदेश में इस बार मानसून कमजोर रहने के संकेत हैं। भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत प्रदेश के 47 जिलों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। प्रदेश में औसत 37.3 इंच के मुकाबले 30 से 32 इंच तक बारिश होने का अनुमान है।

वहीं, मानसून की एंट्री भी तय समय से 5 से 8 दिन देरी से, यानी 20 जून के बाद होने की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, इंदौर, उज्जैन, सागर और चंबल संभाग के केवल 8 जिलों में सामान्य बारिश होने की उम्मीद है, जबकि अधिकांश जिलों में बारिश औसत से कम रह सकती है। जून में बारिश कमजोर रहने के आसार हैं। हालांकि, जुलाई में मानसून कुछ बेहतर प्रदर्शन कर सकता है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, कमजोर मानसून के पीछे अल-नीनो का प्रभाव प्रमुख वजह हो सकता है। इसके असर से मानसूनी हवाओं की रफ्तार और बारिश का पैटर्न प्रभावित होता है। कम बारिश की स्थिति में प्रदेश में फसलों के उत्पादन के साथ पेयजल और सिंचाई संकट गहराने की आशंका भी जताई जा रही है।

### प्रदेश में इस साल कहां, कैसा रहेगा मानसून?

- ग्वालियर, भिंड, नीमच, दमोह, अनूपपुर, उज्जैन, आलीराजपुर और बड़वानी में सामान्य या इससे ज्यादा पानी गिर सकता है।
- अशोकनगर, सागर, नर्मदापुरम, रायसेन, मंडला, डिंडौरी, खरगोन, बुरहानपुर, नरसिंहपुर में सामान्य बारिश की तुलना में 10 से 15 प्रतिशत तक कम बारिश हो सकती है।
- बाकी जिलों में 90 प्रतिशत तक बारिश होने का अनुमान है।

## जहरीली शराब पीने से 15 की मौत

### सीएम फडणवीस ने जांच के आदेश दिए, अब तक 8 लोग हिरासत में

**एजेंसी ▶▶ पुणे**

महाराष्ट्र के पुणे में जहरीली शराब पीने से पिछले 24 घंटे में 15 लोगों की मौत हो गई। ये मौतें हडपसर, फुगेवाड़ी, दापोडी और पिंपरी इलाके में हुई हैं।

पुलिस और राज्य आबकारी विभाग ने जॉइंट कार्रवाई करते हुए 8 लोगों को हिरासत में लिया है। इनमें एक अवैध शराब कारोबारी भी शामिल है। जांच में सामने आया है कि शराब में मेथेनॉल हो



सकता है। मामला सामने आने के बाद सीएम देवेंद्र फडणवीस ने जांच के आदेश दे दिए हैं।

स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि प्रतिबंधित हाथ भट्टी की जहरीली शराब पीने से इन लोगों की मौत हुई है। इस मामले को लेकर पुलिस प्रशासन पर भी सवाल उठ रहे हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस के नेता तथा पूर्व महापौर योगेश बहल ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, पिंपरी-चिंचवड़ पुलिस का कहना है कि 5 लोगों की मौत अलग-अलग कारणों से हुई है। लेकिन मृतकों में कई लोगों को मौत से पहले चक्कर आया था, जिससे जहरीली शराब की आशंका जताई गई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### यूपी के हमीरपुर में आंधी-बारिश के कारण बड़ा हादसा

## निर्माणाधीन पुल का स्लैब गिरा, 6 की मौत

**एजेंसी ▶▶ हमीरपुर**

यूपी के हमीरपुर में बेतवा नदी पर बन रहे निमार्णाधीन पुल का स्लैब शुक्रवार देर रात 2 बजे गिर गया। हादसे में 6 मजदूरों की मौत हो गई। स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एसडीआरएफ) ने मलबे में फंसे 3 मजदूरों को निकाला। साढ़े 7 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला।

उत्तर प्रदेश ब्रिज कॉरपोरेशन के एमडी धर्मवीर सिंह ने बताया कि आंधी-बारिश के कारण स्लैब गिरा और नीचे सो रहे मजदूर दब गए। हादसे की जांच कराई जाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक, हमीरपुर में देर रात 70-80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली थी। हादसा शहर



से 25 किमी दूर ललपुरा इलाके में हुआ। मृतकों में 4 बांदा और 2 हमीरपुर के रहने वाले थे। एसडीआरएफ के अधिकारियों ने बताया कि ढाई बजे से शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है, लेकिन ऐहतियात के तौर पर अभी भी मलबा हटाया जा रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं कोई और मजदूर दबा न हो।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पुल पर दो शिफ्ट में काम होता है। जिस वक्त आंधी आई, पहली शिफ्ट के लोग पुल के नीचे थे, जबकि दूसरी शिफ्ट के 7 मजदूर पुल पर काम कर रहे थे। उनमें मैं भी था। आंधी से बचने के लिए हम लोग पुल पर लेट गए। इसी बीच हादसा हो गया। उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम पुल का निर्माण करवा रहा है। इसकी लागत 90 करोड़ रुपए है। 700 मीटर लंबा दो लेन का ब्रिज मोराकांड से कुरारा गांव के बीच बनाया जा रहा है। इसका निर्माण मार्च 2024 में शुरू हुआ था। दिसंबर 2026 तक इसे पूरा किया जाना है।

## देश विदेश

### कॉकरोच जनता पार्टी का अकाउंट अभी बंद ही रहेगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके की याचिका पर केंद्र सरकार और एक्स को नोटिस जारी किया है। दिपके ने सीजेपी का एक्स अकाउंट ब्लॉक किए जाने को चुनौती दी है। कोर्ट ने फिलहाल अकाउंट दोबारा चालू करने का अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में फैसला लेने से पहले सरकार का पक्ष सुनना जरूरी है। जस्टिस पुरुषेन्द्र कुमार कौरव की बेंच ने कहा कि सरकार का पक्ष सुने बिना ऐसा आदेश नहीं दिया जा सकता, क्योंकि मामले के व्यापक प्रभाव और दूरगामी परिणाम हैं। अदालत ने केंद्र सरकार से चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा और मामले की अगली सुनवाई 6 जुलाई तय की।

### यूपीएससी में कभी पेपर लीक नहीं हुआ: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नीट-यूजी पेपर लीक मामले पर कहा कि जवाबदेही तय होने तक ऐसी घटनाएं रुकने वाली नहीं। कोर्ट में मौजूद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी से सवाल किया कि यूपीएससी तो आपसे बड़े पैमाने पर परीक्षा करवाता है, वहां कभी पेपर लीक नहीं हुआ। एनटीए को उनसे सीखने की जरूरत है। सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद नीट पेपरलीक की जांच पर नजर रख रहे हैं ताकि कोई चूक न हो। केस की सुनवाई कर रहे जस्टिस नरसिम्हा ने शिक्षा मंत्रालय से नीट-यूजी परीक्षाओं की जांच प्रक्रिया का ब्योरा मांगा। सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि पेपर लीक के बाद बड़े लेवल पर सुधार किए हैं।

### धुरंधर के बाद रणवीर के खिलाफ रची गई साजिश



**फिल्म डॉन 3 विवाद पर शोभा डे ने रणवीर सिंह पर हुई कार्रवाई पर सवाल उठाए**

**मुंबई।** राइटर और कॉलमनिस्ट शोभा डे ने दावा किया है कि 'डॉन 3' विवाद की आड़ में रणवीर सिंह और 'धुरंधर' के डायरेक्टर आदित्य धर के खिलाफ साजिश रची जा रही है। फिल्म 'डॉन 3' से अचानक बाहर होने के चलते फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज ने रणवीर सिंह के खिलाफ 'नॉन-कोऑपरेशन डायरेक्टिव' (असहयोग निर्देश) जारी कर दिया है। इसी मुद्दे पर बात करते हुए गुरुवार को शोभा डे ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। साथ ही कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'रणवीर सिंह बॉलीवुड के दिल्ली जिमखाना जैसे हैं... सब कुछ एक जैसा दिखता है, लेकिन अलग है। सबको साथ लेकर चलने की जगह अलगाव क्यों? धमकियां और दबाव बनाने की कोशिशें काम नहीं करेंगी। पहले भी नहीं कीं और आगे भी नहीं करेंगी।' वीडियो में शोभा डे ने रणवीर सिंह के 'डॉन 3' विवाद और दिल्ली जिमखाना क्लब विवाद की तुलना की। उन्होंने कहा, 'मैं रणवीर सिंह वाले मामले को भी देख रही हूं और दिल्ली जिमखाना वाले मामले को भी। दोनों में मुझे ज्यादा फर्क नहीं दिखता। कई मायनों में रणवीर सिंह बॉलीवुड के दिल्ली जिमखाना जैसे हैं।' बता दें कि हाल ही में केंद्र सरकार ने दिल्ली जिमखाना क्लब से सफदरजंग रोड स्थित परिसर खाली करने को कहा है। सरकार का कहना है कि लुटियंस दिल्ली में सरकारी और रक्षा संस्थानों के पास मौजूद इस जमीन की जरूरत रक्षा ढांचे को मजबूत करने और सुरक्षा से जुड़े कामों के लिए है। शोभा डे ने कहा, 'पूरा मामला आखिर है किस बारे में? यह ताकत, कंट्रोल और लोगों पर रोक लगाने की कोशिश के बारे में है। यह लोगों को उनकी जगह दिखाने और सबक सिखाने की कोशिश है। उन लोगों या संस्थाओं को निशाना बनाया जा रहा है, जिन्हें कुछ लोग जरूरत से ज्यादा विशेष अधिकार मिलने वाला मानते हैं।'

### आईपीएल में स्मार्ट सनग्लास पर रोक जानकारियां लीक होने का खतरा

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई की एंटी करप्शन यूनिट ने आईपीएल मैच के दौरान खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों के लिए स्मार्ट सनग्लास के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। बोर्ड ने 18 मई को सभी टीमों के लिए एडवाइजरी जारी की थी। यह जानकारी शुक्रवार को सामने आई। इसके अनुसार मैच के दिन खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को मैदान के अंदर ड्रेसिंग रूम और डगआउट में जाने से पहले अपने फोन, स्मार्टवॉच और स्मार्ट सनग्लास को सिक्योरिटी लायजन ऑफिसर के पास जमा कराने होंगे। नहीं तो कार्रवाई होगी और जुर्माना लगाया जाएगा। प्लेयर्स के देर रात बाहर जाने और होटल रूम में मेहमान बुलाने पर भी रोक लगाई गई है।

### राहुल गांधी ने दिल्ली में ऑटो ड्राइवरों के साथ खाना खाया

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार को दिल्ली के बंगाली मार्केट में बने टोडरमल पार्क में ऑटोरिक्शा ड्राइवर्स के बीच पहुंचे। जहां उन्होंने ऑटोचालकों से बात की। राहुल उनका यूनिफॉर्म पहने भी नजर आए। पार्क में बैठे राहुल के कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिसमें वे ऑटो ड्राइवर्स के साथ खाना खाते नजर आ रहे हैं। इस दौरान वे ऑटो की सवारी करते भी नजर आए। राहुल ने ऑटो ड्राइवर्स से रोजमर्रा की चुनौतियों, उनकी इनकम, बढ़ते खर्चों और काम करने के हालात के बारे में जाना। उनकी शिकायतें सुनीं, उनकी जीवनशैली और समस्याओं पर चर्चा की। राहुल गांधी से मिलने के बाद एक ऑटो ड्राइवर ने कहा, राहुल ने हमसे बातचीत की। हमारे मुद्दे उठाने, हमारे बीमा और दूसरी सहायता दिलाने का वादा किया।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## अगले सालों में शहर होगा हरा-भरा...

अगले कुछ सालों में शहर में भू-जल की परेशानी से निजात मिलने की उम्मीद को पंख लगने वाले हैं। यही नहीं अगले कुछ सालों में शहर की धरा पूरी तरह से हरियाली से ओत-प्रोत होने वाली है। शहर की संस्था ने भू-जल को लेकर जिस तरह की योजना पर काम शुरू किया है उससे तो यही लगता है कि भू-जल गिरने की समस्या से अब निजात मिलने वाली है और बारिश की हर बूंद को सहेजा जा सकेगा। बस इंतजार इस योजना के धरातल पर उतरने का है। पहले साल में ही काफी कुछ बदलना तय है जो अगले भूजल सर्वेक्षण में सामने होगा। शहर की संस्था ने 10 लाख पौधों के रोपण का भी लक्ष्य तय किया है। इसके लिए योजनाबद्ध रूप से आगे बढा जा रहा है। इसमें शहर के नागरिकों की भागीदारी तय की जा रही है। इसके साथ ही शहर की सामाजिक एवं अन्य संस्थाओं को भी जोडा जा रहा है। इधर महाआयोजन के तहत भी जमकर की जाने वाली निर्माणगत तैयारियों के साथ हरा-भरा महाआयोजन के लिए तैयारी की जा रही है। वहां भी निर्माण एवं विकास से जुड़े सभी विभागों के लिए 10 लाख पौधे लगाने की तैयारी कर ली गई है। योजना पर अतिम रूप से काम किया जा रहा है। हर निर्माण के आसपास हरा भरा क्षेत्र एवं फूलों वाले पौधों का रोपण होना तय है। ऐसे में शहर में अगले कुछ सालों में चौतरफा हरियाली ही हरियाली होना तय है। इसी मानसून से अगर इसके लिए धरातल पर काम को अंजाम दे दिया गया तो फिर कहने ही क्या। दो तरफा इस प्राकृतिक काम को अंजाम दे? दिया गया तो शहर की धरा पूरी तरह से संपन्न हो जाएगी और मालवा के इस केंद्र में एक बार फिर पग-पग नीर की कहावत लागू हो जाएगी। खुसूर-फुसूर है कि अगर 20 लाख पौधे लग गए चारों और तो फिर शहर वैसे ही स्वर्ग हो जाएगा। लोग अभी धर्मदर्शन के लिए यहां आते हैं उसके साथ ही स्वास्थ्य ठीक करने बाहर से शहर में आना शुरू कर देंगे। इसके साथ ही आध्यात्मिकता हमारे यहां रची बसी है। ऐसे में पूरी तरह से इस धरा के देव के साथ जुड़े वन के स्वरूप को साकार किया जा सकेगा। सूरज का ताप भी यही कह रहा है कि अब भी संभल जाओं और हरियाली लगाओं।




## न्यूज कॉलम

### अति उत्कृष्ट सेवा पदक से प्रधान आरक्षक श्री राठौर सम्मानित

**उज्जैन।** पुलिस विभाग में निरंतर 25 वर्षों तक कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और अनुकरणीय समर्पण के साथ उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले उज्जैन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) कार्यालय में कार्यरत प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र सिंह राठौर को देश के प्रतिष्ठित केंद्रीय गृहमंत्री अति उत्कृष्ट सेवा पदक तथा उत्कृष्ट सेंवा पदक से नवाजा गया है। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित एक विशेष गरिमामय कार्यक्रम के दौरान धर्मेंद्र सिंह राठौर को ये दोनो पदक प्रदाय कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह के दौरान पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने राठौर को इस अद्वितीय उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाएं दीं।



### कॉकरोच हमेशा दरवाजे के पीछे होते हैं, झूठन में ही पैदा होते हैं

**उज्जैन।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज ने सोशल मीडिया पर छाई हुई कॉकरोच पार्टी के बारे में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कॉकरोच हमेशा दरवाजे के पीछे होते हैं और यह झूठन में ही पैदा होते हैं। आप उनकी चिंता ना करें, कॉकरोच को भगाने के लिए झाड़ू को छिन्न भिन्न करना होता है। रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि हमारे पास अब अनेक प्रकार की दवाइयां हैं, हिट है, कपूर है, जिससे कॉकरोच भाग जाते हैं। आने वाले समय में कहीं भी आपको कॉकरोच दिखाई नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि कॉकरोच को भगाने के लिए हमें अपने घर को साफ रखना होगा और नियमित रूप से सफाई करनी होगी।



### अवंतिका के जीवदया एवं सेवा के कार्यों को जन-जन से मिल रही सराहना

# पक्षियों की सेवा के अभियान से पूर्व गृह मंत्री भी जुड़े

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दैनिक अवंतिका के पक्षी सेवा एवं जीव दया के सेवा कार्यों के तहत सकोरा वितरण की जन-जन में सराहना हो रही है। इसे लेकर अवंतिका के पाठकों के साथ आम आदमी एवं सामाजिक सेवा कार्य संस्थाएं भी इस अभियान से जुडती जा रही है। मध्यप्रदेश के पूर्व गृह मंत्री हिम्मत कोठारी ने इस अभियान से जुडते हुए पानी के सकोरे वितरित किए हैं एवं आमजन से इन्हें छांव में रखने का भी संदेश दिया है। बुरहानपुर में भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी क्षितिज भट्ट भी इससे जुड़े।



पूर्व गृह मंत्री हिम्मत कोठारी सपत्नीक

### रतलाम में पूर्व गृह मंत्री ने किया सकोरा वितरण

**रतलाम।** अवंतिका की पहल पर संस्था राम-राम के तत्वावधान में पक्षियों के लिए सकोरा वितरण किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए संस्था राम-राम द्वारा पक्षियों के संरक्षण एवं उनके लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सराहनीय पहल की गई। इस अभियान का आयोजन पूर्व गृह मंत्री हिम्मत कोठारी एवं श्रीमती पुखराज कोठारी के सान्निध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संस्था के सदस्य जयपाल सिंह कुशवाह, यशपाल सिंह पँवार, हितेंद्र सिंह शक्तावत एवं हर्षवर्धन सिंह गौड ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी के सकोरे वितरित किए। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी की अत्यधिक आवश्यकता होती है। ऐसे में समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर, दुकान एवं आसपास के स्थानों पर पानी की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि पक्षियों को राहत मिल सके। इस सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अभियान की नागरिकों ने सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी पहल बताया।



अभियान की शुरूआत उज्जैन जिले की बड़नगर तहसील से की गई थी। यहां प्रतिनिधि राजेन्द्र अग्रवाल ने इस विशेष अभियान में मूक पक्षियों की सुध लेते हुए इस दिशा में पहल करते हुए घर-घर सकोरे बांटने का अभियान छेड़ा।



देवांग तिवारी, ग्वालियर    राज शर्मा, ग्वालियर



पूर्व थाना प्रभारी अशोक मंडलोई

### सेवानिवृत्त पूर्व थाना प्रभारी भी आगे आए

दैनिक अवंतिका के अभियान से इंदौर निवासी पूर्व थाना प्रभारी अशोक मंडलोई ने भीषण गर्मी मे पक्षियों के पानी पीने के लिए साकोरे वितरित किये। यही नहीं उन्होंने स्वयं ने घर की छत पर दाना - पानी की सकोरे के माध्यम से वर्ष भर के लिए पक्षियों की सेवा का जिम्मा लिया है। वे पूर्व मे महाकाल थाना और डी आई जी ऑफिस मे पदस्थ रहे और महाकाल के अनन्य भक्त है।



वासुदेव शर्मा

### भाजपा प्रदेश मंत्री शामिल हुए



**बुरहानपुर में** दैनिक अवन्तिका बरहानपुर प्रतिनिधि धनराज पाटिल के अनुसार भाजपा प्रदेश मंत्री बुरहानपुर जिला प्रभारी क्षितिज भट्ट, जिला महामंत्री ईश्वर चौहान, संजय जाधव, भाजपा जिला मंत्री सुनील वाघे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री अनिल प्रजापति, भाजपा सोशल मीडिया जिला प्रभारी आकाश चौधरी एवं कार्यकर्ता अभियान में शामिल हुए। दैनिक अवंतिका के बेनर तले पक्षियों के लिए सकोरा वितरण किये गए। भिंड में भी अवंतिका की पहल पर अभियान को गति मिली है। यहां बच्चों ने सकोरा लेकर उनमें पानी भरकर पक्षियों के लिए रखने की पहल की है। इसी के तहत काशी पिता शैलेन्द्र सिंह तोमर और राशि पिता सत्येंद्रसिंह भदौरिया ने पक्षियों के लिए पानी से भरे सकोरा को रखा है।

**शिक्षिका ने संभाली अभियान की कमान-**



**ब्यावरा-राजगढ़।** भीषण गर्मी में महिला मंडल और बच्चों द्वारा जगह-जगह मिट्टी के सकोरे (जल पात्र) वितरित कर छांव में पेडों पर बांधे जा रहे। दैनिक अवन्तिका के अभियान के तहत समाजसेवी एवं कर्मठ शिक्षिका इंदिरा कुशवाह के नेतृत्व में महिला मंडल द्वारा मिट्टी के सकोरों में शीतल पेयजल की व्यवस्था की।




### सांसद प्रतिनिधि की उपस्थिति में वितरण

**पिपलिया मंडी।** नगर के सार्वजनिक स्थान गांधी चौराहे पर पक्षियों के लिए जल पात्र सकोरा वितरण किये गए ' अवंतिका संवाददाता बाबूलाल नागर ने कहा कि सिर्फ औपचारिकता पूरी नहीं की बल्कि पात्र लेने वाले लोगों को पात्र में नियमित रूप से पानी भरने और पक्षियों के पहुंच वाले उचित स्थान पर रखने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि दिलीप गोयल, पार्षद व प्रतिपक्ष नेता सरफराज मेव नगर परिषद कर्मचारी महेंद्रसिंह राजस्व निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक दिनेश चौहान, आदिल खान,अजय राठौर, गोपाल राठौर, बबलू, गोपाल लक्ष्यकर, महेश अग्रवाल, गोपाल कृष्ण धनोतिया, ग्राम पंचायत नैनोरा सरपंच प्रतिनिधि शिवपाल सिंह शाखावत, सचिव मालवीय, मनीष जैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।





देवास में पूर्व पार्षद नरेन्द्र यादव और युवराज सिंह पवार ने सकोरे वितरित किये।

### मंदसौर में मंशापूर्ण बालाजी परिसर से शुरूआत

दैनिक अवन्तिका द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंदसौर जिला कार्यालय ने नगर के नाकोड़ा नगर स्थित मंशापूर्ण बालाजी परिसर में श्रद्धालुओं को निःशुल्क सकोरे वितरित किए। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं से अपने घरों की छत, बालकनी एवं आसपास खुले स्थानों पर सकोरे रखकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने का आग्रह किया गया।अभियान के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण और जीव दया के प्रति जागरूक करते हुए पक्षियों की सुरक्षा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन, योग गुरू सुरेन्द्र जैन, मण्डी व्यवसायी ओम अग्रवाल, ललित जैन, सोरभ जैन, योगा ट्रेनर प्रीति जैन, कृष्णा मण्डलोई, निर्मला फरक्या एवं प्रिया पोरवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में दैनिक अवन्तिका प्रतिनिधि जितेश फरक्या ने उपस्थित सभी जनों का आभार व्यक्त किया।






भिंड से काशी पिता शैलेन्द्र सिंह तोमर और राशि पिता सत्येंद्रसिंह भदौरिया।

### ऑक्सीजन की कमी और दुर्गंध से क्षेत्रवासी परेशान

# प्रदूषित जल से गोवर्धन सागर में सैकड़ों मछलियां मर गई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगरकोट बुधवारिया स्थित गोवर्धन सागर तालाब में जल प्रदूषण का गंभीर असर देखने को मिल रहा है। तालाब के दूषित पानी के कारण शुक्रवार को सैकड़ों मछलियां मर गईं। बताया जा रहा है कि पानी में ऑक्सीजन की कमी होने से मछलियों की मौत हुई। बड़ी संख्या में मरी हुई मछलियां तालाब के किनारों पर दिखाई दीं, जिन्हें बाद में बाहर निकाला गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कुछ समय से तालाब का पानी लगातार दूषित हो रहा है। गंदे पानी और कचरे के कारण तालाब की स्थिति बिगड़ती जा रही है। शुक्रवार सुबह जब लोगों ने तालाब के किनारे बड़ी संख्या में मरी मछलियां देखीं तो क्षेत्र में चिंता का माहौल बन गया। मछलियों के मरने से तालाब के आसपास दुर्गंध फैल गई, जिससे वहां रहने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि तालाब की नियमित सफाई नहीं होने और प्रदूषित पानी की निकासी तालाब में होने से यह स्थिति बनी है। जल में ऑक्सीजन का स्तर कम होने के कारण जलीय जीवों का जीवन संकट में पड़ गया है। लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।



- स्थानीय नागरिकों ने कहा कि यदि समय रहते तालाब के पानी को साफ नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। इससे पर्यावरण के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ सकता है।
- क्षेत्रवासियों ने नगर निगम एवं संबंधित अधिकारियों से गोवर्धन सागर तालाब की सफाई, दूषित जल की रोकथाम और जल संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# 25 साल बाद मिला विनोद मिल का बकाया

### महाकाल और राम मंदिर को किया समर्पित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विनोद मिल के एक पूर्व श्रमिक ने 25 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद प्राप्त हुई अपनी बकाया राशि को धार्मिक कार्यों के लिए समर्पित कर प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है। सुदामा नगर निवासी 75 वर्षीय सत्यनारायण गौतम ने महाकालेश्वर मंदिर में एक लाख रुपये तथा राम मंदिर में 51 हजार रुपये दान किए।

सत्यनारायण गौतम विनोद मिल में श्रमिक के रूप में कार्यरत थे। मिल बंद होने के बाद से ही वे अपने बकाया भुगतान का इंतजार कर रहे थे। लगभग पच्चीस वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद हाल ही में उन्हें उनका बकाया भुगतान प्राप्त हुआ। राशि मिलने के बाद उन्होंने इसका एक बड़ा हिस्सा धार्मिक कार्यों में दान करने का निर्णय लिया।

**परिवार के साथ पहुंचे महाकाल मंदिर-** सत्यनारायण गौतम अपनी पत्नी सुमित्रा देवी, बेटी कविता चौहान एवं दामाद हेमंत सिंह चौहान के साथ महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर प्रबंध समिति को एक लाख रुपये का चेक सौंपा। मंदिर समिति द्वारा उन्हें विधिवत रसीद प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद रवि राय विशेष रूप से मौजूद रहे। सत्यनारायण गौतम के इस कदम की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज ब्रीफ

### निमार्णाधीन सडकों का निर्माण शीघ्र करें-मंत्री सिलावट

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने आज इन्दौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी परीक्षित झाडे और प्रोजेक्ट डायरेक्टर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण श्री प्रदीप यादव के साथ सांवेर विधानसभा के कनाडिया और बायपास में निर्मित हो रही टी.पी.एस. 4 और 5 की सडकों एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा निर्मित की जा रही 17 किलोमीटर सड़क का निरीक्षण किया और वर्तमान कार्य प्रगति और उक्त योजनाओं के संबंध में भविष्य में होने वाले विकास कार्यों की समीक्षा की। मंत्री श्री सिलावट ने इस संबंध में बताया कि सांवेर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत विकास प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 4 और 5 में सड़क निर्माण सहित अन्य विभिन्न विकास कार्य चल रहे हैं।

### वीर सावरकर देशवासियों के लिए रहेंगे सदैव वंदनीय

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, महान स्वतंत्रता सेनानी, स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में कहा कि शहीद वीर सावरकर के नाम मात्र के स्मरण से ही रोम-रोम, राष्ट्रभक्ति-साहस और आत्म गौरव के भाव से पुलकित हो उठता है। वे असह्य यातनाओं को निर्भीकता और निडरता से सह गए, लेकिन स्वतंत्रता के दीप को जलाए रखा। मां भारती की सेवा में स्वयं का होम कर देने वाले स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर देशवासियों के लिए सदा वंदनीय रहेंगे।

### पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री महान किसान नेता एवं स्वतंत्रता सेनानी, भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. चौधरी चरण सिंह का पूरा जीवन किसान कल्याण, ग्रामीण भारत के पुनरुत्थान और वंचितों के सशक्तिकरण के लिए समर्पित रहा। राष्ट्रहित और ईमानदारी को लेकर उनकी प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणापुंज है।

### राजस्व मामलों के निराकरण में प्रदेश में मिला पहला स्थान

**इंदौर।** प्रदेश में राजस्व मामलों के त्वरित निराकरण में बड़वानी जिले ने संपूर्ण मध्यप्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बुधवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक के साथ योजनाओं, कार्यक्रमों तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक के दौरान प्रदर्शित आधिकारिक आंकड़ों में यह रैंकिंग परिलक्षित हुई। बड़वानी जिला राजस्व से जुड़े दो सबसे महत्वपूर्ण घटकों, सीमांकन और बंटवारा के लंबित प्रकरणों को न्यूनतम करने में पूरे प्रदेश में पहले पायदान पर है। जिले में सीमांकन व बंटवारे के लंबित मामलों का प्रतिशत शून्य रहा है, जो यह दर्शाता है कि समय-सीमा के भीतर आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जा रहा है। इस रैंकिंग में इंदौर संभाग का ही बड़वानी जिला शीर्ष पर है। राजस्व विभाग की इस सफलता पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इसका श्रेय मैदानी स्तर के राजस्व अधिकारियों की टीम को दिया है। जिला प्रशासन का संकल्प है कि आमजन को राजस्व समस्याओं का समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण प्राप्त हो और सुशासन की यह गति निरंतर बनी रहे।

### 31 मई को बड़वानी में निकलेगी जिला स्तरीय जनजागरण यात्रा

**इंदौर।** बड़वानी जिले में व्यसन से बचो, सृजन में लगाओ अभियान के तहत 24 मई 2026 से व्यसन मुक्ति सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान बड़वानी कलेक्टर जयंती सिंह के निर्देशन में अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग बड़वानी के संयुक्त तत्वावधान में संचालित हो रहा है। युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक श्री लखन विश्वकर्मा एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के उपसंचालक श्री रौनक सोलंकी ने बताया कि सप्ताहभर जिले की विभिन्न तहसीलों में जनजागरण, संपर्क अभियान, संकल्प सभाएँ, मानव श्रृंखला, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिताएँ, नुक्कड़ नाटक तथा व्यसन मुक्ति से जुड़े रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज को नशामुक्त, स्वस्थ एवं संस्कारवान बनाना है। इसके अंतर्गत गायत्री परिवार के कार्यकर्ता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राएं घर-घर संपर्क कर लोगों को तंबाकू, शराब एवं अन्य नशों के दुष्परिणामों से अवगत करा रहे हैं।

### समर कैंप में खेलकूद स्पर्धा का आयोजन, बच्चों ने दिखाया जोश

**इंदौर।** किड्डी जंक्शन प्ले स्कूल एंड डे केयर सेंटर, बंगाली चौराहा इंदौर में चल रहे ग्रीष्मकालीन समर कैंप के अंतर्गत ₹खेलकूद दिवस₹ का भव्य आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे जोश और ऊर्जा के साथ विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। समर कैंप में आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल स्पर्धा के दौरान बच्चों के लिए विशेष रूप से ताइक्वांडो किक, दौड़, बॉल गेम्स, बैलेंस रेस, फन गेम्स, शतरंज, एक्टिविटीज एवं टीम गेम्स का आयोजन किया गया। नन्हे खिलाड़ियों ने हर स्पर्धा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खेल-खेल में अनुशासन एवं टीमवर्क का पाठ सीखा।इस पूरे आयोजन का सफल संचालन अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो कोच एवं शिविर के मुख्य प्रशिक्षक मिथिलेश कैमरे के मार्गदर्शन में किया गया। मिथिलेश कैमरे ने बच्चों को खेलों के माध्यम से जीवन के महत्वपूर्ण मूल्य समझाए।

# जल संरक्षण अभियान को जनभागीदारी से मिला नया आयाम

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया प्राचीन अहिल्या कुंड के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्राचीन अहिल्या कुंड के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर एयरपोर्ट से बस में बैठकर जन प्रतिनिधियों के साथ रवाना हुए और जल गंगा संवर्धन अभियान में हुए कार्यों का निरीक्षण करने पहुँचे। इस अवसर पर उन्होंने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर जल संरक्षण के प्रति जन जागरण का संदेश दिया।



निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला, गौरव रणदिवे, श्रवण सिंह चावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी दी और सभी से जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है।

### जल के विवेकपूर्ण उपयोग का आग्रह

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संबोधन में संत कबीर दास एवं संत रहीम के दोहों का उल्लेख करते हुए जल की महत्ता को सरल एवं प्रेरणादायी ढंग से समझाया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में जल को जीवन, संवेदना और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। उन्होंने ग्रामीणों से वर्षा जल संरक्षण, तालाबों और कुंडों के संरक्षण तथा जल के विवेकपूर्ण उपयोग का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जल संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से किया आह्वान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्रीष्मकाल के दौरान प्रदेश में बढ़ते हुए तापमान और अधिक गर्मी से होने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए प्रदेशवासियों से अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने और बचाव के आवश्यक उपाय अपनाने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि ग्रीष्मकाल के दौरान प्रदेश में बढ़े हुए तापमान और अधिक गर्मी देखते हुए सभी प्रदेशवासी अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। पर्याप्त पानी पिएं, बच्चों को हाइड्रेटेड रखें और बाहर निकलते समय पानी की बोतल अवश्य साथ रखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सेवाभावी नागरिकों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था करना मानवता की सच्ची सेवा है। हम सभी को इस दिशा में आगे आना चाहिए।



**जमीन अधिग्रहण के लिए अधिसूचना जारी, ग्रामीणों ने आरोप लगाए**

# सिंहस्थ 2028: चिंतामन-नईखेड़ी नई रेल लाइन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ 2028 को लेकर रेलवे ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। महाकाल की नगरी में ट्रेनों का दबाव कम करने और इंदौर-नागदा रूट को सीधे जोड़ने के लिए चिंतामन से नईखेड़ी तक 8.60 किलोमीटर लंबी नई रेल बायपास लाइन बिछाने का काम प्रस्तावित है। इस परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया अब औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। रेल मंत्रालय ने 22 मई को अधिसूचना जारी कर चार गांवों के 85 सर्वे नंबरों की जमीन अधिगृहीत करने की घोषणा की है। लेकिन अधिसूचना जारी होते ही विवाद भी खड़ा हो गया है। प्रभावित किसानों ने अलाइनमेंट को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं और रेलवे जनरल मैनेजर तक शिकायत पहुंचा दी है। ग्रामीण अब कानूनी लड़ाई की तैयारी में जुट गए हैं।




### कोर्ट जाएंगे किसान

अधिसूचना पर 30 दिन में आपत्ति दर्ज कराने का समय मिलने के बाद किसान संगठन सक्रिय हो गए हैं। दाउदखेड़ी के किसान संघ ने बैठक कर तय किया है कि सभी प्रभावित किसान एक साथ आपत्ति दर्ज कराएंगे। इसके लिए वकीलों से सलाह ली जा रही है। जीतसिंह फौजी ने कहा कि हम पहले रेलवे को आपत्ति देंगे। अगर सुनवाई नहीं हुई तो हाईकोर्ट में याचिका दायर करेंगे। हमारी मांग है कि या तो अलाइनमेंट पुराने सर्वे के हिसाब से किया जाए, या फिर बाजार दर से चार गुना मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए। किसानों का कहना है कि उनकी जमीन तीन फसल वाली है और परिवारों की आजीविका इसी पर टिकी है। अधिग्रहण से कई परिवार भूमिहीन हो जाएंगे।

### कहां से गुजरेगी नई रेल लाइन, क्या है योजना?

सिंहस्थ महापर्व के दौरान उज्जैन रेलवे स्टेशन पर यात्री और ट्रेनों का भारी दबाव रहता है। 2028 में 100 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें चलाने का अनुमान है। ऐसे में इंदौर से नागदा जाने वाली और नागदा से इंदौर आने वाली ट्रेनों को इंजन बदलने या रिवर्सल की जरूरत पड़ती है। इससे समय और संसाधन दोनों बर्बाद होते हैं। इसी समस्या से निपटने के लिए पश्चिम रेलवे निर्माण संगठन ने 189.04 करोड़ रुपये की लागत से चिंतामन से नईखेड़ी तक नया रेल बायपास बनाने का प्लान तैयार किया। यह 8.60 किमी की लाइन चिंतामन जवासिया स्टेशन के पास से शुरू होकर नईखेड़ी के पास नागदा रूट से जुड़ जाएगी। इसके बनने के बाद इंदौर-नागदा रूट की गाड़ियां बिना उज्जैन आए सीधे डायवर्ट हो सकेंगी। इससे सिंहस्थ के दौरान उज्जैन स्टेशन पर ट्रैफिक लोड करीब 30 प्रतिशत तक कम होने की उम्मीद है।

### अधिसूचना जारी, 85 सर्वे नंबर शामिल

रेल मंत्रालय द्वारा 22 मई 2026 को जारी अधिसूचना के अनुसार, इस परियोजना के लिए चार गांवों की जमीन ली जाएगी। अधिसूचना में जिन गांवों के सर्वे नंबर शामिल हैं, जिसमें ग्राम दाउदखेड़ीः 15 सर्वे नंबर, ग्राम चिंतामनः 11 सर्वे नंबर, ग्राम मोहनपुराः 22 सर्वे नंबर, ग्राम मंगरोलाः 37 सर्वे नंबर कुल मिलाकर 85 सर्वे नंबरों की जमीन अधिग्रहण के दायरे में आई है। रेलवे ने दावे-आपत्ति दर्ज कराने के लिए 30 दिन का समय दिया है।

## कलेक्टरने दिए गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में तालाबों के गहरीकरण तथा पर्याप्त जल पहुंच सुनिश्चित करने हेतु चैनल सफाई एवं जल संरक्षण के कार्य युद्ध स्तर पर किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर शिवम वर्मा एवं आयुक्त नगर निगम क्षितिज सिंघल द्वारा विभिन्न स्थलों पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा बिलावली तालाब में गहरीकरण कार्य, मोरोद-माचला चैनल सफाई कार्य, राऊ-बिलावली चैनल सफाई एवं पिचिंग कार्य तथा रालामंडल-बिलावली चैनल सफाई कार्य का जायजा लिया गया। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि चैनलों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो तथा जहां अतिक्रमण पाया जाए वहां त्वरित रिमूवल की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही तालाबों के गहरीकरण एवं जल संरक्षण से जुड़े सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

**दिन रात भर रहे सड़कों के गड्ढे**

# मानसून आने से ठीक पहले खुली नगर निगम की आंखें

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मौसम में बदलाव और बारिश का सीजन आते ही इंदौर शहर की सड़कों पर ट्रैफिक जाम और जलभराव की समस्या विकराल रूप लेने लगती है। इसी गंभीर बात को ध्यान में रखते हुए स्थानीय प्रशासन इस बार मानसून के आने से पहले ही अपनी तैयारियां बेहद तेज कर चुका है। शहर की जर्जर सड़कों को दुरुस्त करने के लिए पैचवर्क का काम युद्धस्तर पर चल रहा है और नगर निगम ने अपने सभी संबंधित मैदानी कर्मचारियों और अधिकारियों को दिनरात काम करने के निर्देश जारी किए हैं। सड़कों पर गड्ढों को भरने के साथ-साथ शहर के विभिन्न खतरनाक मोड़ों, व्यस्त चौराहों और दुर्घटना संभावित रास्तों पर भी सुरक्षा पैमानों को पहले से काफी बेहतर किया जा रहा है ताकि बारिश के दिनों में होने वाले सड़क हादसों को पूरी तरह रोका जा सके।



नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के सख्त निर्देशानुसार आगामी वषार्काल को दृष्टिगत रखते हुए पूरे शहर की क्षतिग्रस्त एवं जर्जर सड़कों पर व्यापक स्तर पर पैचवर्क कार्य का एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन के इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य बारिश के दिनों में भी शहरवासियों को सुरक्षित, सुगम एवं बाधारहित यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है। नगर निगम द्वारा इसके लिए एक ठोस कार्ययोजना निर्धारित की गई है, जिसके तहत शहर के विभिन्न प्रमुख एवं सबसे ज्यादा व्यस्ततम मार्गों पर लगातार रात-दिन गुणवत्ता पूर्ण पैचवर्क कार्य को अंजाम दिया जा रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट का निर्णय सांस्कृतिक अस्मिता को करेगा अधिक मजबूत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

हमारा भारत देश विभिन्न भाषा, धर्म और जाति समुदाय से मिलकर बना है। ऐसे में शिक्षा की दृष्टि से अगर देखा जाए, तो लगातार छात्र हित में कई परिवर्तन होते हुए दिखाई देते है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राजस्थान ने 12 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा पदम मेहता बनाम राजस्थान सरकार मामले में राजस्थानी भाषा को प्रदेश की विद्यालयी शिक्षा को चरणबद्ध रूप से शिक्षा व्यवस्था में शामिल करने संबंधी निर्देश का स्वागत किया है। इस उन्नत बदलाव को राजस्थान की सांस्कृतिक अस्मिता, मातृभाषा सम्मान और नई शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप ऐतिहासिक निर्णय बताया है। अखिल भारतीय परिषद का मानना है कि मातृभाषा में शिक्षा विद्यार्थियों के बौद्धिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास का सबसे प्रभावी माध्यम होती है।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विद्यार्थियों को उनकी मातृभाषा में अधिकार देने की बात भारतीय ज्ञान परंपरा और स्थानीय भाषाओं के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का मानना है कि राजस्थानी भाषा करोड़ों लोगों की संस्कृति, लोक साहित्य और जनजीवन की पहचान है, लेकिन लंबे समय से इसे विद्यालयी शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और शिक्षक भर्ती प्रक्रियाओं में अपेक्षित स्थान नहीं मिल पाया। राज्य सरकार को व्यापक नीति बनाने तथा प्रारंभिक स्तर पर राजस्थानी भाषा को विषय के रूप में लागू करने के निर्देश राजस्थान की भाषाई विरासत को नया सम्मान प्रदान करेंगे।

परिषद ने स्पष्ट किया कि राजस्थानी केवल एक बोली नहीं है, जिसकी विभिन्न बोलियाँ राजस्थान की सांस्कृतिक विविधता को दशार्ती हैं। अभाविप राष्ट्रीय मंत्री हर्षित ननोमा ने बताया कि परिषद ने राज्य सरकार से सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की भावना के अनुरूप शीघ्र प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने की मांग की है।

**कांग्रेस के प्रोजेक्ट एम से बदलेगी राजनीतिक तस्वीर**

# महिलाओं के लिए खुलेंगे नए रास्ते, मिलेगा राजनीतिक मंच

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्य प्रदेश कांग्रेस ने एक नई और खास पहल की शुरूआत की है। इसके तहत प्रोजेक्ट एम नाम से एक अभियान लॉन्च किया गया है, जिसका मुख्य मकसद समुदाय की महिलाओं को राजनीति से जोडना और उन्हें नेतृत्व के लिए तैयार करना है। इस कार्यक्रम को महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और जरूरी कदम माना जा रहा है।

इस प्रोजेक्ट के तहत आपसंख्यक समुदाय की महिलाओं को राजनीति की समक्ष जागरुकत और संगठन से जुटने का अवसर दिया जाएगा। इसका मकसद केवल महिलाओं को राजनीति में शामिल करना ही नहीं है, बल्कि उन्हें मजबूत नेतृत्व क्षमता के साथ आगे बढ़ाना भी है। इस पहल के जरिए महिलाओं को यह सिखाया जाएगा कि वे अपने क्षेत्र और समाज में किस तरह प्रभावी भूमिका निभा सकती है।

प्रोजेक्ट एम के जरिए महिलाओं को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और अलग अलग गतिविधियों में भाग लेने का मौका मिलेगा। इसमें उन्हें राजनीति की बुनियादी जानकारी सामाजिक मुद्दों को समझने की क्षमता और नेतृत्व कौशल विकसित करने पर जोर दिया जाएगा। इससे वे न केवल राजनीतिक रूप से जागरुक बनेगी, बल्कि फैसले लेने की प्रक्रिया में भी अपनी भूमिका निभा सकेंगी। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि समाज में महिलाओं की भागीदारी जितनी अधिक होगी, लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। खासकर अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को आगे लाकर समाज में संतुलन और समान अवसर सुनिशित किए जा सकते हैं।

**किसानों से अब तक 1.4 करोड़ मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया, 24 हजार करोड़ रुपये का किसानों को किया जा चुका है भुगतान**

# मध्यप्रदेश ने गेहूं उपार्जन में नया रिकॉर्ड बनाया : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रदेश में सबसे लम्बे समय तक गेहूं खरीद की व्यवस्था की गई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने इस वर्ष गेहूं उपार्जन में अपने सभी लक्ष्य हासिल करते हुए नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। प्रदेश में किसानों से अब तक रिकॉर्ड 1.4 करोड़ मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। राज्य सरकार ने गेहूं उत्पादक किसानों को 2585 रुपये न्यूनतम समर्थन मूल्य और प्रति क्विंटल 40 रुपए बोनस का लाभ दिया है। किसानों को 2625 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं का भुगतान किया। अब तक किसानों को गेहूं उपार्जन की 24 हजार करोड़ राशि दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में आज वीडियो संदेश के माध्यम से ये जानकारी दी।



### किसानों की संख्या के मामले में देश का अग्रणी राज्य बना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गेहूं खरीदने के लिए किसानों की संख्या के मामले में मध्यप्रदेश देश का अग्रणी राज्य बन चुका है। प्रदेश में इस वर्ष गेहूं की पैदावार बढ़ी है। देश में सर्वाधिक गेहूं उत्पादन वाले राज्यों में पंजाब के बाद मध्यप्रदेश दूसरे स्थान पर है। मध्यप्रदेश सर्वाधिक लंबे समय तक गेहूं खरीद की व्यवस्था लागू करने वाला एकमात्र राज्य है।

### सरकारी खरीद के लिए पंजीयन कराने वाले सभी किसानों का गेहूं गोदामों तक पहुंचा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छोटे और मध्यम श्रेणी के किसानों से पहले गेहूं खरीदा गया। यह व्यवस्था प्रदेश में पहली बार लागू की गई। छोटे किसानों से अब तक लगभग 32.72 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। इसके बाद बड़े किसानों को अपनी उपज बेचने का अवसर मिला। अब तक लगभग पौने 14 लाख किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कर लिया गया है। सरकारी खरीद के लिए पंजीयन कराने वाले सभी किसान भाई-बहनों का गेहूं गोदाम तक पहुंच चुका है।

### सरकार किसानों के लिए अनेक जन हितैषी निर्णय ले रही



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति और विश्व में उत्पन्न विषम परिस्थितियों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने किसानों के हितों को सर्वोपरि रखा है। इस कठिन दौर में भी रिकॉर्ड गेहूं खरीदी की गई है। राज्य सरकार किसानों के लिए अनेक जन हितैषी निर्णय ले रही है। अन्नदाता भाई-बहनों की बेहतरी के लिए राज्य सरकार ने यह पूरा वर्ष कृषक कल्याण को समर्पित किया है। प्रदेश का हर किसान समृद्ध और खुशहाल हो, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, फसल उत्पादन और फूड प्रोसेसिंग से किसानों की आय में वृद्धि हो, यह हमारी प्रतिबद्धता है।

न्यूज कालम



## जनउपयोगी लोक अदालत हर माह के अंतिम शनिवार को लगेगी

**सनावद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निदेर्शानुसार स्थाई जनउपयोगी लोक अदालत माह के अंतिम शनिवार को लगती है जिसके संबंध में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया न्यायधीश योगेश चालीसा एवं न्यायाधीश आकांक्षा गर्ग जी ने स्थाई जनउपयोगी लोक अदालत के बारे बताया की स्थाई लोक अदालत में राजिनामा होता है यहाँ किसी की जीत और किसी की हार नही होती दोनों पक्षों में मधुर संबंधों के बीच आपसी राजीनामे होते है और प्रकरण को समाप्त किया जाता है स्थाई लोक अदालत मे राजीनामे योग्य प्रकरणों में राजीनामे होते है और जो कोर्ट फीस लगती है वह पुनः वापिस हो जाती है। प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को स्थाई लोक में आप सभी अपने प्रकरणों को समाप्त कर लाभ ले सकते हैं स्थाई लोक अदालत में वही प्रकरणों में राजीनामा होगा जो प्रकरण राजीनामे योग्य हैं उनका निपटारा हो जाता हैं शिविर में संतोष खन्ना व न्यायालय खंड पीठ सदस्य रविन्द्र अम्बिया मौजूद थे।

## भागचंद जैन को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी ने सम्मानित किया



**सनावद।** लायंस इंटरनेशनल मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी - 1 की 9 वीं डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस याराना का आयोजन इंदौर में किया गया। कॉन्फ्रेंस में नवनिर्वाचित जीएमटी कोऑर्डिनेटर ला.अनिता भागचंद जैन को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी ने सम्मानित किया। त्रिपाठी ने जैन की उत्कृष्ट सेवा गतिविधियों की सराहना की और कहा कि इसके पूर्व जैन ने लायंस क्लब के झोन चेयरपर्सन,रीजन चेयरपर्सन,डीएलएलआई, जीईटी कॉर्डिनेटर, एलसीआईएफ कोऑर्डिनेटर एवं जीएमटी कोऑर्डिनेटर के रूप में लायंस क्लब के विस्तार और क्लब के आदर्शों के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण,नारी सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन, बालिका शिक्षा और जरूरतमंद लोगों की मदद जैसे अनुकरणीय कार्य किए हैं। कॉन्फ्रेंस में लायंस क्लब के इंटरनेशनल एंडोर्सी ला.कुलभूषण मित्तल,पीआईडी ला.कमलेश जैन,प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राम जाट, द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राजेंद्र सोडानी लायंस क्लब सनावद के अध्यक्ष भागचंद जैन सचिव विपिन गुप्ता रेणुका गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लायंस पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## जिले में सुचारू पेयजल आपूर्ति व पारदर्शी खाद वितरण हेतु बैठक

**बड़वानी।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागृह में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सहकारिता, कृषि, मार्कफेड, राजस्व और नगरीय निकायों के अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने खाद वितरण, पेयजल आपूर्ति, जल गंगा संवर्धन अभियान और जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की। उन्होंने कृषि और मार्कफेड विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि लक्ष्य के अनुसार खाद का सुचारू वितरण सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी प्राइवेट डीलर के पास खाद उपलब्ध नहीं है, तो वहां पहुंचने वाले किसानों को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ऐसे किसानों का तुरंत ई-टोकन जनरेट किया जाए। ई-टोकन जनरेट कर किसानों को मार्कफेड के संबंधित डबल लॉक केंद्रों पर डायवर्ट किया जाएगा, ताकि उन्हें समय पर खाद मिल सके।

## अहिल्याबाई जयंती पर 31 को सम्मान समारोह आयोजित

**उज्जैन।** अभा चंद्रवंशीय निखर क्षत्रिय पूरबिया गारी समाज योगीपुरा की ओर से 31 मई को देवी अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती के अवसर पर भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। आयोजन के दौरान समाज के उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, साथ ही अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल की है। यह कार्यक्रम बैकुंठ धाम मंदिर धर्मशाला, हरसिद्धि मंदिर चौराहा, उज्जैन में आयोजित होगा। समारोह का समय सुबह 10 बजे से रखा गया है। जानकारी मूलचंद सागर ने दी।

## हम परिवार ने इतनी शक्ति हमें देना दाता से की शुरूआत

**उज्जैन।** स्वर साधना म्यूजिकल ग्रुप (हम) संस्था के कलाकारों ने कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में मेरे गीत प्रेम गीत के चलते गुरुवार शाम को बेहतर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पं. हेमंत व्यास और कपिल यार्दे का संस्था सदस्यों ने सम्मान किया। सुरमई शाम में प्रेम गीतों के नग्में शहर के मधुर गायकों और गायिकाओं द्वारा प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरूआत हम परिवार द्वारा इतनी शक्ति हमें देना दाता मन का विश्वास और कमजोर होना से किया। इसके बाद बारी-बारी से संस्था के सभी कलाकारों ने अपनी अपनी बेहतर प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

## रोजगार मेले में 342 का प्रारंभिक चयन

**उज्जैन।** युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय द्वारा प्रतिमाह रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है रोजगार मेला शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) परिसर में आयोजित किया गया। मेले में 15 कंपनियों द्वारा 350 रिक्त पदों के लिए 470 युवक-युवतियों का पंजीयन कराया गया, जिनमें से 342 युवक-युवतियों का प्रारंभिक चयन किया गया। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 138 आवेदकों को कॅरियर मार्गदर्शन दिया गया। आईटीआई से 27 युवाओं का अप्रेंटिसशिप में चयन किया गया।

नेपानगर विधानसभा को 3 करोड़ 8 लाख की सौगात :

# सांसद ज्ञानेश्वर पाटील और विधायक मंजू दादू ने किया भूमिपूजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



नेपानगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम माँजरोदखुर्द में शुक्रवार को 3 करोड़ 8 लाख 95 हजार रुपए की लागत वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ। खण्डवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, नेपानगर विधायक मंजू राजेन्द्र दादू, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप जाधव की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ।

**सड़क और खेल मैदान को मिलेंगे करोड़ों**

माँजरोद से सुसुरखेड़ा मार्ग निर्माण*: लागत 2 करोड़ 28 लाख 95 हजार रुपए। लगभग ढाई किलोमीटर लंबा यह सड़क मार्ग कई ग्रामीण इलाकों को जोड़ेगा।

ग्राम माँजरोदकलाँ में खेलकूद मैदान निर्माणः लागत 80 लाख रुपए। युवाओं और खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधा मिलेगी। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान और युवाओं के कल्याण के लिए लगातार विकास कार्य हो रहे हैं।

सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, शिक्षा, खेल और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक मंजू राजेन्द्र दादू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रही है।

सड़क और खेल मैदान जैसे कार्य ग्रामीण विकास को नई दिशा देंगे और युवाओं का भविष्य मजबूत करेंगे। माँजरोद से सुसुरखेड़ा सड़क बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी, बारिश में राहत मिलेगी और किसानों को कृषि उपज के परिवहन में आसानी होगी।

विधायक मंजू दादू ने कहा कि माँजरोदकलाँ का खेल मैदान क्षेत्र के युवाओं और खिलाड़ियों के लिए विशेष सौगात है। इससे ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और युवा खेल गतिविधियों से जुड़कर अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे।

उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कहा कि विधायक मंजू दादू के नेतृत्व में नेपानगर विधानसभा में विकास कार्यों की गति लगातार बढ़ रही है। आने वाले समय में क्षेत्र को और भी विकास कार्यों की सौगात मिलने वाली है।

भूमिपूजन में भाजपा वरिष्ठ नेता किशोर नाना पाटील, जिला पंचायत सदस्य अशोक पटेल, जनपद पंचायत खकनार सदस्य गजाधर बेड़िया, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल जाधव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश चौकसे, मनोज टंडन, मंडल अध्यक्ष महेंद्र जोगी, सोनू भावसार, आनंद यादव, ग्राम पंचायत सरपंच-सचिव सहित जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बुरहानपुर में सिंधी भाषा प्रशिक्षण शिविर, बच्चे सीख रहे मातृभाषा लिखना-पढ़ना-बोलना

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग और सिंधी साहित्य अकादमी के सहयोग से बुरहानपुर में सिंधी भाषा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस और सिंधी समाज अध्यक्ष बलराज नावानी के सहयोग से चल रहे इस शिविर की शुरूआत एक सप्ताह पहले हुई और यह जून माह के अंत तक संचालित होगा।

शिविर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे अपनी मातृभाषा सिंधी को लिखना, पढ़ना और बोलना सीख रहे हैं। 75 वर्षीय सेवानिवृत्त प्राध्यापक श्री अशोक मंजवानी गुरूजी बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं।

आयोजकों ने कहा कि यह शिविर सिंधी भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण और नई पीढ़ी को मातृभाषा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रहा है। बच्चों की बढ़ती भागीदारी से स्पष्ट है कि नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ने के लिए उत्साहित है।

## पुलिस ने अवैध हथियार बनाने वालों पर नदी किनारे कार्रवाई करते हुए दबीश दी



**खरगोन।** पुलिस ने अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम सिगनूर में रूपा नदी किनारे दबिश दी। थाना गोगावां और सनावद पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके से 5 सिकलीगर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 9 देशी पिस्टल, 2 देशी कट्टे सहित हथियार बनाने का भारी सामान जब्त किया है। जब्त मशरुके की कुल कीमत करीब 2.75 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को अवैध हथियार बनाते पकड़ा गया। सभी आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रविंद्र वर्मा के निर्देशन में की गई।

## कलेक्टर ने एक व्यक्ति को किया जिला बदर

**बड़वानी।** जिला दण्डाधिकारी बड़वानी श्रीमती जयति सिंह ने पुलिस रिपोर्ट के आधार पर एक व्यक्ति को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला बदर किया है। जिला बदर की अवधि में यह व्यक्ति राजस्व सीमा बड़वानी एवं उसके समीपवर्ती जिले धार, झाबुआ, अलिराजपुर, खरगोन, खण्डवा, बुरहानपुर, की राजस्व सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे । जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला दण्डाधिकारी ने ग्राम बड़गांव तहसील बड़वानी निवासी कालू उर्फ विकास पिता किशोर पांचाल को 4 माह के लिए जिला बदर किया है ।

## रिंगनोद के मुस्लिम समाज ने भी गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का दिया ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



गौ माता राष्ट्रीय पशु घोषित हो इसके लिए जावरा में मुस्लिम समाज ने ज्ञापन देकर इसकी पहल प्रारंभ की थी कि इसके पश्चात रिंगनोद क्षेत्र में समाजजन ने गाय माता को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने के लिए थाना प्रभारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया ।वहीं पश्चिम बंगाल के सीएम के बयान का कड़ा विरोध भी दर्ज करवाया।

जानकारी में बताया कि रिंगनोद मुस्लिम समाज ने शुक्रवार को थाना प्रभारी के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया ।जिसमें गौ माता को राष्ट्रीय पशु एवं गौ रक्षा के लिए कड़े कानून बनाने की मांग की गई। देश के करोड़ों भारतीयों की आस्था की प्रतीक गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करना गो तस्करी गौ हत्या एवं गाय को चोट पहुंचाने वालों के लिए आजीवन करावास हो। इसके प्रकरण के लिए फास्ट ट्रैक कोट बनाई जावे ।इसके साथ ही पश्चिम बंगाल सीएम सुभेद्र अधिकारी ने कहा कि 14 साल से ज्यादा उम्र की गाय माता को बेच सकते हैं। इस बयान का समाज ने विरोध किया। गांव के मुस्लिम समाज ने इस बात की शपथ भी ली कि गांव में कोई भी गो तस्करी नहीं होने देगा। गौशाला में चारा पानी व सेवा के लिए समाजजन तत्पर रहेंगे।

इस मौके पर रिंगनोद सीरत कमेटी सदर अफजल भाई, मुजफ्फर खान, पूर्व सदर मोहम्मद हुसैन खान, सरपंच युसूफ अजीज खान, फिरोज मेंव, मुस्ताक मेंव, समीर खान, असलम मेंव, एजाज शाह, इरफान शाह ,जब्बार आदि बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय पंजा कुश्ती में भाग लेने जिले के तीन खिलाड़ी गांधीनगर गुजरात के लिए रवाना

**बड़वानी।** बड़वानी जिला पंजा कुश्ती संघ के तत्वाधान में विगत माह में जिले से भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में भाग ले कर तीन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ। जिसमें ऋग्वेद धारसे 50 किलोग्राम वजन, जूनियर वर्ग पहली बार एवं यश डुडवे 85 किलोग्राम वजन, सीनियर वर्ग दूसरी बार राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे वही मनोज पटेल 85 किलोग्राम वजन दिव्यांग वर्ग में 2016 से निरन्तर अपने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए अब तक राष्ट्रीय स्तरीय पंजा कुश्ती में 2 गोल्ड, 8 सिल्वर एवं 3 ब्रांच मेडल जीत सहित दो बार विदेश रोमानिया व दुबई में क्रमशः 8 वा व 5 वा स्थान प्राप्त कर चुके हैं। परन्तु अब उनका लक्ष्य अंतरास्ट्रीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में देश के लिए गोल्ड मेडल लाने का सतत प्रयास कर रहे हैं। इस वर्ष राष्ट्रीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता 2026 गांधीनगर गुजरात 29 मई से 2 जून तक आयोजित होने जा रही हैं। जिला बड़वानी पंजा कुश्ती संघ सचिव पटेल ने बताया कि इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी इसी वर्ष अपने ही भारत देश में होने जा रही वर्ल्ड आर्म रेसलिंग चौंपियनशिप में भाग लेंगे। जिला पंजा कुश्ती संघ, पंजा कुश्ती फैंस क्लब,श्री बजरंग व्यायाम शाला व फिटवेल जिम के सदस्यों ने खिलाड़ियों को अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## सैनिकों को दी आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग

**उज्जैन।** एनसीसी के 10दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी) के अष्टम दिवस सम्राट विक्रमादित्य विश्व विद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संस्थान में गुरुवार को छात्र सैनिकों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत छात्र सैनिकों ने प्राथमिक उपचार देना, सीपीआर देना, पट्टी करना, डूबने पर बचाव करना, अग्नि के प्रकार एवं श्रेणी, बुझाने के उपाय, भूकंप की स्थिति अथवा भूस्खलन की स्थिति में त्वरित कार्यवाही एवं विशिष्ट उपकरणों के प्रयोगों को जाना। जनसंपर्क प्रभारी लेफ्टिनेंट संकल्प मिश्रा ने बताया इस अवसर पर सूबेदार मेजर हनुवंत सिंह ने स्मृति चिह्न प्रदान किया।



## भोपाल कॉपोर्रेशन को पराजित कर एनबीए इंदौर चैंपियन

**उज्जैन।** महानंदानगर स्थित बास्केटबॉल एरिना में आयोजित अस्मिता मध्य प्रदेश राज्य बास्केटबॉल सब जूनियर बालिका वर्ग चैंपियनशिप 2026 का फाइनल मुकाबला एनबीए इंदौर और भोपाल कॉपोर्रेशन के बीच खेला गया। इसमें एनबीए इंदौर ने 44-33 के स्कोर से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन और उज्जैन कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में हुई। संगठन की सचिव ऋतु शर्मा के अनुसार पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव कुलविंदर सिंह गिल थे। अध्यक्षता सिम्मी यादव, डिप्टी कलेक्टर व उप प्रशासक, महाकाल प्रबंधन समिति ने की। विशेष अतिथि के गौरव यादव और पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी शैलेंद्र टाइटस थे। फाइनल मुकाबला पूरे समय रोमांचक रहा। तेज खेल दिखाते हुए एनबीए इंदौर ने शुरूआत से बढ़त बनाई और दबाव के बीच निर्णायक क्षणों में बेहतर प्रदर्शन कर भोपाल कॉपोर्रेशन को पराजित किया। अतिथियों का स्वागत संगठन की अध्यक्ष ज्योति शर्मा, मनीषा पंवार, प्रगति जैन, अर्चना टाइटस और मनीष धनौरिया ने किया।

ग्लोबल स्टैंडर्ड पर तैयार हो रहे विक्रमादित्य के इंजीनियर्स

## प्रो. भारद्वाज की पहल से छात्र सीख रहे इंडस्ट्री की बारीकियां

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता और व्यावहारिक दक्षता को नया आयाम देते हुए सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के 'स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी' के छात्रों ने देवास स्थित प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाई 'फ्लूइडोमेट लिमिटेड' का शैक्षणिक भ्रमण किया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज के मार्गदर्शन में आयोजित इस उच्चस्तरीय दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कक्षा में सीखी गई जटिल इंजीनियरिंग अवधारणाओं को वास्तविक और आधुनिक औद्योगिक परिवेश में क्रियान्वित होते हुए दिखाना था, ताकि वे भविष्य की वैश्विक चुनौतियों के लिए पूरी तरह सक्षम बन सकें।

इस ज्ञानवर्धक भ्रमण के दौरान छात्रों ने फ्लूइडोमेट लिमिटेड की अत्याधुनिक उत्पादन इकाइयों ,गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं और रोबोटिक व मशीनीकृत संचालन को बारीकी से समझा। वहां मौजूद देश के अनुभवी और वरिष्ठ इंजीनियरों ने छात्रों को हाइड्रोलिक कपलिंग और ट्रांसमिशन तकनीक की बारीकियों व उनके लाइव ऑपरेशन्स से रूबरू कराया, जो छात्रों के लिए एक व्यावहारिक अनुभव रहा।

विश्वविद्यालय के छात्रों को वैश्विक कार्य-दक्षता और कौशल से जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण दौरे पर मार्गदर्शन देते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि "आज के दौर में सैद्धांतिक ज्ञान अपनी जगह महत्वपूर्ण है, लेकिन वास्तविक व्यावहारिक अनुभव और इंडस्ट्री का एक्सपोजर ही छात्रों को एक सफल व वैश्विक स्तर का इंजीनियर बनाता है। हमारा मुख्य ध्येय विश्वविद्यालय के छात्रों को केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि उन्हें आज की वैश्विक दक्षता और मांग से जोड़ना है। फ्लूइडोमेट लिमिटेड जैसे उच्च तकनीकी उद्योगों का यह दौरा हमारे छात्रों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर साबित होगा, जिससे वे कॉर्पोरेट और कोर-इंजीनियरिंग सेक्टर की बदलती जरूरतों को समझकर खुद को देश-विदेश के अग्रणी उद्योगों के अनुकूल तैयार कर सकेंगे।

"संस्थान के इस अभिनव प्रयास पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि ऐसे औद्योगिक भ्रमणों से विद्यार्थियों को इंडस्ट्री की वास्तविक कार्यशैली और वहां के कड़े अनुशासन का प्रत्यक्ष अनुभव मिलता है, जिससे उनका विजन बड़ा होता है। हम भविष्य में भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों के साथ ऐसे संवाद और दौरों का सिलसिला जारी रखेंगे। वहीं 'स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी' के निदेशक डॉ. संदीप तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन का निरंतर यह प्रयास है कि हमारे छात्र किताबी दायरे से बाहर निकलकर सोचें।

इस आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने फ्लूइडोमेट लिमिटेड के प्रबंधन के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया, जिन्होंने भावी राष्ट्र निमार्ताओं को अपने परिसर में सीखने का सुनहरा अवसर प्रदान किया।

## सम्मान और भावुक माहौल के बीच राजेंद्र खरे को दी विदाई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ देपालपुर



जनपद पंचायत देपालपुर सभागार में खंड पंचायत अधिकारी राजेंद्र खरे की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके लंबे प्रशासनिक अनुभव, कार्यशैली और सहज व्यवहार की सराहना करते हुए भावपूर्ण विदाई दी।

समारोह में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि गुमानसिंह पंवार, जनपद उपाध्यक्ष मोहनलाल ननवाना और जनपद पंचायत सीईओ पूजा मालाकार, जितेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र गांगले, अजय जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि राजेंद्र खरे ने अपने कार्यकाल के दौरान पंचायत व्यवस्था को मजबूत बनाने और ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी कार्यनिष्ठा और व्यवहार हमेशा याद रखा जाएगा।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत सदस्य, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सहायक यंत्री, सेक्टर अधिकारी, उपयंत्री, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, मनरेगा स्टाफ, एनआरएलएम स्टाफ सहित जनपद पंचायत का समस्त अमला उपस्थित रहा। सभी ने पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके सुखद एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

इस अवसर पर देपालपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष संदीप सेन, अजय जैन, अनिल बाजपेयी और रमेशचंद्र सोलंकी ने भी शाल-श्रीफल भेंट कर राजेंद्र खरे का सम्मान किया। समारोह के दौरान कई कर्मचारी भावुक नजर आए और सभी ने उनके साथ जुड़े अनुभव साझा किए।

## कलेक्टर ने 2 लोगों को थाने पर उपस्थिति के दिये आदेश

**बड़वानी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती जयति सिंह ने पुलिस अधीक्षक श्री पदमविलोचन शुक्ल की रिपोर्ट में जिला बदर की कार्यवाही हेतु प्रस्तावित 2 व्यक्तियों को 3 माह एवं 4 माह तक संबंधित पुलिस थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने हेतु आदेशित किया है। कलेक्टर कार्यालय बड़वानी से प्राप्त जानकारी अनुसार अनावेदक सायरनाका कुआ अंजड़ निवासी ओमप्रकाश उर्फ गुड्डु पिता जगदीश कुमरावत पुलिस थाना अंजड में अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे। इसी प्रकार आजाद नगर अंजड़ निवासी जितेन्द्र पिता जगदीश देवका भील को पुलिस थाना अंजड़ में अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे। आदेश में उल्लेखित किया गया है कि यदि अनावेदक उपरोक्त निर्धारित तिथियों में कही जाता है तो उसकी सूचना संबंधित थाना प्रभारी को पूर्व से ही देंगे। आदेश का उल्लेघन करने पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जावेगी।

## न्यूज -कॉलम

### एनसीसी कैडेट्स ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर



**उज्जैन।** भारत सरकार गृह मंत्रालय के अधीन नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी द्वारा उज्जैन जिले में युवा आपदा मित्र योजना सत्र आयोजित किया जा रहा है। जिसमें 800 आपदा मित्रों को प्रशिक्षित करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सत्र के तीसरे चरण 19 से 26 मई तक आलोक इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में 10 एमपी एनसीसी बटालियन के 300 कैडेट्स शामिल हुये। जिन्हे लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कुमार के मार्गदर्शन में युवा आपदा मित्र योजना में सात दिनों तक बाढ़, भूकंप, आगजनी और मेडिकल इमरजेंसी के साथ अन्य आपदाओं से निपटने के गुर एसडीआरएफ उज्जैन टीम के कुशल प्रशिक्षक द्वारा सिखाएं गये। जिला सेनानी होमगार्ड संतोष जाट ने बताया जिले में कुल 800 युवा आपदा मित्र तैयार किया जा रहे हैं, आपदा मित्र प्रशिक्षण के बाद धार्मिक नगरी के पर्व, त्यौहारों पर महत्वपूर्ण आयोजनों में अपनी सेवा देगें। युवा आपदामित्रों का सहयोग आगामी सिंहस्थ 2028 में क्षिप्रा के घाटों, सुरक्षा के साथ क्राउड मैनेजमेंट के संपादन में भी लिया जायेगा।

### मैकेनिकगिरी पडी भारी, युवक की कटी उंगलियां

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम जैथल टेक में शुक्रवार शाम युवक को मैकेनिक बनना भारी पड़ गया। उसकी एक हाथ की 2 उंगलिया पूरी तरह से कटकर अलग हो गई। परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। इस दौरान घायल युवक का नाम विशाल पिता देवसिंह 23 साल सामने आया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के रैफर कर दिया। परिजन निजी अस्पताल लेकर गये है। इस दौरान सामने आया कि विशाल घर पर बाइक सुधार रहा था। उसने स्टार्ट बाइक की चैन में हाथ से ग्रीस लगाने का काम किया इस दौरान चैन तेजी से घूम रही थी। उसकी दो उंगलियां चैन में फंस गई और कटकर अलग हो गई। परिजनों ने बताया कि 2 दिन से बाइक सुधारने की बात कह रहा था। उसे गैरेज पर ठीक कराने के लिये कहा था, लेकिन वह नहीं माना।

### दरवाजा बंदकर जहर खाने वाले वृद्ध की मौत

**उज्जैन।** दरवाजा बंदकर जहरीला पदार्थ खाने वाले वृद्ध की उपचार के दौरान गुरूवार-शुक्रवार रात आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया गया। मृतक राजेन्द्र पिता जगमोहन चौहान 52 साल निवासी दुर्गापुरा तराना का रहने वाला था। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि फैक्ट्री में काम करते थे, लेकिन 2 साल से काम पर नहीं जा रहे थे। गुरूवार सुबह दरवाजा बंद कर लिया था। काफी देर तक नहीं खोला तो बमुश्किल आसपास के लोगों को बुलाकर दरवाजा तोड़ा गया, राजेन्द्र बेसुध हालत में पडे थे। चिमनगंज थाना पुलिस के अनुसार घटनाक्रम तराना थाना क्षेत्र का होने पर मर्ग डायरी जांच के लिये भेजी जायेगी।

### विवाद होने पर पति ने ताल-घूसों से पत्नी को पीटा

**उज्जैन।** ग्राम गुडावन में रहने वाली भावना मजदूरी का काम करती है। उसे सोसाइटी से गेहूं मिले थे। शाम को भावना काम से लौटी तो घर में रखे गेहूं दिखाई नहीं दिये। पति सेवाराम से पूछा तो उसने बेचने की बात कहीं। भावना ने गेहूं बेचने का विरोध किया और बच्चों को क्या खिलाने की बात कहीं तो पति सेवाराम भड़क गया। उसने लात-घूसों से भावना को बुरी तरह पीट दिया। घायल हालत में बच्चों के साथ भावना बिरलाग्राम थाने पहुंची। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के बाद पति पर मारपीट करने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। एक अन्य मामले में तराना के ग्राम दुबली में रहने वाली सुनीता को पति संजू ने इंट से हमला कर घायल कर दिया। सुनीता को तराना अस्पताल से उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। जहां सुनीता ने बताया कि पति शराब पीने का आदी है। नशा कर घर आया था और पानी मांगने की बात पर विवाद करते हुए ईंट से मारपीट की। तराना पुलिस सुनीता के बयान दर्ज कर पति के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

### ठंडा खाना खिलाने पर विवाद

**उज्जैन।** इंगोरिया के ग्राम नरसिंगा में दरबारसिंह पिता आशाराम गुर्जर ग्राम खरसोड़ा गौतमपुरा इंदौर सावंरिया रेस्टोरेंट संचालित करता है। शुक्रवार को गौतमपुरा के परिचित ईश्वर पिता दरियावसिंह सोलंकी, रघुपालसिंह पिता श्रवण और कृष्णपाल पिता कुशालसिंह पहुंचे। इस दौरान दाल-बांटी ठंडी खिलाने की बात पर तीनों ने विवाद करते हुए मारपीट कर दी। रेस्टोरेंट संचालक दरबारसिंह के साथ रघुपाल, कृष्णपाल घायल हो गये। दोनों पक्ष थाने पहुंचे, तो पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 136-0 | 399-1 |
| मेन बाजार | 378-8 | 470-1 |
| कल्याण नाइट | 239-4 | 267-5 |
| मिलन डे | 137-1 | 249-5 |
| मिलन नाइट | 237-2 | 258-5 |
| मधुर डे | 446-4 | 266-4 |
| मधुर नाइट | 110-2 | 790-6 |
| शुभांक | 2 4 | 5 |

# मिशो ऑफिस में युवक की चाकू मारकर हत्या

## सीसीटीवी कैमरे में चाकू के साथ दिखे 2 आरोपी हिरासत में



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बाइक हटाने की बात पर विवाद होने के बाद 2 युवकों ने चाकू मारकर एक युवक की हत्या कर दी। घटनाक्रम सामने आने के कुछ घंटो बाद दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। दोनों सीसीटीवी कैमरे में चाकू के साथ दिखाई दिये थे।

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि विघानगर में रहने वाले मोनू पिता सुनील खैरवार 25 साल डिलेवरी बॉय का काम करता था। क्षेत्र में खुदाई का काम चल रहा था। जिसके चलते उसने दोपहर में अपनी बाइक घर की गली में अरूण इंटरप्राइजेस मिशो कंपनी के ई-काट ऑफिस के सामने खडी कर दी थी। इस दौरान बाइक हटाने की बात पर रितेश बौरासी और निर्मलसिंह उर्फ बिट्टू राजपूत निवासी विघानगर से उसका विवाद हो गया। मोनू ने अपनी बाइक हटा ली थी, लेकिन दोनों गाली-गलौच करने लगे। मोनू दोनों को समझाने के लिये ई-कार्ट के ऑफिस तक पहुंचा, जहां धक्का-मुक्की हो गई। तीनों विवाद करते हुए आफिस गेट से अंदर चले गये, जहां दोनों ने मोनू पर चाकू से हमला किया। चाकू का एक वार कंधे के नीचे बंगल में लगा। चाकू मारने के बाद रितेश और निर्मल भाग निकले। लहूलुहान हो चुका मोनू काफी देर तक मिशो ऑफिस के गेट पर पडा रहा। खून अधिक बहने से पूरा गेट परिसर खून से भर गया। मोनू के साथ हुई चाकूबाजी की खबर परिजनों को लगी तो मौके पर पहुंचे। उसे नागदा ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर रतलाम मेडिकल कॉलेज रैफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी पाटीदार के अनुसार मामले में खुदाई का काम कर रहे जेसीबी चालक पिंटू पिता लालू गरासिया निवासी संकोटा तराना की शिकायत पर पहले जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया गया, जिसे बाद में हत्या में बदला गया है।

**कैमरे में चाकू के साथ दिखे दोनों आरोपी**

थाना प्रभारी ने बताया कि घटनाक्रम के बाद मोनू की हत्या करने वाले आरोपी अज्ञात थे। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे तो हत्या करने वाले 2 आरोपी दिखाई दिये। एक चाकू हाथ में लेकर बाहर निकला था, जो चाकू को फोड़ कर बंद करके जेब में रखा और दोनों भागते दिखाई दिये। फुटेज से दोनों की पहचान कर कुछ घंटों बाद हिरासत में ले लिया गया। जिनसे पूछताछ कर चाकू बरामद करने का प्रयास जारी है। शनिवार को न्यायालय में पेश किया जायेगा।

# चलती ट्रेन में चढ़ते समय गिरे बुजुर्ग की मौत

**उज्जैन।** प्लेटफार्म नम्बर 1 पर चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते समय शुक्रवार दोपहर गिरे वृद्ध की मौत हो गई। आधार कार्ड से पहचान होने पर महाराष्ट्र में रहने वाले परिजनों को सूचना दी गई है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि दोपहर में प्लेटफार्म नम्बर 1 पर दोपहर में बिकानेर-भगत की कोठी एक्सप्रेस ट्रेन पहुंची थी। जो कुछ देर के स्टापेज के बाद अपने गतंव्य के लिये रवाना हुई। तभी चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा बुजुर्ग व्यक्ति अचानक गिर गया और पटरियों के बीच चला गया। हादसा देख आरपीएफ का स्टॉफ प्लेटफार्म पर पहुच गया था। बुजुर्ग को पटरियों से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। आधार कार्ड मिलने पर सामने आया कि मृतक बुजुर्ग का नाम द्वारकादास पिता जगदेव बाकोडे 72 साल निवासी नीमगांग नांदूरा बुलढाना महाराष्ट्र है। रेलवे अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करने पर सामने आया कि ट्रेन के एस-4 कोच में भगत की कोठी से नांदूरा की यात्रा कर रहे थे। सीट नम्बर 55 था। उनके साथ 8-10 यात्री ओर थे। जिनका मोबाइल नम्बर मिलने पर उन्हे जानकारी दी गई। मामले की सूचना परिजनों को दी गई है। जिनके आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। घटनाक्रम के चलते ट्रेन को 5 मिनट की देरी से गतंव्य के लिये रवाना किया गया। दो दिन में दूसरा हादसा- चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते समय गिरने का 2 दिन में दूसरा मामला सामने आया है। एक दिन पहले प्लेटफार्म नम्बर 6 पर ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा युवक सागर पिता मनोहरलाल पंवार इंदौर-बिलासपुर ट्रेन से गिर गया था। उसका एक पैर कटने से मौके पर मौत हो गई थी। मृतक ताल का रहने वाला था और देवास से ट्रेन में सवार हुआ था। उज्जैन स्टेशन पर स्टापेज होने पर सामान लेने नीचे उतारा था।

# लाल फीती लगते ही 31 आरक्षक बने प्रधान आरक्षक

## पुलिस लाइन में आयोजित हुआ सम्मान सामारोह

**उज्जैन।** पुलिस विभाग में लम्बे समय से आरक्षक के रूप में सेवा दे रहे 31 पुलिसकर्मियों को शुक्रवार पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में लाल फीती लगाकर प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी को साइड बैज लगाकर शुभकामना दी।

पुलिस लाइन से जिले में पुलिस थानों पर आरक्षक के रूप में सेवा दे रहे 31 पुलिस कर्मियों को शुक्रवार सुबह कार्यवाहक प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया। लाइन में आयोजित सम्मान समारोह में पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने सभी आरक्षकों की बांह पर साइड बैज लाल फीती लगाई और मिठाई खिलाकर शुभकामना दी। पुलिस अधीक्षक ने सभी को नई जिम्मेदारी का निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करने का संदेश देते हुए उन्होने कहा कि पुलिस विभाग में पदोन्नति केवल सम्मान नहीं, बल्कि जनसेवा की जिम्मेदारी के साथ बडी हुई जवाबदेही का प्रतिक है। सम्मान समारोह में एक प्रधान आरक्षक को कंधे पर एक स्टार लगाकर एएसआई के रूप में पदोन्नत किया गया। कार्यक्रम में भावुक पल भी सामने आया। पुलिस अधीक्षक ने दिवंगत एसआई मदनलाल निनामा के पुत्र जितेन्द्र निनामा को एएसआई के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई। दिवंगत एसआई उन्हेल थाने पर



पदस्थ थे और 6 सितंबर 2025 को अपराध संबंधित मामले में थाना एसओ और महिला पुलिसकर्मी के साथ चिंतामण क्षेत्र जा रहे थे। उसी दौरान बडे पुल से कार अनियंत्रित होने के बाद क्षिप्रा नदी में गिर गई थी। वह मूलरूप से सैलाना रतलाम के निवासी थे। पुलिस अधीक्षक ने दिवंगत एसआई के पुत्र को स्टार लगाकर नियुक्ति आदेश सौंपा।

### 11 पुलिसकर्मियों को मिला उत्कृष्ट सेवा पदक

पुलिस विभाग में निरंतर कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और अनुकरणीय समर्पण के साथ उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले 11 पुलिसकर्मियों को केंद्रीय गृहमंत्री अति उत्कृष्ट सेवा पदक तथा उत्कृष्ट सेंवा पदक से नवाजा गया है। पदक प्राप्त करने वालों में पुलिस अधीक्षक स्टेनो शाखा के एएसआई बाबूलाल वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय के एएसआई शरदसिंह जादौन, एएसपी शहर कार्यालय पूर्व प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्रसिंह, पुलिस लाइन प्रधान आरक्षक थॉमस अब्राहम, यातायात थाना प्रधान आरक्षक रामदीनसिंह और संतोष वर्मा, आरक्षक सलीम मोहम्मद, पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय प्रधान आरक्षक अशोक तिवारी और मनीष पुरोहित, क्राइम ब्रांच प्रधान आरक्षक कुलदीप भारद्वाज और उपमहानिरीक्षक कार्यालय प्रधान आरक्षक पंकज व्यास शामिल है।

केन्द्रीय गृहमंत्री अति उत्कृष्ट सेवा पदक तथा उत्कृष्ट सेंवा पदक भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा दिया जाने वाला एक अत्यंत उच्च और प्रतिष्ठित सम्मान है। यह पदक केवल उन्हीं पुलिस कर्मियों को प्रदान किया जाता है जो अपने दीर्घकालिक सेवाकाल (15 से 25 साल) के दौरान बिना किसी दाग के, अद्वितीय साहस, व्यावसायिक कुशलता और उत्कृष्ट जनसेवा का परिचय देते हैं। यह सम्मान उज्जैन पुलिस के लिए अत्यंत गौरव का विषय है।

# डोडाचूरा तस्कर को 10 साल की सजा



**उज्जैन।** मादक पदार्थ डोडाचूरा का परिवहन करते हिरासत में आये तस्कर को न्यायालय ने 10 साल की सजा और 2 लाख रूपये अर्थदंड से दंडित किया है।

मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि एसटीएफ इकाई उज्जैन में पदस्थ एएसआई देवेंद्र सिंह कुशवाह को मुखबिर सूचना मिली कि एक ट्राला जिसके पीछे अंग्रेजी में राजपूत लिखा है, जिसका ओमप्रकाश विश्नोई तथा उसके साथ आगे ट्राले की पायलेटिंग कार का चालक सोमराज दोनों ही निवासी बीकानेर तरफ के ट्राले में खली कपास्या के बोरों के नीचे तथा कार में नीमच तरफ से अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा लेकर उज्जैन आये हुए हैं। जो आगर रोड से राजस्थान जाने वाले हैं, जिनका ट्राला खराब होने से मक्सी रोड पर खडे हैं। सूचना पर एसटीएफ टीम ने दबिश देकर मक्सी रोड से ट्रक और कार को जप्त कर तलाशी ली थी। कार तथा ट्रक में रखे 40 बोरों से 8 क्विंटल डोराचूरा बरामद किया था। पुलिस द्वारा मामले में आरोपी ओमप्रकाश पिता धूराराम 39 वर्ष निवासी ग्राम सादोलाई थाना बज्जू जिला बीकानेर (राजस्थान) के खिलाफ धारा 8/15 सी सहपठित धारा 29 एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। सुनवाई पूरी होने पर विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) पवन कुमार पटेल ने फैसला सुनाते हुए आरोपी ओमप्रकाश पिता धूराराम को 10 साल कारावास और 2 लाख रूपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। प्रकरण में प्रभारी उप निदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के मागदर्शन में अभियोजन पैरवीकर्ता अधिकारी नितेश कृष्णन विशेष लोक अभियोजक के तर्कों से सहमत होकर आरोपी को न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया।

### सुरेश उपहार और हरसिद्धि रेस्टोरेंट पर खाद्य विभाग का एक्शन

**उज्जैन।** उज्जैन में खाद्य विभाग की संभागीय टीम ने हरसिद्धि मंदिर के पास संचालित रेस्टोरेंट्स में जांच की। जांच के दौरान हरसिद्धि रेस्टोरेंट में कई अनियमितताएं पाए जाने पर पनीर, जलेबी, लस्सी और दही के नमूने लेकर रेस्टोरेंट संचालक को नोटिस दिया गया। वहीं, सुरेश उपहार गृह एवं रेस्टोरेंट में भी जांच के दौरान अमानक घी मिलने पर नमूने लेकर कार्रवाई की गई। शुक्रवार दोपहर को हरसिद्धि माता मंदिर के पास संचालित हरसिद्धि रेस्टोरेंट और सुरेश उपहार गृह में संभागीय खाद्य विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए जांच की। जांच के दौरान सुरेश उपहार गृह एवं रेस्टोरेंट में रोटी पर लगाए जा रहे घी की जांच की गई, जो अमानक डालडा निकला। इसके बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए घी के नमूने लिए। वहीं, हरसिद्धि रेस्टोरेंट के किचन में गंदगी सहित कई अनियमितताएं पाई गईं। टीम ने यहां से पनीर, जलेबी, दही और लस्सी के सैंपल लेकर भोपाल लैब में जांच के लिए भेजने की बात कही। दरअसल, खाद्य विभाग के संभागीय दल में बसंत शर्मा, बीएस जामोद, देवलिया और सरेंडर सिंह मौजूद रहे।

### बैंक ग्यारंटी के नाम पर 1.41 करोड़ की धोखाधड़ी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बैंक ग्यारंटी के नाम पर 1.41 करोड़ की धोखाधड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। हेल्थ केयर प्रायवेट लिमिटेड के प्लांट हेड की शिकायत पर पुलिस ने 2 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। धोखाधड़ी करने वालों की तलाश में एक टीम इंदौर भेजी जायेगी।

नागझिरी थाना एसआई रामप्रसाद वैद्य ने बताया कि उद्योगपुरी क्षेत्र में बोकेम हेल्थकेयर प्रायवेट लिमिटेड के सुनील जैन को परिचित इस्लाम पटेल निवासी खजराना इंदौर ने वर्ष 2024 में इंदौर के रहने वाले जितेन्द्र वर्मा और अनिकेत संतोषी से मिलवाया था। इस्लाम ने बताया था कि दोनों बैंक से जुड़े है और बैंक ग्यारंटी बनाने का काम करते थे। सुनील जैन ने दोनों से संपर्क जारी रखा और अपनी हेल्थ केयर लिमिटेड की ग्यारंटी तैयार करने को कहा। दोनों ने ग्यारंटी तैयार करने के नाम पर अलग-अलग समय पर 1 करोड़ 41 लाख 50 हजार रूपये ले लिये और फर्जी बैंक ग्यारंटी बनाकर वाट्सएप पर भेज दी। सुनील जैन ने विश्वास कर लिया। लेकिन कुछ दिनों पहले पता चला कि उक्त बैंक ग्यारंटी फर्जी है। दोनों ने करोड़ों की धोखाधड़ी की है। सुनील जैन ने मामले की शिकायत बोकेम हेल्थकेयर के प्लांट हेड रामस्वरूप प्रजापती के माध्यम से शिकायती आवेदन पुलिस को दिया। लम्बी जांच प्रक्रिया के बाद पुलिस ने मामले में गुरूवार रात धोखाधड़ी करने वाले जितेन्द्र वर्मा और अनिकेत संतोषी के खिलाफ धारा 420, 34 का प्रकरण दर्ज कर लिया। बताया जा रहा है कि दोनों धोखेबाजों से मिलवाने वाले इस्लाम पटेल का निधन हो चुका है। एसआई वैद्य के अनुसार दोनों आरोपियों के गिरफ्त में आने पर पूरे मामले का खुलासा हो पायेगा। वहीं मामले से जुड़े अन्य आरोपियों की जानकारी भी सामने आ सकती है।


**NAME CHANGE NOTICE**

I Damayanti devi kandi, 114 Station Road Tarana, Krashi upaj mandi ke pass tarana Dist. Ujjain M.P. I Declare that my old name was "Damyanti Kandy" (Old Name) Now has to changed "Damayanti Devi Kandi" (New Name) hence forth, I shall be known **Damayanti Devi Kandi w/o Narendra Kandi** in future for all purpose including all the official documentations.

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार मुथूट हाउसिंग फायनेंस कंपनी लिमिटेड उज्जैन की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि भवन म्यु. क्रमांक 21/5 का पूर्व दिशा वाला भाग महाकाल मार्ग गली क्रमांक 5 उज्जैन में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 20.43 वर्गमीटर है जिसके पूर्व में महाकाल मार्ग गली नंबर 5 मिली है, पश्चिम में - शेष भाग मकान विक्रेता का मिला है तथा इस तरफ की दीवार विक्रय में शामिल नही है, उत्तर में - मकान अययुब खॉ मिला है, दक्षिण में मकान इंडियन गेस्ट हाउस मिला हुआ है उक्त संपत्ति मोहम्मद हनीफ मंसूरी पिता हाजी अब्दुल रज्जाक ने बजर्ये ई रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी432022017ए1312589 दिनांक 12.06.2017 के माध्यम से इसके पूर्व स्वामी सैययद शोकत अली पिता सैययद मुमताज अली से विधिवत रूप से क्रय की थी मोहम्मद हनीफ अंसारी का देहांत दिनांक 24.06.2024 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी उनकी धर्मपत्नि श्रीमती फिरदोस बी व उनके वैधवारिसान उनके पुत्र आवेश मंसूरी व पुत्री गुलअफशा बी हुये तथा उक्त संपत्ति पर श्रीमती आवेश आदि ने ऋण प्राप्त करने हेतु मुथूट हाउसिंग फायनेंस कंपनी लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया है तथा मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे है अत: सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय- अर्द्धशासकीय संस्था, पेढी, बैंक आदि का कोई हित हिस्सा अधिकार या अन्य किसी भी प्रकार का लेन-देन हो तो सूचना प्रकाशन की दिनांक से 07 दिन के अंदर लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति या दावा आदि मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारक नही होगी मेरे पक्षकार मुथूट हाउसिंग फायनेंस कंपनी लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी तथा ऋण स्वीकृत किये जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार मुथूट हाउसिंग फायनेंस कंपनी लिमिटेड उज्जैन का रहेगा बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। दिनांक 29.05.2026

**रविनंदन सिंह हंस, एडवोकेट**
**डीएफ-8, प्रथम मंजिल भरतपुरी कॉम्पलेक्स देवास रोड, उज्जैन**
**मो. 9691514933**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि विक्रेतागण मायाबाई पिता स्व. श्री करणसिंह जी, कपील पिता स्व. श्री करणसिंह जी, मधुकांता पति स्व. श्री करणसिंह जी, निवासीगण शंकरपुर तह. घट्टिया जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर सर्वे क्रमांक 196/3 रकबा 0.480 हेक्टर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.480 हेक्टर भूमि ग्राम चिडीरावदिया तह. उन्हेल जिला उज्जैन में स्थित है। को क्रय करने का सौदा कर टोकन राशि अदा करके अनुबंधपत्र का संपादन कर लिया है। उक्त का भूमि का निकट भविष्य में मेरा पक्षकार अपने स्वयं या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में उपरोक्त भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन करवाने को तत्पर रहेगा। यदि उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय को लेकर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहुकार, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या अन्य कोई क्लेम आदि हो तो ऐसी उज्र आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर मय लेखी प्रमाण के मुझे मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करके उसका उचित निराकरण करवा लेवें बाद गुजरने मियाद के मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्ज आपत्ति मान्य नही की जावेगी। सूचित हो ।

दिनांक 29/05/2026

**पीयुष शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**पता-51, थाने के सामने भैरवगढ़ उज्जैन**
**मोबा90094-38990**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है जो कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 01-दिलीप कुमार मेहता पिता मनुभाई मेहता एवं 02- सुनीता मेहता पति दिलीप कुमार मेहता निवासी ऋषि नगर उज्जैन कृषक ग्राम रनाहेडा तहसील घटिटया जिला उज्जैन म0प्र0 के द्वारा अपने हक एवं हिस्से की भूमि सर्वे नम्बर 62/1/1 रकबा 0.60, हैक्टर याने (3 बिघा) भूमि स्थित ग्राम रनाहेडा तहसील घटिटया जिला उज्जैन में उक्त भूमि का विक्रय/अनुबंध पत्र/सौदा चिटठी संपादित करवा कर टोकन बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। यह कि उपरोक्त भूमि विक्रय मे यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने मे किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत संस्था बैंक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानिय शासन का कोई ऋण भार या बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार मे कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहीर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालयिन समय मे लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी।

सूचित हो। इति दिनांक 28 मई 2026

**शुभम वर्मा सर्विस प्रोवाईडर उप पंजीयक**
**कार्यालय घटिटया जिला उज्जैन**
**मो. 9752798030**

# आशा को सहेजिए



छह हजार साल पुरानी किताब है चीन में। उसकी भूमिका अगर पढ़ें, तो ऐसा लगता है कि आज सुबह के अखबार का ह्यएडिटोरियलद्ध है। उसमें लिखा है कि लोग बहुत बिगड़ गए हैं, उनका नैतिक ह्रास हो गया है। लोग भौतिकवादी हो गए हैं, भ्रष्टाचार फैल गया है, कोई किसी की सुनता नहीं, ऐसा लगता है कि महाप्रलय निकट है। वह छह हजार साल पहले की किताब है और उसमें भी लिखा है कि पहले के लोग अच्छे थे।

पहले के लोग अच्छे थे, यह मिथ और कल्पना से ज्यादा नहीं है। असल में, पहले के लोगों को हम भूल चुके हैं और जो थोड़े से लोग हमें याद रह गए हैं, उनके कारण ही सब गड़बड़ होती है। महावीर याद हैं, महावीर के समय का आम आदमी हमें याद नहीं है, तो लगता है कि महावीर के जमाने में सभी लोग अच्छे रहे होंगे। महावीर के जमाने में अगर सब लोग अच्छे होते, तो उनकी हमें याद भी न आती अब तक। महावीर अब तक दिखाई इसीलिए पड़ रहे हैं। स्कूल में काले तख्ते पर सफेद खड़िया से मास्टर लिखते हैं। सफेद दीवार पर लिखें, तो लिख भी सकते हैं, लेकिन दिखाई नहीं पड़ेगा, काले बोर्ड पर दिखाई पड़ता है। महावीर ढाई हजार साल तक दिखाई पड़ते हैं कि एक महापुरुष थे। जब तक समाज का तख्ता ब्लैक-बोर्ड न रहा हो, तब तक ढाई हजार साल तक दिखाई नहीं पड़ सकता कि वह महापुरुष थे। दस-पांच महापुरुष मनुष्य जाति में दिखाई पड़ते हैं। बाकी सारी मनुष्यता एक काले तख्ते की तरह है, जिसके ऊपर लकीरें उभरी हुई दिखाई पड़ती हैं, लेकिन कोई मनुष्यता कभी अच्छी नहीं थी। जितनी अच्छी आज है, उतनी अच्छी भी नहीं थी। हम रोज अच्छाई की तरफ विकास कर रहे हैं।

बस एक धारणा हमारे मन में है कि पतन हो रहा है। पहले सतयुग हो चुका, अब कलियुग है। अब तो पतन ही पतन है। जिस कौम के मन में यह भाव बैठा कि आगे पतन है, उसका पतन निश्चित है, क्योंकि भाव ही गतिमान करते हैं। हम अपने स्वर्ण-युग को पीछे रखे बैठे हैं कि सब अच्छा हो चुका। अब तो सब बुरा होना है। यह हमारा संस्कार बन गया है कि आगे तो और बुरा होना है। जब कोई किसी को छुरा भोंकता है, तो तपाक से कहते हैं, आ गया कलियुग। जब कोई किसी की स्त्री को लेकर भाग जाता है, तो हम कहते हैं, आ गया कलियुग और ऋषि-मुनि लेकर भागते रहे, तब सतयुग था और अब कलियुग आ गया, क्योंकि बगल का कोई आदमी ले गया है।

अजीब बातें हैं। सीता का अपहरण हो गया, तब अच्छी दुनिया थी और अभी किसी रामचंद्र की औरत चोरी चली जाए, तो कलियुग आ गया। नहीं, आदमी रोज अच्छा हो रहा है। अगर भविष्य में अच्छा बनना है, तो स्वर्ण-युग आगे है। भविष्य का निर्माण करना है, तो आशा चाहिए। आशा न हो, तो भविष्य निर्मित नहीं हो सकता।



सम्पादकीय

## एसआईआर पर मुहर

सर्वोच्च न्यायालय ने फिर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को सही ठहराते हुए, इसे पूर्णतः वैध करार दिया है। शीर्ष न्यायालय ने बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली कुछ याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) को विशेष गहन पुनरीक्षण का अधिकार है और आयोग ने किसी भी वैधानिक या सांविधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं किया है। लगे हाथ, न्यायालय ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि चुनाव आयोग को पुनरीक्षण करते हुए नागरिकता जांचने का भी अधिकार है। याचिकाओं में यह आशंका जताई गई थी कि चुनाव आयोग द्वारा किसी मतदाता के नाम को सूची में शामिल न करने का मतलब नागरिकता छीनना होगा। न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है, सूची में नाम न होने से नागरिकता पर कोई असर नहीं पड़ेगा। जिन लोगों के नाम नागरिकता न होने की वजह से कट गए हैं, उनकी सुनवाई चुनाव आयोग को करनी पड़ेगी। सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को यह देखना होगा कि कहीं किसी योग्य व्यक्ति का नाम सूची से न कट जाए।

कोई दोराय नहीं कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए समय-समय पर मतदाता पुनरीक्षण जरूरी है। सांविधानिक योजना और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत चुनाव आयोग को मतदाता सूची में संशोधन करने का पूरा अधिकार है। पुनरीक्षण का राजनीतिक स्तर पर विरोध करने वालों ने चुनाव आयोग के अधिकार को ही चुनौती दी थी। बिहार की बात करें, तो खासकर विपक्षी पार्टियों की यह कोशिश थी कि चुनाव आयोग किसी भी मतदाता का नाम न काट सके। वोट चोरी को एक बड़ा मुद्दा बनाकर पेश किया गया। पश्चिम बंगाल के चुनाव में भी वोट चोरी और मतदाता पुनरीक्षण से जुड़े सवाल बार-बार पूछे गए। पश्चिम बंगाल की तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्वयं ही सर्वोच्च न्यायालय में पुनरीक्षण को चुनौती देने के लिए पहुंच गई थीं। ऐसे में, पश्चिम बंगाल में न्यायिक अधिकारियों के मातहत पुनरीक्षण की सुनवाई करनी पड़ी। एक जगह न्यायिक अधिकारियों को बंधक भी बनाया गया। हर प्रकार से विरोध के बावजूद पुनरीक्षण का काम रुका नहीं और अब विधानसभा चुनाव भी संपन्न हो गए हैं। फिर भी, पश्चिम बंगाल पर सुनवाई हो सकती है, पर बिहार की याचिकाओं को सर्वोच्च न्यायालय ने अंतिम रूप से निपटा दिया है।

### मशहूर उर्दू शायर और गजलकार डॉ. बशीर बद्र का निधन

# खामोशी से भी ऊँची आवाज छोड़ जाने वाला नाम- बशीर बद्र





प्रो. आर.के. जैन (दैनिक अवन्तिका)

उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो- बशीर बद्र की यह पंक्ति आज स्वयं एक विदाई का सन्नाटा बनकर गूंज रही है। उर्दू शायरी का वह नर्म, रोशन और संवेदनशील सितारा अब अस्त हो गया है। केवल एक शायर नहीं गया बल्कि एक पूरी भावनात्मक परंपरा मौन हो गई। 28 मई 2026 को भोपाल में लंबी बीमारी के बाद 91 वर्ष की आयु में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कहा, लेकिन उनकी शायरी अब भी सांसों में जीवित है। वे केवल शब्द नहीं रचते थे, बल्कि टूटे हुए दिलों को जोड़ने वाली भावनाओं की पूरी दुनिया बसाते थे–जहाँ दर्द भी सुंदर लगता था और उम्मीद भी बहुत करीब। उनका जाना एक खालीपन नहीं, बल्कि एक ऐसी खामोश मौजूदगी है जो हर एहसास में धीरे-धीरे उतरती रहती है।

जब शब्दों की रौशनी खुद इतिहास बन जाए, तो समझिए कोई शायर अमर हो चुका होता है। मशहूर उर्दू शायर और गजलकार पद्मश्री बशीर बद्र का जाना साहित्य जगत के लिए एक ऐसा आघात है जिसने भावनाओं की सबसे नाजुक परत को हिला दिया। वे उन विरले शायरों में थे जिनके शब्द मंच से उतरकर सीधे जीवन की सांसों में बस जाते थे। उनका जाना केवल शरीर का अंत नहीं, बल्कि उस आवाज का ठहर जाना है जिसने सादगी को भी शिखर बना दिया। फिर भी, उनकी गजलें आज भी हर टूटे दिल में जीवित हैं और हर याद में चुपचाप रोशनी बनकर चलती रहती हैं।

जहाँ शब्द जन्म लेते हैं और संवेदना उन्हें आकार देती है, वहीं से एक असाधारण सफर शुरू होता है। 15 फरवरी 1935 को अयोध्या (तब फैजाबाद) में जन्मे बशीर बद्र बचपन से ही शायरी की ओर आकर्षित थे और सात वर्ष की उम्र में ही शेर कहने लगे थे। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से बीए, एमए और पीएचडी के बाद उन्होंने वहीं उर्दू के प्रोफेसर के रूप में कार्य किया, फिर मेरठ कॉलेज में 17 वर्षों तक विभागाध्यक्ष रहे। फारसी, हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी पर उनकी गहरी पकड़ ने उनकी शायरी को समृद्ध और बहुआयामी बनाया। उनका जीवन ज्ञान और भावना का ऐसा संगम रहा जिसने उन्हें एक विशिष्ट पहचान दी।

जब जीवन की सबसे गहरी आग इंसान के भीतर उतर जाए, तो शब्द भी राख से जन्म लेते हैं। 1987 के मेरठ दंगों ने बशीर बद्र को भीतर तक तोड़ दिया–उनका घर, यादें और अनमोल अनप्रकाशित रचनाएँ सब कुछ जलकर राख हो गया। इस त्रासदी ने उन्हें लंबे समय तक लेखन से दूर कर दिया, और उनका जीवन गहरे खालीपन में डूब गया। लेकिन भोपाल में डॉ. राहत बद्र के साथ नए सिरे से मिली जीवन-धारा ने उन्हें फिर से शब्दों की ओर लौटा दिया। उसी पीड़ा से निकली उनकी अमर पंक्ति–लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में–आज भी मानवीय संवेदना की सबसे तीखी और सजीव अभिव्यक्ति मानी जाती है।

शब्दों को सजाने के बजाय उन्हें जीने की कला बशीर बद्र की शायरी की सबसे बड़ी पहचान थी। उन्होंने जटिल अलंकारों की जगह जीवन की सीधी, सरल भाषा को अपनाया और उसी में गहराई भर दी। प्रेम, विरह, अकेलापन और सामाजिक यथार्थ उनकी गजलों में सहजता से उतरते थे। उनकी प्रमुख कृतियाँ इकाई, इमेज, आमद, आहट, आस और कुल्लियात-ए-बशीर बद्र आधुनिक उर्दू साहित्य की अमूल्य धरोहर बन गईं। आस के लिए उन्हें 1999 में साहित्य अकादमी पुरस्कार और उसी वर्ष पद्म श्री से सम्मान मिला। साथ ही उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी से चार बार, बिहार उर्दू अकादमी से एक बार तथा 1980 में न्यूयॉर्क के पोएट ऑफ द ईयर सम्मान ने उनकी वैश्विक पहचान को और मजबूत किया।

कुछ पंक्तियाँ समय को भी पीछे छोड़ देती हैं और स्मृतियों में हमेशा के लिए बस जाती हैं–ऐसी ही शायरी बशीर बद्र की पहचान है। उनकी मशहूर पंक्तियाँ उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो और दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे। आज भी लोगों की जुबान पर जीवित हैं, जो रिश्तों और भावनाओं को एक नई दृष्टि देती हैं। उनके 18,000 से अधिक शेर और असंख्य गजलें फिल्मों, रेडियो और मुशायरों में लगातार गूँजती रही हैं। उनकी शायरी ने उर्दू गजल को आम इंसान की भाषा बना दिया, जहाँ हर व्यक्ति अपने दर्द और अपनी पहचान को महसूस कर सकता है।

जब यादें साथ छोड़ने लगती हैं, तब भी शब्द अपनी रोशनी नहीं खोते–बशीर बद्र के जीवन का अंतिम चरण इसका साक्षात प्रमाण रहा। डिमेंशिया ने धीरे-धीरे उनकी स्मृतियों पर धुंध छा दी, लेकिन उनकी पत्नी डॉ. राहत बद्र उनकी रचनाएँ सुनाकर उन्हें फिर से जीवित करती रहीं। पुत्र नुसरत बद्र के निधन का गहरा आघात भी उन्होंने सहा, जो स्वयं फिल्मी गीतों की दुनिया में प्रतिष्ठित थे। इसके बावजूद, अंतिम वर्षों तक वे मुशायरों के सुल्तान बने रहे, जहाँ उनकी उपस्थिति ही मंच को जीवंत कर देती थी। स्मृतियाँ भले कमजोर पड़ती रहीं, लेकिन उनके शब्दों की चमक अंत तक अडिग रही–एक ऐसा जीवन, जो संघर्ष, प्रेम और साहित्य की अविस्मरणीय यात्रा बन गया।

विदा तो शरीर ने ली है, पर उनकी आवाज अभी भी दिलों में चलती है। बशीर बद्र अब इस संसार में नहीं हैं, फिर भी उनकी शायरी हर उस जगह मौजूद है जहाँ दर्द है, प्रेम है या टूटी हुई उम्मीदों की हल्की सी रोशनी। वे केवल शायर नहीं थे, बल्कि भावनाओं को शब्द देने वाला एक पूरा युग थे। उनकी विरासत बताती है कि साहित्य केवल पढ़ा नहीं जाता, उसे महसूस किया और जिया जाता है। उनकी गजलें समय की सीमाओं को पार कर आज भी लोगों को जोड़ती हैं, और यही साबित करती हैं कि सच्ची रचना कभी मरती नहीं–वह हमेशा अपने पाठकों के भीतर जीवित रहती है।

## ऊँ-ऊँ पुराणः रात के उल्लू, दिन के घोड़ेबेचू

भाई साहब, ये जुकरबर्ग अंकल ने जो वाट्सएप्प में 'दिस मैसेज वास डिलीटेड' और 'एडिटेड' का फीचर डाला है न, कसम से ये सुविधा नहीं, सीधे-सीधे घर उजाड़ने का नो-कॉन्फिडेंस मोशन है। इंस्टाग्राम और फेसबुक वाले तो फिर भी सॉर्टेड हैं, चुपचाप अनसेंड मारो और मामला रफा-दफा, जैसे गंगा जी में पाप धो दिए। लेकिन वाट्सएप्प? ये तो वो मोहल्ले की बकबकी चाची है जो चिल्ला-चिल्लाकर कहती है, ₹अरे सुनो, इसने अभी कुछ छुपाया है, पकड़ो इसे!₹ मेरी लाइफ की सबसे बड़ी आफत ये है कि मेरी करंट गर्लफ्रेंड का नाम रिया है और एक्स का प्रिया। अब उँगलियाँ हैं, कभी-कभी बहक जाती हैं और 'आई लव यू प्रिया' टाइप हो जाता है। रिया का खुद का एक्स पास्ट टेंस हो चुका है, उसका भूत वैलिड है, लेकिन मेरे मुंह से गलती से भी प्रिया निकल गया तो समझो थर्ड वर्ल्ड वार ऑन। रिया को वैसे तो एग्जाम का सिलेबस याद नहीं रहता, पर मेरी वाट्सएप्प हिस्ट्री की वो चलती-फिरती विकिपीडिया है। कहती है, ₹औए सूरी, पिछले एक महीने में तुमने 312 बार मैसेज डिलीट किए हैं और 171 बार एडिट! तुम मुझसे क्या छुपा रहे हो, तुम्हारा कैरेक्टर ही स्केची है!

अब लड़कियों का वाट्सएप्प बिहेवियर भी भाई एकदम नेक्स्ट लेवल डिटेक्टिव मोड होता है। जैसे ही चैट्स में वो 'दिस मैसेज वास डिलीटेड' का साइनबोर्ड देखती हैं, उनके भीतर का ब्योमकेश बाबू जाग जाता है। वो मैसेज के टाइमस्टैम्प को ऐसे घूरती हैं जैसे कोई ज्योतिषी कुंडली देख रहा हो। अगर गलती से टाइपिंग... दिखकर गायब हो जाए, तो उनका बीपी 180 पार हो जाता है। वो आपके ऑनलाइन आने और लास्ट सीन के बीच का टाइम डिफरेंस ऐसे कैलकुलेट करती हैं जैसे नासा वाले रॉकेट की ट्रेजेक्टरी निकालते हैं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 30 मई 2026 शनिवार
सूर्योदय - 05:45 सूर्यास्त 19:04
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - चतुर्दशी 11:58 उपरांत पूर्णिमा
नक्षत्र - विशाखा 13:20 उपरांत अनुराधा
योग - शिव 05:25 उपरांत सिद्ध
करण - वणिज
चन्द्रमा - तुला में है। 06:38 पर वृश्चिक में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 12 तारिख

**मेष-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

**वृषभ-** मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें।

**मिथुन-** शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**कर्क-** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा।

**सिंह-** समय अच्छा व्यतीत होगा। प्रसन्नता रहेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी।

**कन्या-** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें।

**तुला-** मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जल्दबाजी न करें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक-** यात्रा मनोरंजक रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। व्यापार ठीक चलेगा। परिवार के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा।

**धनु-** दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें।

**मकर-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी।

**कुंभ-** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा। लाभ होगा।

**मीन-** किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा।

स्मृति शेष- डॉ. बशीर बद्र

## उर्दू अदब का वह नूर, जो हमेशा हमारे साथ रहेगा



संदीप सृजन (दैनिक अवन्तिका)

डॉ. बशीर बद्र केवल एक शायर का नाम नहीं है, बल्कि उस अहसास का नाम है जो इंसान को भीड़ में भी खुद से मिला देता है। 15 फरवरी 1935 को अयोध्या में जन्मे बशीर बद्र ने अपनी पूरी जिंदगी शायरी की सादगी और उसकी गहराई को समर्पित कर दी। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण करने के बाद, उन्होंने मेरठ कॉलेज के उर्दू विभाग में अपनी बौद्धिक उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने साहित्य के फलसफे को किताबों से निकालकर मुशायरों के मंचों और आम आदमी के ड्राइंग रूम तक पहुँचाने का जो काम किया, उसकी मिसाल मिलना मुश्किल है।

बशीर साहब का व्यक्तित्व उनकी शायरी की तरह ही बहुत कोमल लेकिन बेहद प्रभावशाली था। उनकी शायरी की सबसे बड़ी खूबसूरती यह थी कि उन्होंने फारसी के कठिन मुहावरों के बजाय बोलचाल की हिंदी और उर्दू का ऐसा संगम तैयार किया जो सीधे दिल को छू लेता था। उन्होंने कहा था कि

चरागों को आँखों में महफूज रखना, बड़ी दूर तक रात ही रात होगी।
मुसाफि र हैं हम भी, मुसाफि र हो तुम भी, किसी मोड़ पर फिर मुलाकात होगी।

यह शेर उनकी पूरी जिंदगी का सार है। वे जानते थे कि जिंदगी का सफर लंबा है और इसमें अंधेरे भी आएंगे, लेकिन अपनी उम्मीदों के चरागों को बचाकर रखना ही इंसानियत है। उनकी यह फकीरी और उम्मीद की किरण ही उन्हें अन्य शायरों से अलग करती थी। वे दुनिया को एक ऐसा मुसाफिरखाना मानते थे जहाँ हर मुलाकात एक नया सबक सिखाती है। उनके जीवन का सबसे कठिन दौर 1987 के मेरठ दंगे थे, जब उनका घर जल गया और उनकी बेशकीमती रचनाएं राख में बदल गईं। उस हादसे ने उनके भीतर एक गहरा सन्नाटा पैदा किया, जिसे उन्होंने अपनी गजलों में एक दार्शनिक ऊंचाई दी। उन्होंने लिखा था-

उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो,
न जाने किस गली में जिंदगी की शाम हो जाए।

यह शेर आज के समय में और भी मौजूं लगता है। उन्होंने तबाही के मंजर को जिस तरह खूबसूरती से लफ्जों में पिरोया, वह किसी महान फनकार के ही वश की बात थी। उनके कलाम में कभी नफरत की बू नहीं आई, बल्कि उन्होंने हमेशा अमन, मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम दिया। वे अक्सर कहा करते थे-

दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे,
जब कभी हम दोस्त हो जाएं तो शर्मिंदा न हों।

उनके साहित्यिक योगदान को देश ने बहुत सम्मान दिया। 1999 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। इसके अलावा साहित्य अकादमी पुरस्कार और देश की अनेक उर्दू अकादमियों के सर्वोच्च सम्मान उनकी झोली में रहे। उन्होंने 'इकाई', 'आमद', 'आस', 'आसमान' और 'आहट' जैसी कालजयी कृतियां दीं। उनकी आलोचनात्मक दृष्टि 'आजादी के बाद उर्दू गजल' के अध्ययन में आज भी मील का पत्थर मानी जाती है। उनकी शायरी में समाज की विसंगतियों पर गहरा प्रहार भी था, जैसे उन्होंने लिखा-

लोग टूट जाते हैं एक मकां बनाने में,
तुम तरस नहीं खाते बस्तियां जलाने में।

यह शेर सत्ता और समाज के क्रूर चेहरों को बेनकाब करने के लिए काफी था। बशीर साहब का व्यक्तित्व एक दरिया की तरह था, जो शांत दिखता था लेकिन भीतर गहराई बहुत थी। उन्हें न शोहरत का गुरूर था और न ही सत्ता का लोभ। वे मंच पर आते थे तो अपनी धीमी लेकिन असरदार आवाज से पूरे माहौल को मोह लेते थे। वे नई पीढ़ी के शायरों के लिए एक मार्गदर्शक थे। उन्होंने सिखाया कि कैसे कम शब्दों में बड़ी बात कही जाती है। उनका जाना उर्दू अदब का वह चिराग बुझ जाने जैसा है, जिसकी रोशनी से आने वाली कई पीढ़ियां रास्ता तलाशा करेंगी।

# उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो- बशीर बद्र

इकाई, आमद, इमेज, आहट और आस जैसे प्रसिद्ध और लोकप्रिय काव्य-संग्रहों के रचयिता मशहूर शायर बशीर बद्र का 28 मई को भोपाल में 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

उनका वास्तविक नाम सैयद मोहम्मद बशीर तथा तखल्लुस बशीर बद्र था। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर में हुआ, जबकि उनका पैतृक गाँव बकिया, ज़िला अयोध्या (उत्तर प्रदेश) था।

उनके पिता सैयद मोहम्मद नजीर पुलिस विभाग में कार्यरत थे। बशीर बद्र ने अभी हाई स्कूल ही उत्तीर्ण किया था कि उनके पिता का देहांत हो गया। इस कारण घर की ज़िम्मेदारियाँ उनके कंधों पर आ गईं और उनकी पढ़ाई बीच में ही रुक गई। परिस्थितियों के दबाव में उन्होंने पुलिस विभाग में नौकरी कर ली। कुछ समय बाद उनके भीतर पुनः शिक्षा प्राप्त करने की तीव्र इच्छा जागी। फल स्वरूप 1967 में उन्होंने नौकरी छोड़ दी और उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अपना पुराना सपना पूरा किया। उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से बी.ए., एम.ए. और पीएच.डी. की डिग्रियाँ प्राप्त कीं तथा वहीं अस्थायी रूप से व्याख्याता नियुक्त हुए। बाद में पदोन्नति पाकर वे मेरठ कॉलेज, उत्तर प्रदेश में उर्दू विभागाध्यक्ष बने, जहाँ उन्होंने अगले सत्रह वर्षों तक अपनी सेवाएँ दीं।

उनका यह शेर देखिए–

ये फूल मुझे कोई विरासत में मिले हैं,
तुमने मेरा काँटों भरा बिस्तर नहीं देखा।

उनकी शायरी नए दौर की परिस्थितियों और समकालीन समस्याओं का प्रतिबिंब थी। वे लोगों के स्वभाव और व्यवहार को भी बड़ी सहजता से अपनी कविता में प्रस्तुत करते थे। यह शेर लोगों के बीच बढ़ती दूरियों को बहुत सुंदर ढंग से व्यक्त करता है–

कोई हाथ भी न मिलाएगा जो गले मिलोगे तपाक से,
ये नए मिजाज का शहर है, जरा फासले से मिला करो।

1987 में मेरठ और मलियाना में हुए दंगों के दौरान उनका घर भी जला दिया गया था, जिसमें उनकी संपत्ति और पुस्तकों का बड़ा खजाना नष्ट हो गया। इस त्रासदी का उल्लेख उनका यह शेर बड़ी मार्मिकता से करता है–

लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में,
तुम तरस नहीं खाते बस्तियाँ जलाने में।

इस घटना के बाद उन्होंने भोपाल में स्थायी रूप से निवास कर लिया और अपनी मृत्यु तक वहीं रहे।

बशीर बद्र गजल के अत्यंत लोकप्रिय शायर थे। उन्हें उर्दू, फारसी और अंग्रेजी तीनों भाषाओं पर समान अधिकार प्राप्त था। उन्होंने मात्र सात वर्ष की आयु से ही शायरी शुरू कर दी थी। नई उर्दू गजल के प्रतिनिधि कवियों में उनका महत्वपूर्ण स्थान था। वे सरल और आमफहम भाषा में कविता कहना पसंद करते थे तथा कठिन शब्दों और जटिल शैली से हमेशा बचते रहे।

उन्होंने गजल में नई शब्दावली और नए बिंबों का प्रयोग किया तथा आधुनिक मनुष्य की मनोवैज्ञानिक स्थितियों और भावनात्मक आवश्यकताओं को अपनी शायरी के माध्यम से अभिव्यक्ति दी। उन्होंने प्रगतिवाद और आधुनिकतावाद के वैचारिक बंधनों तथा पारंपरिक विषयों से दूरी बनाए रखी और सामान्य मनुष्य की भावनाओं को अपनी कविता का केंद्र बनाया। मानव जीवन के दैनिक अनुभवों, संवेदनाओं और अवलोकनों को उन्होंने सुंदर काव्यात्मक रूप देकर हर वर्ग से सम्मान प्राप्त किया।

आजादी के बाद की गजल का तनकीदी मुताला तथा बीसवीं सदी में गजल उनकी गद्य रचनाएँ हैं।

वे उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के अध्यक्ष भी रह चुके थे। उन्हें अनेक सम्मानों से नवाजा गया, जिनमें पद्मश्री (1999), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार तथा साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रमुख हैं।

**(डॉ. सैयद वजाहत मजहर)**

धर्म–आस्था

# भक्ति, बाबाओं की सत्ता और न्याय का विरोधाभास

भारत में धर्म केवल आस्था का विषय नहीं है; वह सामाजिक प्रभाव, राजनीतिक शक्ति और आर्थिक संरचना का भी बड़ा केंद्र बन चुका है। यही कारण है कि जब किसी बड़े धार्मिक बाबा, स्वयंभू संत या आध्यात्मिक संगठन के प्रमुख पर गंभीर आपराधिक आरोप लगते हैं, तब मामला केवल अदालत और कानून तक सीमित नहीं रहता। वह समाज की मानसिकता, भक्त-राजनीति, न्याय-व्यवस्था और राज्य की निष्पक्षता पर एक व्यापक बहस में बदल जाता है। पिछले कुछ वर्षों में देश ने कई ऐसे मामले देखे हैं जहाँ बड़े-बड़े धार्मिक चेहरों पर यौन शोषण, आर्थिक अनियमितता, हिंसा, अवैध कब्जे और सत्ता के दुरुपयोग जैसे आरोप लगे। कुछ मामलों में अदालतों ने दोष सिद्ध भी किए, लेकिन इसके बावजूद उनके प्रभाव, लोकप्रियता और अनुयायियों की संख्या में बहुत अधिक कमी दिखाई नहीं दी। यही विरोधाभास भारतीय समाज की सबसे जटिल सच्चाइयों में से एक है।

जब किसी दोषसिद्ध बाबा को पैरोल मिलती है, जेल से बाहर आने पर उसका भव्य स्वागत होता है, बड़ी गाड़ियों के काफिले चलते हैं, हजारों अनुयायी इकट्ठा होते हैं और पूरा वातावरण किसी धार्मिक उत्सव जैसा दिखाई देता है, तब एक बड़ा प्रश्न समाज के सामने खड़ा होता है–क्या भारत में आस्था न्याय से अधिक शक्तिशाली हो चुकी है? सामान्य परिस्थितियों में किसी अपराधी की जेल-रिहाई केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया होती है, लेकिन जब वही व्यक्ति करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र हो, तब उसकी हर गतिविधि राजनीतिक और सामाजिक अर्थ ग्रहण कर लेती है।

भारतीय लोकतंत्र का संकट यही है कि यहाँ कई बार व्यक्ति धार्मिक ब्रांड बन जाता है। उसके खिलाफ अदालत का फैसला भी उसके अनुयायियों के विश्वास को पूरी तरह नहीं तोड़ पाता। भक्तों का एक बड़ा वर्ग हर आरोप को साजिश, राजनीति या धार्मिक षड्यंत्र के रूप में देखने लगता है। यही कारण है कि कुछ बाबाओं के खिलाफ गंभीर आरोप सिद्ध होने के बाद भी उनके डेरे, आश्रम और संस्थाएँ पहले की तरह चलती रहती हैं। उनके समर्थक उन्हें अपराधी नहीं, बल्कि पीड़ित संत के रूप में प्रस्तुत करते हैं। यह स्थिति केवल न्याय-व्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक चेतना के लिए भी चुनौती है।

समस्या केवल बाबाओं तक सीमित नहीं है; समस्या उस सामाजिक संरचना में भी है जो व्यक्ति-पूजा को विवेक से ऊपर रखती है। भारत के अनेक हिस्सों में धार्मिक बाबा केवल आध्यात्मिक गुरु नहीं होते, बल्कि लोगों के जीवन-निर्णयों, आर्थिक व्यवहार, सामाजिक संबंधों और राजनीतिक सोच तक को प्रभावित करते हैं। गरीब, वंचित और भावनात्मक रूप से टूटे लोग अक्सर ऐसे संगठनों में सुरक्षा, पहचान और सहारा खोजते हैं। धीरे-धीरे यह आस्था निर्भरता में बदल जाती है। यही निर्भरता कई बार सवाल पूछने की क्षमता को खत्म कर देती है। भक्त अपने गुरु के खिलाफ आए आरोपों को स्वीकार करने के बजाय पूरी व्यवस्था पर ही अविश्वास करने लगते हैं।

यह भी सच है कि सभी धार्मिक गुरु या संत एक जैसे नहीं होते। अनेक संत समाज-सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आध्यात्मिक मार्गदर्शन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण काम भी करते हैं। लेकिन समस्या तब पैदा होती है जब किसी बाबा के इर्द-गिर्द असीम शक्ति और अंध-भक्ति का ऐसा वातावरण बना दिया जाता है कि वह स्वयं को कानून और नैतिकता से ऊपर समझने लगे। इतिहास बताता है कि जब भी किसी व्यक्ति को बिना प्रश्न किए दैवीय बना दिया जाता है, तब शोषण और सत्ता-दुरुपयोग की संभावना बढ़ जाती है। लोकतंत्र में किसी भी व्यक्ति या संस्था को सवालों से परे नहीं रखा जा सकता, चाहे वह राजनीतिक नेता हो, उद्योगपति हो या धार्मिक गुरु।

ऐसे मामलों में राज्य और राजनीति की भूमिका भी सवालों के घेरे में आती है। बड़े धार्मिक संगठनों के पास विशाल जनसमर्थन होता है, जिसका चुनावी प्रभाव भी पड़ता है। यही कारण है कि राजनीतिक दल अक्सर ऐसे संगठनों के प्रति नरम रुख अपनाते दिखाई देते हैं। कई बार यह धारणा बनती है कि प्रभावशाली बाबाओं को कानून से अधिक सामाजिक और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होता है। चाहे यह पूरी तरह सच हो या नहीं, लेकिन यदि जनता के भीतर यह विश्वास पैदा हो जाए कि कानून सबके लिए समान नहीं है, तो न्याय-व्यवस्था की नैतिक विश्वसनीयता कमजोर होने लगती है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,51,300 रवा- 1,51,000 चांदी- टंच- 2,54,400 पाट- 2,53,300।


## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया

**खाचरोद।** उमंग स्वास्थ्य केंद्र सिविल हॉस्पिटल खाचरोद द्वारा बीएमओ डॉ शिवराज कौशल के मार्गदर्शन में आज 28 मई को विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल खाचरोद एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर भीकमपुर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माहवारी के अनुकूल दुनियाॾ पर जोर दिया गया। डॉ विकास चंद्रवंशी ने बताया इस थीम का मुख्य उद्देश्य मासिक धर्म को जीवन का एक सामान्य हिस्सा बनाना और एक ऐसा समावेशी समाज तैयार करना है जहाँ हर लड़की और महिला बिना किसी झिझक या कलंक के अपने पीरियड्स के दौरान सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानित महसूस कर सके , इसके साथ ही परामर्शदाता दिनेश चन्द्र परिहार ने सेशन आयोजन कर सभी लाभार्थी को माहवारी स्वच्छता पर जागरूक करते हुए कहा कि आज भी समाज में माहवारी को लेकर कई भ्रांतियां हैं। कई किशोरियों को पहली माहवारी के समय इसकी जानकारी नहीं होती। स्वच्छता के अभाव में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। व उमंग स्वास्थ्य केंद्र में दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी की शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, और सामाजिक मुद्दों पर परामर्श दिया जाता है कि जानकारी दी नर्सिंग ऑफिसर अनुपमा वनराज ने विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के जागरूकता कार्यक्रम पर कहा, 'पीरियड्स पर चुप्पी तोड़ो' का दिया संदेश कार्यक्रम के अंत में सभी ने माहवारी को कलंक न मानकर एक सामान्य जैविक प्रक्रिया मानने और खुलकर बात करने का संकल्प लिया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कंठाल नदी पर हुई महाआरती



**सुसनेर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर परिषद सुसनेर द्वारा मेला ग्राउंड स्थित कंठाल नदी तट पर पूजा-अर्चना एवं महाआरती का आयोजन किया गया। धार्मिक वातावरण में आयोजित कार्यक्रम में नगरवासियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कंठाल नदी की आराधना की। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत पूजन से हुई, जिसके पश्चात पंडित गोविंद शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाआरती सम्पन्न करवाई गई। आरती के दौरान पूरा वातावरण भक्ति गीतों और जयकारों से गूंज उठा। नगर परिषद द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, उपाध्यक्ष राकेश जैन खुपवाला, ईश्वर कावल, युगल परमार, जितेन्द्र सावला, दिलीप जैन, राकेश कानूडिया, अर्जुन जादमे, पवन शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, डॉ. गजेन्द्र सिंह चंद्रावत, गिरजाशंकर राठौर, कमल गर्ग, कमल भावसार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओ.पी. नागर, कालूसिंह नाहरखेड़ा, लखन सेन सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने जल संरक्षण एवं नदियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। नगर परिषद द्वारा आयोजित इस आयोजन ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया।


### जाहिर सूचना का खण्डन

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दैनिक समाचार पत्र अवंतिका दिनांक 27/05/2026 बुधवार में श्री अजय कुमावत एडव्होकेट उज्जैन के द्वारा प्रकाशित ग्राम बडगांव तहसील महिदपुर स्थित भूमि के संबंध में जाहिर सूचना का खण्डन इस प्रकार है कि उक्त जाहिर सूचना में ग्राम बडगांव तहसील महिदपुर स्थित कृषि भूमि सर्वे क्रमांक- 504/1, 25, 436/2, 437, 503, 12/1/2, 444, 454, 481, 482/2, 506, के संबंध में सोदे होने का उल्लेख किया गया है तथा बयाना राशि दि जा चुंकी हैं तथा विक्रय पत्र का पंजीयन शेष है उक्त सभी अभिवचन असत्य होकर अस्वीकार है उक्त भूमि के स्वामी मेरे पक्षकार निर्भय सिंह पिता देवजी एवं ईश्वरसिंह पिता बालूसिंह निवासी ग्राम बडगांव खण्डन करते है उनके द्वारा उक्त वर्णित भूमि का कभी भी कोई विक्रय किये जाने का सौदा किसी भी पक्ष से नहीं किया गया है ओर न ही सौदे से संबंधित किसी अनुबंध पत्र या अन्य कोई दस्तावेज निष्पादित किये गये है ऐसी स्थिति में जाहिर सूचना का प्रकाशन पूर्ण रूप से अवैधनिक है।

बिना कोई सौदे हुवे मेरे पक्षकर के कृषि भूमि के सर्वे नंबरों का सौदा होने की जाहिर सूचना का प्रकाशन दिया गया है उसके संबंध में मेरा पक्षकर संबंधितों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है तथा पूर्व में प्राकशित जाहिर सूचना से मेरे पक्षकर का अपनी कृषि भूमि में स्वत्व किसी भी रूप से प्रभावित नहीं है एतद द्वारा सूचित हो।

**अनुज कैलाशचन्द्र निर्वाणी**
**अभिभाषक**
**कार्यालय- 88 राजेन्द्र मार्ग, महिदपुर सिटी जिला उज्जैन**
**मो. 9981772184**


जल संरक्षण का संदेश लेकर श्रद्धा एवं जनभागीदारी के साथ मनाई गई गंगा दशमी

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत श्रमदान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

## गंगा दशहरा पर जल स्त्रोत एवं वटवृक्ष का किया पूजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा।

यह देश की विडंबना है कि पिछले करीब 40 साल से पेयजल जल संकट से जुझ रहे नागरिकों की भावनाओं के साथ एक बार फिर खिलवाड़ किया जा रहा है। शहर की पेयजल समस्या को मुद्दा बनाकर कई नेताओं ने राजनीति का लंबा सफर तय किया मगर राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में आज ही लगभग 8 से 10 दिन में एक बार वह भी आधा घंटे के लिए पेयजल सप्लाई किया जा रहा। नौ-तपे की भीषण गर्मी में ब्यावरा शहर के लोग एक-एक बूंद पानी के लिए भटक रहे हैं। मंत्री से लेकर संत्री तक जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल है तो कल है का संदेश देते हुए भव्य कार्यक्रम आयोजित कर एक बार फिर शहरवासियों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। सूखे पड़े जल स्त्रोतों के पूजन, महाआरती, श्रमदान एवं जल संरक्षण जागरूकता के न केवल फोटो सेशन किए जा रहे बल्कि नागरिकों को जल संवर्धन एवं स्वच्छता का संदेश भी दिया जा रहा। नागरिकों से जल बचाने एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने का आह्वान किया। वर्तमान समय में भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है ऐसे में पानी बचाओ का संदेश जन-जन तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। पानी किसी फैक्ट्री में निर्मित नहीं किया जा सकता, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जल संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझना होगा। लेकिन यही जिम्मेदारी स्थानीय नेताओ को चुनाव के समय क्यों याद नहीं आती। उधर नागरिकों का कहना है कि यदि क्षेत्र में पानी होगा तो उसे बचाया जाएगा फिलहाल तो नौतपा की भीषण गर्मी में एक-एक बूंद पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। शासन प्रशासन सरकारी कार्यक्रमों की बजाय यदि योजनाओं पर अधिक ध्यान देती तो योजनाएं धरातल पर बहती हुई नजर आती।



### महिदपुर रोड

म.प्र. जन अभियान परिषद आलोट के सेक्टर शेरपुर खुर्द सेक्टर की नवांकुर संस्था दुधावती सेवा समिति द्वारा गंगा दशहरा पर ग्राम आदर्श ग्राम लूनी में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर लूनी पर जल स्त्रोत, वट वृक्ष पीपल वृक्ष पूजन, मन्दिर पर स्वच्छता एवं जनजागरूकता कलश शोभायात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण जनों को जल संरक्षण, जल संवर्धन एवं जल स्त्रोतों की स्वच्छ ता एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में प्राचीन हनुमान मंदिर के संकट मोचन बालाजी का पूजन पूर्व शिक्षक पं. बाबूलाल व्यास द्वारा पर वैदिक मंत्रोच्चार से पूजन- अर्चन किया।

इसके साथ पीपल तथा वटवृक्ष का पूजन कार्यक्रम उपस्थित ग्रामीण महिलाओं कन्याओं द्वारा संपन्न हुआ। ग्रामीण बालिकाओं महिला ओं ने गांव में कलश शोभायात्रा निकाली जिसका संदेश जल गंगा संवर्धन अभियान हेतु जल संरक्षण जल स्त्रोतों की स्वच्छता पवित्रता वृक्षारोपण आदि था। शोभायात्रा पुरे गांव मैं घूम कर मंदिर पर आई जिसने कलश के जल से शिवलिंग का जलाभिषेक के पूजा आराधना की गई। कलश यात्रा के पश्चात उपस्थित सभी ग्रामीण ने जल संरक्षण तथा जल स्त्रोतों की स्वच्छता , संवर्धन संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम में सेक्टर परामर्शदाता मिथिलेश जोशी द्वारा जल संरक्षण की महत्ता पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य जल के महत्व के प्रति जागरूक करना, वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण तथा जल की बबार्दी को रोकना है।

तालाब, बावड़ी, कुएं एवं अन्य जल स्त्रोतों की नियमित सफाई एवं संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयास के साथ ही वर्षा जल को संरक्षित कर भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए भी सभी से आगे करने को कहा। ग्राम पंचायत सरपंच सतीश बोड़ाना,सचिव गजेंद्रसिंह, नवांकुर संस्था अध्यक्ष अमर सिंह झाला दुधावती सेवा समिति, परामर्शदाता मिथिलेश जोशी, आदर्श ग्राम लुनी विकास प्रस्फुटन समिति के के अध्यक्ष अर्जुन सिंह डोडिया, लोकेंद्र चौधरी, हनुमानजी मंदिर पुजारी बापूलाल व्यास आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,आशा कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, समिति सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में पुरुष प्रतिभागी निकट स्थित पीने के पीने के पानी के स्त्रोत गांव के कुएं पर पूजन किया।



## भीमराव अंबेडकर शक्ति केंद्र पर भाजपा की बैठक संपन्न

**बड़नगर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के शक्ति केंद्र क्रमांक 2 डॉ. भीमराव अंबेडकर की मासिक बैठक 27 मई बुधवार को भाजयुमो अध्यक्ष अंकित पाटोदी के निवास पर संपन्न हुई। बैठक में प्रत्येक बूथ पर मन की बात सूनी जाए और संगठन ऐप पर अपलोड की जाए, बूथ की बैठक, बूथ समिति शक्ति केंद्र मजबूतीकरण की चर्चा हुई । बैठक में भाजपा जिला महामंत्री श्याम शर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उषा सोनी नगर पालिका उपाध्यक्ष अनीता सतीश वर्मा, जितेंद्र यादव, मंडल उपाध्यक्ष अंकित दवे बूथ अध्यक्ष दीपक, हर्षित चंदावलीया , अश्विन वेद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जानकारी बूथ अध्यक्ष आईटी प्रभारी विनय बादशाह ने दी ।

## कुर्बानी का विशेष संदेश ईश्वरीय आदेश का पालन– मुफ़्ती शाकिर



**ब्यावरा।** पावन पर्व ईद-उल-अजहा शहर ब्यावरा में हर्षोल्लास, भाईचारे एवं धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय ईदगाह में हजारों की संख्या में मुस्लिम समाजजन एकत्रित हुए और सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की। सुबह मुस्लिम धर्मावलंबी शहर की जामा मस्जिद पर एकत्रित हुए, जहां से जुलूस की शक्ल में ईदगाह पहुंचे। ईदगाह पर खिताब करते हुए मुफ़्ती शाकिर फलाही ने कहा कि ईद-उल-अजहा हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की कुबार्नी, सब्र और अल्लाह की रजा के प्रति समर्पण की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि कुर्बानी केवल जानवर की नहीं, बल्कि अपने अहंकार, लालच और बुराइयों को त्यागने का संदेश भी देती है। उन्होंने कहा कि यह पर्व इंसान को त्याग, ईमानदारी, भाईचारे और इंसानियत की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। ईद की नमाज के बाद मुफ़्ती हाशिम अजहरी ने मुल्क में अमन, चैन, खुशहाली एवं आपसी भाईचारे के लिए विशेष दुआ कराई।

## आशा उषा कार्यकर्ता संगठन ने मांगों के समर्थन में कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**ब्यावरा।** भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई राजगढ़ के बैनर तले आशा उषा कार्यकर्ता संगठन द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में कलेक्टर राजगढ़ को ज्ञापन दिया गया जिसमें प्रमुख मांग विगत चार माह का लंबित प्रोत्साहन एरियर राशि का भुगतान किया जाना अनावश्यक कटोत्रा बंद किया जाना शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की 5 तारीख तक राशि भुगतान किया जाना केंद्र व राज्य से प्राप्त प्रोत्साहन राशि का भुगतान एक साथ किया जाना एवं जिला चिकित्सा अधिकारी की आईडी लाभ होने के कारण प्रोत्साहन राशि भुगतान में हो रही समस्याओं का निराकरण करना आदि मांगें प्रमुख है।

समाज ने उज्जैन – बड़नगर नेशनल हाईवे पर चार बीघा जमीन खरीदी

# सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज के डीपी भाईजी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज बडनगर की साधारण सभा की बैठक डायवर्शन मार्ग बड़नगर स्थित शंकर बावड़ी परिसर में समाज के अध्यक्ष भेरूलाल पटेल ब्राह्मण बरोदा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बैठक में उपस्थित समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने डीपी भाईजी के कुशल नेतृत्व, संगठन क्षमता तथा समाज सेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए एक मत से उनके नाम पर सहमति जता निर्विरोध रूप से अध्यक्ष निर्वाचित किया। प्रारम्भ में



अतिथियों द्वारा आराध्यदेव भगवान गोविन्द माधव व भगवान परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया । ततपश्चात संस्था के सचिव मनीष पंडया ने वार्षिक आय व्यय पत्रक पेश किया ।तदुपरांत सुभाष पंडया शिक्षक द्वारा स्वागत भाषण देकर सभा की शुरूआत की गई। जिसमें समाज सुधार में अपना पक्ष रखने वाले पूर्व अध्यक्षगण करणसिंह पंडया , बद्रीलाल रावल ,रमेशचंद्र पंड्या ,मोहनलाल त्रिवेदी , नवलसिंह पटेल ,रमेशचंद्र शर्मा ,भूपेंद्रसिंह पंड्या , अतुल पलवा , प्रेमचंद द्वितीय ,रामेश्वर व्यास , दशरथसिंह पंड्या ,बद्रीलाल आचार्य , गणेश रावल ,भगवानसिंह पटेल ,रामप्रसाद पंडया , मधुसूदन भारद्वाज,घनश्याम पाठक ,अनिल पंडया अम्बालिया ,अंतरसिंह पंडया सोहड़ आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष डीपी भाईजी ने एक लाख ग्यारह हजाररु, मनीष पिता करणसिंह पंड्या ने एक लाख रूपए, भारद्वाज परिवार रावदिया पीर द्वारा दो लाख रुपए ,एक लाख रु पूर्व अध्यक्ष नवलसिंह पंड्या ,51 हजार रु श्रवण शर्मा शिक्षक मुंडत, 51 हजार रु अनिल पंड्या अंबलिया, 51 हजार रु महेश पंड्या दौलतपुर ने समाज की नवीन भूमि क्रय करने के लिए दान स्वरूप देने की घोषणा की ।

## बरनावद जंगल में 4 कुत्तों ने हिरण पर झपटा मारा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

शाजापुर जिले के ग्राम बरनावद के जंगल में शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे चार आवारा कुत्तों ने एक हिरण पर हमला कर दिया। जंगल से गुजर रहे ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए हिरण को कुत्तों के चंगुल से बचाया। बाद में घायल हिरण को वन विभाग को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार, जंगल में घूम रहे हिरण पर अचानक चार कुत्तों ने हमला कर दिया। मौके पर मौजूद डॉ. रमेशचंद्र जायसवाल ने बताया कि उन्होंने कुत्तों को हिरण पर हमला करते देखा और तुरंत उन्हें भगाने का प्रयास किया। इस दौरान गोपाल सिंह चौहान, मोहनलाल, बालकिशन विश्वकर्मा, बाबूलाल सूर्यवंशी, संतोष वर्मा और सरदार सिंह सहित कई अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मिलकर हिरण को सुरक्षित बाहर निकाला। ग्रामीणों के अनुसार, कुत्तों के हमले में हिरण गंभीर रूप से घायल हो गया था। बचाव के बाद ग्रामीणों ने उसे पानी पिलाया और उसके शरीर पर पानी डालकर राहत पहुंचाने का प्रयास किया। घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा राजस्व अभिलेख ग्राम हरनावदा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन स्थित भूमि सर्वे नंबर 648/1/3 रकबा 0.30 हे.,सर्वे नंबर 648/1/2 रकबा 0.30 हे.कुल किता 02 कुल रकबा 0.60 हे. भूमि क्रय करने का सौदा भूमिस्वामी बाबूलाल पिता जगन्नाथजी एवं मोहनलाल पिता जगन्नाथ जी जाती नाई निवासीगण ग्राम हरनावदा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन से कर सौदे पेटे बयाना राशि अदा कर मेरे पक्षकार के हित एवं पक्ष में सौदा चिट्ठी निष्पादित कर दी है शेष राशि अदा कर भूमि का अनुबंध पत्र एवं विक्रय पत्र निष्पादित होना शेष है उपरोक्त भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति,वित्तीय निकाय, शासकीय एवं अर्थशासकीय संस्था,बैंक,पेडी,समूह, आदि से किसी भी प्रकार का ऋण भार बकाया हो या भूमि पर अन्य किसी का स्वत्त्व, हित,अधिकार, सुखाधिकार, दान, भार,अंतरण,बंधक, कोई अनुबंध या सौदा चिट्ठी हो या उक्त विक्रय व्यवहार से किसी को कोई आपत्ति हो तो वे इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में लिखित आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करवा लेंगे तथा किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार पर किसी भी रूप में बंधनकारी एवं पालनीय नहीं होगी सूचित हो पाबंदी करे। दिनांक 29/05/2026

**केदार व्यास एडवोकेट**
**कार्यालय : कोर्ट परिसर बड़नगर जिला उज्जैन (मप्र)**

### जाहिर सूचना का खण्डन

**समाचार पत्र दैनिक अवंतिका उज्जैन दिनांक 26.05.2026 में प्रकाशित**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26.05.2026 को समाचार पत्र दैनिक अवंतिका उज्जैन ग्राम बडगांव तहसील महिदपुर जिला उज्जैन स्थित कृषि भूमि के विक्रय के संबंध में एक जाहिर सूचना का प्रकाशन अधिवक्ता अजय कुमावत पुलिस कंट्रोल रूम के सामने उज्जैन के द्वारा प्रकाशित करवाया जाना मेरे पक्षकार के ज्ञान में आया होकर संदर्भित जाहिर सूचना में किस व्यक्ति के द्वारा उल्लेखित सर्वे नम्बरों को विक्रय किया जाना तथा किस पक्षकार के द्वारा उल्लेखित रखे गये सर्वे नम्बरों को क्रय किया जा रहा है ऐसे किन्हीं भी पक्षकारों के नाम का खुलासा नहीं किया गया है तथा भूमि स्वामी के नाम का भी उल्लेख नही किया गया है।

यह कि जाहिर सूचना दिनांक 26.05.2026 में जिन सर्वे नम्बरों को विक्रय एवं क्रय किये जाने हेतु जिस कथित जाहिर सूचना को प्रकाशित करवाया गया है, उसमें अन्य सर्वे नम्बरान के साथ में मेरे पक्षकार सेवाराम पिता मोतीराम निवासी घियाखेडी के प्रत्यक्ष स्वामित्व स्वत्व की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 511/1 रकबा 0.38 आरे एवं मेरे पक्षकार मनोहरसिह पिता मोतीराम आंजला निवासी घियाखेडी के प्रत्यक्ष स्वामित्व की भूमि सर्वे नम्बर 508/1 रकबा 0.59 आरे एवं सर्वे नम्बर 508/2 रकबा 1.50 को भी विक्रय किये जाने के रूप में उल्लेखित किया गया है, जो कतिपय षडयंत्र के रूप में प्रथम दृष्टया दर्शित होता है मेरे दोनो ही पक्षकार सेवाराम और मनोहरसिंह द्वारा अपने स्वामित्व के उक्त तीनों ही सर्वे संख्यांक की भूमि को किसी भी पक्ष को किसी भी रूप में विक्रय किये जाने का कोई अनुबंध पत्र निष्पादित नही किया है और ना ही कोई बयाना राशि प्राप्त की गई है, कथित रूप से मेरे पक्षकार के सर्वे नम्बरों को जाहिर सूचना में प्रकाशित किया गया है, तद्संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त तीनों ही सर्वे संख्यांक की भूमि के संबंध में उनके वास्तविक स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति को ऐसा कोई संव्यवहार किये जाने का अधिकार प्राप्त नही है बावजूद इसके यदि ऐसा कोई भी संव्यवहार किया जाता है तो वह मेरे पक्षकारगण के विरूद्ध बंधनकारी नही होगा।

यह कि जाहिर सूचना का प्रकाशन अधिवक्ता अजयजी कुमावत के नाम से किया गया होकर प्रकाशन में उनके मोबाईल नम्बर भी लेख रखे गये है इस मोबाईल नम्बर पर संपर्क किये जाने पर अधिवक्ता श्री अजयजी कुमावत द्वारा यह व्यक्त किया गया कि मेरे द्वारा ऐसी कोई जाहिर सूचना प्रकाशित नही करवाई गई है तद्संबंध में अधिवक्ता अजयजी कुमावत इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सूचित हो- इति दिनांक 29.05.2026

**मनोजकुमार धाकड़ एडव्होकेट**
**मातृकि निकुंज नारायणा रोड महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 9893705705**

In The Court Of IX Civil Judge Class - I, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**श्रीमती प्रियंका मालपानी राठी**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक** (MJC SUC/0000068/2025)
**प्रमोद ------आवेदक**
**Vs**
**प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया.... अनावेदक**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 10/07/2026**

**प्रेषिती**
(1) सर्वसाधारण पता - सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रमोद पिता बद्रीसिंह, आयु 62 वर्ष, व्यवसाय-मजदूरी, निवासी-26/1 राजेन्द्र नगर उज्जैन म प्र की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन आवेदक का बडा भाई कुंवरसिंह तंवर पिता बद्रीसिंह तथा उनकी पत्नी मायादेवी उर्फ मायाबाई पति कुंवरसिंह निवास करते थे। कुंवरसिंह एवं मायाबाई की कोई संतान नहीं थी। आवेदक के साथ निवासरत रहने के दौरान आवेदक के भाई कुंवरसिंह के द्वारा अपने जीवनकाल में अनावेदक क्रं.2 प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक शाखा नई सडक उज्जैन म प्र में एक बचत खाता क्रमांक-10171150717 में राशि जमा कराई थी जो 73833/- रुपये एवं ब्याज राशि है एवं कुंवरसिंह की पत्नी मायादेवी उर्फ मायाबाई जो आवेदक की भाभी अनावेदक क्रं-1 बैंक ऑफ इण्डिया शाखा इंदिरा नगर उज्जैन के यहां खाता क्रमांक-912610110006180 राशि जमा कराई थी जो 22561/- रुपये एवं ब्याज राशि है, आवेदक के भाई एवं उनकी पत्नी कृषि मजदूरी करने हेतु ग्राम खनेता तहसील गोहद जिला भिण्ड में निवास करने लगे, इसी दौरान दिनांक 05/11/2016 को मायाबाई उर्फ मायाबाई पति कुंवरसिंह का स्वर्गवास हो गया तथा लगभग 9 माह पश्चात दिनांक 13/08/2017 को आवेदक के भाई कुंवरसिंह का भी स्वर्गवास हो गया, उनकी कोई संतान नहीं थी तथा स्व. कुंवरसिंह एवं मायादेवी के वैध वारिसान आवेदक के अलावा अन्य कोई नहीं है। आवेदक पता ने मृतकगण कुंवरसिंह तंवर पिता बद्रीसिंह तथा उनकी पत्नी मायादेवी उर्फ मायाबाई पति कुंवरसिंह, निवासीगण - 26/1 राजेन्द्र नगर उज्जैन मप्र की अनावेदकगण क्रं. 1 एवं 2 की बैंको में जमा उपरोक्त राशि एवं ब्याज/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 10 जुलाई 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 10 जुलाई 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 25 मई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(प्रियंका मालपानी राठी)**
**नवम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

In The Court Of I Additional Judge to Court of I Civil Judge Senior Division, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**श्रीमती संगीता शुक्ला, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तराना**
**नीलाम का विज्ञापन**
**(सिविल प्रोसीजर कोड सन 1908 ई. आर्डर 29, रूल 66)**
(EX A/0000006/2024)
**गिरीश कुमार-------- डिक्रीदार**
**Vs**
**कंचन बाई------मदयून-डिक्री**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 15/06/2026**

**बनाम बेलीफ अदालत**
(1) कंचन बाई पति रमेशचन्द्र पता जाति बागरी निवासी ग्राम बरण्डवा तहसील तराना

इस लेख के द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपर लिखे मुकदमें में खर्च और बिक्री की तारीख तक ब्याज जोडकर डिक्रीदार को जो रकम लेना है उसकी अदायगी के लिये इस लेख के साथ नत्थी की हुई फहेरिस्त में वर्णन की हुई के कुर्क की हुई जायदाद की बिक्री करने के लिए सिविल प्रोसीजर कोड सन 1908 ई. आर्डर 21, रूल 64 के अनुसार इस अदालत ने हुक्म दिया है।

नीलाम जाहिर तौर पर होगा और जायदाद फेहरिस्त में लिये अनुसार अलग अलग लाट में नीलाम की जावेगी। नीलाम उपर लिखे हुए मदयून डिक्री की उस जायदाद का कार्य जायेगा जिसका की वर्णन फहरिस्त में किया गया और क्षी दी जिम्मेदारिया और दावे उक्त वाद के निरबत है वे भी जहां तक मालूम किया जा सके है, हर लाट के सामने लिख दिये गये है। अगर नीलाम स्थगित कर देने का हुक्म न दिया जाय तो नीलाम मार्फत नाजिर से तारीख 15 माह 06 सन 2026 को 11 बजे मुकाम मौके पर किया जाएगा। लेकिन यदि किसी माल की बोली खत्म होने के पहले उपर लिखा खर्जा और खर्चा नीलम अदाई के लिए पेश किया जाये या अदा कर दिया जाय तो नीलाम बन्द कर दिया जायेगा।

नीलाम में आम लोग खुद या अपने अधिकृत मुख्तियार के माफत बोली बोल सकते हैं। परन्तु अदालत से साफ तौर से भी हुई पूर्व सहमति के सिवाय न तो उपरोक्त डिक्रीदार की या उसके तरफ से कोई अन्य मनुष्य की बोली को स्वीकर किया जा सकता है और न उन्हें की हुई बिकी जायज ही हो सकती है। नीलाम की और शर्ते नीचे लिख हैः-

**नीलाम की शर्ते**

1 जायदाद का तफसील जहां तक अदालत को मालूम हो सका नीचे की फहरिस्त में दिया गया परन्तु यदि कोई पूर्ण गलत बयान या कोई बात जो इस विज्ञापन में पाई जाय उसके लिए अदालत जवाबदार नहीं है।
2 बोली कितनी बड़ाकर बोली जाय इसका निर्णय नीलाम करने वाला अफसर करेगा। अगर कोई झगडा बोली रकम या बोली बोलने वाले आदमी को नस्बत खड़ा हो तो वह लाट उसी वक्त फिर से नीलाम किया जायेगा।
3 जो किसी लाट की सबसे ज्यादा कीमत लगायेगा वह उस लाट का खरीददार ठहराया जायगा मगर हमेशा शर्त यह है कि वह कायदे के मुताबिक बोली बोलने के काबिल हो और अदालत या नीलाम करने वाले अफसर का अधिकार है कि सबसे ज्यादा कीमत की बोली को कबूल करने के से इंकार कर जब इस तरह लगी हुई कीमत साफ ऐसी कम नजर आये कि इस पर नीलाम खतम करना उचित नहीं है।
4. रूल 60 आर्डर 21 के अनुसार नीलाम करने वाला अफसर नीलाम मुलतबी कर सकता है, मगर मुलतबी करने का करा उनको लिखना होगा।
5. अगर जायदाद मनकूला हो तो कीमत हर लाट की नीलामी के वक्त या जिस वक्त नीलाम करने वाला अफसर हुक्म के उस वक्त दाखिल करना होगा और यदि दाखिल न की जावे जायदाद तुरन्त फिर से नीलाम की जावेगी।
6. अगर आप जायदाद गैर मनकूला हो तो उस शख्स का खरीददार ही ठहराया जाय खरीददार ठहराने जाने के तुरन्त ही 25 रू. सैकड़ा अपनी बोली की रकम पर नीलाम करने वाले अफसर के पास जमा करना होगा और अगर वह रकम जमा न की जावे तो जायदाद फौरन फिर से नीलाम की जावेगी।
7. खरीददार कीमत की पूरी रकम जायदाद के नीलाम होने के दिन से उस दिन को छोड़कर पन्द्रहवे दिन अदालत उठने से पहले दाखिल करेगा। यदि पन्द्रहवे दिन इतवार या कोई छुट्टी का दिन हो तो उस पन्द्रहवें दिन के बाद अदालत खुलने के पहले दिन अदालत के दाखित करेंगा।

अगर कीमत की बाकी रकम मुद्दत के अन्दर न अदा की जाय तो क्या विज्ञापन दिये बाद जायदाद फिर से नीलाम की जायगी और अदालत को अधिकार है कि जमा किया हुआ रूपया नीलाम का खर्चा काटने के बाद अगर उचित समझे तो जप्ती कर लें और कीमत अदा न करने वाले खरीददार का कोई जायदाद मजकूर पर या जायदाद कफर से नीलाम की गई हो तो उसकी कीमत के किसी हिस्से पर बाकी न रहेगा।

नोटः आर्डर 21 रूल 90 में बतलाया गया हैं कि नीलाम प्रकाशित कराने या नीलाम के काम चलाने में भारी वनाव्तगी का छल हुआ है, उस कारण से नीलम रद्द करने के लिए दी हुई दरख्वास्त ऐसे कोई भी कारण से जो नीलाम शुरू होने के पहले बताया जा सकता था, लेकिन दरख्वास्त कुनिन्दा ने नहीं बतलाया, मंजुर नहीं की जावेगी।

अदालत की मुहर से आज तारीख 14-05-2026 को जारी किया गया।

**(श्रीमती संगीता शुक्ला)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**तराना न्याया. के प्रथम अति. न्यायाधीश तराना जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## शाजापुर में मित्र मिलन कार्यक्रम का अभिनव आयोजन सम्पन्न

**शाजापुर।** गांधी हॉल शाजापुर में वर्ष 1975 के बी.टी.आई. राजगढ़ के शिक्षक साथियों का अभिनव मित्र मिलन समारोह आत्मीय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में राजगढ़ एवं शाजापुर के लगभग 50 मित्र सपत्नीक उपस्थित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाजापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरुण भीमावद ने इस अनूठे आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में इस प्रकार के आयोजन अत्यंत सुखद एवं प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में परिवार और समाज का उत्कृष्ट स्थान है और मित्र परिवार का 51 वर्षों से निरंतर संपर्क बनाए रखना सच्ची मित्रता का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1975 में बी.टी.आई. राजगढ़ से प्रारंभ हुई मित्रता आज तक उसी आत्मीयता के साथ कायम है। उस समय मोबाइल जैसी संपर्क सुविधाएं नहीं थीं, केवल चिट्ठी-पत्री के माध्यम से ही सुख-दुख का आदान-प्रदान होता था, फिर भी मित्रता का यह संबंध निरंतर जीवंत बना रहा। यह मित्रों की आत्मीयता का प्रमाण है। श्री भीमावद ने कहा कि इस मित्र मिलन समारोह में उपस्थित होकर वे स्वयं गौरव का अनुभव कर रहे हैं तथा यहां से यह सीख लेकर जा रहे हैं कि दुनियादारी के कामकाज तो चलते रहते हैं, परंतु मित्रता को जीवनभर कैसे निभाया जाता है, यह इन मित्रों से सीखा जा सकता है और समाज को भी सीखना चाहिये। उन्होंने कहा कि 51 वर्षों बाद भी सभी मित्रों का अपनी-अपनी जीवनसंगिनी के साथ एक स्थान पर एकत्रित होना अत्यंत प्रेरक है।

## शोल्डरों पर डाले गए पत्थर और बोल्डरों से हो रहे हादसे

**आरोन/गुना।** जिले के आरोन विकासखंड अंतर्गत इमलिया-रिजोदा रोड प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना गुना के तहत फर्म मेसर्स राजमार्ग बिल्डर गुना द्वारा बनाई गई है। उक्त सडक वारंटी पीरियड के अंतर्गत होने से कुछ समय पहले डामरीकरण किया गया हैं। जिसमें ठेकेदार द्वारा शोल्डर सही से नहीं बनाए गए। सोल्डरों पर पत्थर और बोल्डर दोनों तरफ पटक दिए हैं जिससे आए दिन क्षेत्रवासी सडक हादसे का शिकार हो रहे हैं। दरअसल मामला ये है कि सडक पर आवागमन करने वालों को काफी समस्या महसूस हो रही है। लोगों के वाहन फिसल रहे हैं और दिन ब दिन घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इस कारण क्षेत्रवासियों ने विभाग के जिम्मेदारों और ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है। उक्त सडक का विभाग के जिम्मेदार उपयंत्री, एसडीओ ने निरीक्षण, मूल्यांकन बगैर भौतिक सत्यापन के ही कर दिया। ऐसी स्थिति में क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी समस्याएं आ रही है, लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने मौन साध लिया है। इस कारण ठेकेदार की अनदेखी के साथ-साथ विभाग की लापरवाही सामने आ रही है। यह साबित हो रहा है कि जनता की सुध लेने वाला कोई नही है। जबकि आमजन की सुगमता को देखते हुए तत्काल ठेकेदार से सोल्डरों का भराव ठीक से कराया जाना चाहिए जिससे की आवागमन में समस्याएं उत्पन्न ना हों।

## जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में जिला सडक सुरक्षा समिति की वर्चुअल बैठक जिला कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल, संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में जय स्तंभ चौराहे से भुल्लनपुरा तिराहे तक आरओबी के दोनों ओर सडक मरम्मत एवं ब्रिज के ऊपर सुरक्षा वेरियर लगाए जाने संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री कन्याल ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि उक्त कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, जिससे आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में राष्ट्रीय राजमार्गों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर श्री कन्याल ने निर्देशित किया कि संबंधित क्षेत्र के कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल के सहयोग से अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल ने कहा कि जिन स्थानों पर एनक्रोचमेंट ड्राइव चलाया जाना है, उन्हें चिन्हित कर पुलिस विभाग को अवगत कराया जाए, ताकि आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराया जा सके। कलेक्टर श्री कन्याल ने एनएचएआई अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्षा ऋतु में मवेशियों के राष्ट्रीय राजमार्ग पर आने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। इसे देखते हुए भदौरा क्षेत्र के पास गौशाला निर्माण हेतु कार्ययोजना तैयार की जाए। साथ ही काउ कैचर दल द्वारा हाईवे पर नियमित गश्त सुनिश्चित की जाए। बैठक में सीएनएच अधिनियम एवं निर्धारित एसओपी के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा निर्मित आरओडब्ल्यू क्षेत्र में हुए अतिक्रमण को 60 दिवस की समय-सीमा में हटाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जिन मार्गों से राष्ट्रीय एवं राज्य मार्ग गुजरते हैं, वहां 15 दिवस के भीतर जिला राज्य मार्ग सुरक्षा टास्क फोर्स का गठन करने के निर्देश भी दिए गए।

## एनएसए के तहत बड़ी कार्रवाई,तीन माह के लिए निरुद्ध

**गुना।** गुना जिले में लोक व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) 1980 के तहत एक निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक गुना के प्रतिवेदन एवं संलग्न आपराधिक अभिलेखों के परीक्षण उपरांत कलेक्टर श्री कन्याल ने पाया कि इरशाद पिता इस्माईल खान (36 वर्ष), निवासी छबड़ा राजस्थान, हाल निवासी हड्डीमील एवं रसीद कॉलोनी गुना का स्वतंत्र रूप से विचरण करना जिले की लोक व्यवस्था के लिए प्रतिकूल है। इसी आधार पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3(2) के अंतर्गत इरशाद खान के विरुद्ध तीन माह की अवधि हेतु निरोध आदेश पारित किया गया है। आदेशानुसार संबंधित व्यक्ति को केंद्रीय जेल ग्वालियर में निरुद्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में यह भी उल्लेखित किया गया है।

## प्लाट की रसीद सहित दस्तावेज गुम होने की जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती संगीता आंजना पति श्री राजेश आंजना निवासी ग्राम सुरासा उज्जैन के द्वारा दिनांक 25/05/2026 को दोपहर 2.00 से 3.00 बजे के लगभग बत्ती बाजार जूना सोमवारिया से मै अपने घर सुरासा जा रही थी इस दौरान मेरा पर्स कहीं गिर गया है जिसमें ग्राम सुरासा स्थित सर्वे नंबर 180/1 जो कि पटवारी हल्का नंबर 39 अंतर्गत के भूखंड क्रमांक 75 जिसकी साइज 25 बाय 40 होकर 1000 वर्ग फुट की मूल रसीद जोकि श्रीमती संगीता आंजना पति श्री राजेश आंजना निवासी सुरासा आगर रोड़ उज्जैन के नाम से थी काफी ढूढने के पश्चात पर्स नही मिला है इस संबंध में पुलिस थाना चिमनगंज मण्डी उज्जैन में आवेदन दिया गया है यदि कोई व्यक्ति उक्त भूखंड की रसीद का दुरूपयोग करता पाया गया तो उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जावेगी सूचित हो।

इति दिनांक 29/05/2026 ई. स्थान उज्जैन

**विजय शर्मा अभिभाषक**
**3/2, द्रविड़ मार्ग की गली, बहादुरगंज, उज्जैन मो. 98936-96299**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने लालसिंह पिता श्री रामचन्द्र जी, निवासी ग्राम पिपलियाराघो तहसील व जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर 229 (एस) रकबा 0.8100 हेक्टेयर में से रकबा 0.2000 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम छायन तहसील व जिला उज्जैन का क्रय किया है का मेरे पक्षकार ने सौदा कर सौदा राशि अदा कर स्वयं के हित में दस्तावेज सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया हैं तथा जाहिर सुचना के प्रकाशन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति नही आने की दशा में सोदा चिट्ठी के परिपालन मे शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जावेगा। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी बैंक का या उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सुचित हो। इति दिनांक-29.05.2026

**योगेश शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय-डी एफ-9, भरतपुरी काम्पलेक्स**
**देवास रोड, उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने 1- आत्माराम पिता भागीरथ, 2- कमलाबाई पति आत्माराम कृषक ग्राम मीन तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व तथा आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 226 रकबा 1.57 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 243/2 रकबा 0.40 हेक्टेयर तथा सर्वे क्रमांक 225/2 रकबा 0.83 हेक्टेयर कुल किता 3 कुल रकबा 2.80 हेक्टेयर स्थित ग्राम मीन तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है को क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन बयाना राशि दी है तथा अब उक्त भूमिस्वामी को शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन राशि अदाकर उनसे अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करवाया जाना है, यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालबा हो, या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो वा उक्त वर्णित भूमि में किसी का कोई स्वत्व, हित, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा शेष बयाना राशि एव तत्पश्चात शेष विक्रयधन अदा किया जाकर भूमिस्वामी से अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जायेगा सो सूचित हो। इति दिनांक - 29-05-2025 स्थान उज्जैन

**अजय कुमावत एडवोकेट**
**कार्यालय - पुलिस कंट्रोल रूम के सामने उज्जैन**
**मो 9993364312**

## In The Court Of I Additional Judge to Court of I Civil Judge Senior Division, District Court, Ujjain

**Presiding Officer: श्रीमती संगीता शुक्ला, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तराना**

### नीलामी का विज्ञापन

**( सिविल प्रोसीजर कोड़ सन 1908 ई आर्डर 29 रूल 66 )**
(EX A/0000005/2024)
**प्रकाशचन्द्र जैन .......... डिक्रीदार**
**विरूद्ध**
**गोकुल ......... मदयून डिक्री**
**Process Id-317/2026**
**पेशी दिनांक 15/06/2026**

बनाम बेलीफ अदालत

(1) गोकुल पिता रमेशचन्द्र जाति बागरी निवासी ग्राम बरण्डवा तहसील तराना

इस लेख के द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपर लिखे मुकदमें में खर्च और बिक्री की तारीख तक ब्याज जोडकर डिक्रीदार को जो रकम लेना है उसकी अदायगी के लिये इस लेख के साथ नत्थी की हुई फहेरिस्त में वर्णन की हुई के कुर्क की हुई जायदाद की बिक्री करने के लिए सिविल प्रोसीजर कोड सन 1908 ई. आर्डर 21, रूल 64 के अनुसार इस अदालत ने हुक्म दिया है। नीलाम जाहिर तौर पर होगा और जायदाद फेहरिस्त में लिये अनुसार अलग अलग लाट में नीलाम की जावेगी। नीलाम उपर लिखे हुए मदयून डिक्री की उस जायदाद का कार्य जायेगा जिसका की वर्णन फहरिस्त में किया गया और क्षी दी जिम्मेदारिया और दावे उक्त वाद के निस्बत है वे भी जहां तक मालूम किया जा सके है, हर लाट के सामने लिख दिये गये है। अगर नीलाम स्थगित कर देने का हुक्म न दिया जाय तो नीलाम मार्फत नाजिर से तारीख 15 माह 06 सन 2026 को 11 बजे मुकाम मौके पर किया जाएगा। लेकिन यदि किसी माल की बोली खत्म होने के पहले उपर लिखा खर्जा और खर्चा नीलम अदाई के लिए पेश कया जाये या अदा कर दिया जाय तो नीलाम बन्द कर दिया जायेगा। नीलाम में आम लोग खुद या अपने अधिकृत मुख्तियार के माफत बोली बोल सकते हैं। परन्तु अदालत से साफ तौर से भी हुई पूर्व सहमति के सिवाय न तो उपरोक्त डिकीदार की या उसके तरफ से कोई अन्य मनुष्य की बोली को स्वीकर किया जा सकता है और न उन्हें की हुई बिकी जायज ही हो सकती है। नीलाम की और शर्ते नीचे लिख है-

**नीलाम की शर्ते**

1 जायदाद का तफसील जहां तक अदालत को मालूम हो सका नीचे की फहरिस्त में दिया गया परन्तु यदि कोई पूर्ण गलत बयान या कोई बात जो इस विज्ञापन में पाई जाय उसके लिए अदालत जवाबदार नहीं है। 2 बोली कितनी बड़ाकर बोली जाय इसका निर्णय नीलाम करने वाला अफसर करेगा। अगर कोई झगडा बोली रकम या बोली बोलने वाले आदमी को नस्बत खड़ा हो तो वह लाट उसी वक्त फिर से नीलाम किया जायेगा। 3 जो किसी लाट की सबसे ज्यादा कीमत लगायेगा वह उस लाट का खरीददार ठहराया जायगा मगर हमेशा शर्त यह है कि वह कायदे के मुताबिक बोली बोलने के काबिल हो और अदालत या नीलाम करने वाले अफसर का अधिकार है कि सबसे ज्याट्टी कीमत की बोली को कबूल करने के से इंकार कर जब इस तरह लगी हुई कीमत साफ ऐसी कम नजर आये कि इस पर नीलाम खतम करना उचित नहीं है। 4. रूल 60 आर्डर 21 के अनुसार नीलाम करने वाला अफसर नीलाम मुलतबी कर सकता है, मगर मुलतबी करने का करा उनको लिखना होगा। 5. अगर जायदाद मनकूला हो तो कीमत हर लाट की नीलामी के वक्त या जिस वक्त नीलाम करने वाला अफसर हुक्म के उस वक्त दाखिल करना होगा और यदि दाखिल न की जावे जायदाद तुरन्त फिर से नौलाम की जावेगी। 6. अगर आप जायदाद गैर मनकूला हो तो उस शख्स का खरीददार ही ठहराया जाय खरीददार ठहराने जाने के तुरन्त ही 25 रू. सैकड़ा अपनी बोली की रकम पर नीलाम करने वाले अफसर के पास जमा करना होगा और अगर वह रकम जमा न की जावे तो जायदाद फौरन फिर से नीलाम की जावेगी। 7. खरीददार कीमत की पूरी रकम जायदाद के नीलाम होने के दिन से उस दिन को छोड़कर पन्द्रहवे दिन अदालत उठने से पहले दाखिल करेगा। यदि पन्द्रहवे दिन इतवार या कोई छुट्टी का दिन हो तो उस पन्द्रहवें दिन के बाद अदालत खुलने के पहले दिन अदालत के दाखित करेगा। अगर कीमत की बाकी रकम मुद्दत के अन्दर न अदा की जाय तो क्या विज्ञापन दिये बाद जायदाद फिर से नीलाम की जायगी और अदालत को अधिकार है कि जमा किया हुआ रूपया नीलाम का खर्चा काटने के बाद अगर उचित समझे तो जप्ती कर लें और कीमत अदा न करने वाले खरीददार का कोई जायदाद मजकूर पर या जायदाद कफर से नीलाम की गई हो तो उसकी कीमत के किसी हिस्से पर बाकी न रहेगा। नोट- आर्डर 21 रूल 90 में बतलाया गया हैं कि नीलाम प्रकाशित कराने या नीलाम के काम चलाने में भारी वनाव्तगी का छल हुआ है, उस कारण से नीलम रद्द करने के लिए दी हुई दरख्वास्त ऐसे कोई भी कारण से जर्जा नीलाम शुरू होने के पहले बताया जा सकता था, लेकिन दरख्वास्त कुनिन्दा ने नहीं बतलाया, मंजुर नहीं की जावेगी। अदालत की मुहर से आज तारीख 14-05-2026 को जारी किया गया। कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया

**न्यायालय की मुद्रा** **न्यायाधीश**
**( श्रीमती संगीता शुक्ला )**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, तराना न्याया,**
**के प्रथम अति. न्यायाधीश तराना जिला उज्जैन ( म.प्र. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, उज्जैन (म.प्र.)

### // नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना //

**क्रमांक: सम्पत्तिकर/2026/580** **उज्जैन, दिनांक 18/05/26**

सर्व सम्बन्धितों को सूचित किया जाता है कि, मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के प्रावधान अंतर्गत सम्पत्तिकर झोन कार्यालय, नगर पालिक निगम उज्जैन में नामांकन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

| झोन क्र. | वार्ड क्र. | प्र.क्र. | सम्बंधित सम्पत्ति का पूर्ण पता (जिसका नामांकन होना है) | सम्पत्ति स्वामी का नाम | आवेदक का नाम, जिसका नामांकन होना है | नामांकन का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 1 | 217 | 50 का भाग महेन्द्र मार्ग | सत्यनारायण पिता उत्सवलाल | अनय चतुर्वेदी पिता उपेन्द्र चतुर्वेदी | शपथ पत्र , विक्रय पत्र |
| 01 | 13 | 218 | 9/1 वीर दुर्गा दास मार्ग | मोहम्मद हुसैन पिता कादर | नौशाद कुरैशी पिता मोहम्मद हुसैन | विक्रय पत्र |
| 01 | 12 | 219 | सर्वे क 128 का भाग म न 5 रणजीत नगर | कंवरलाल पिता धन्नालाल | नारायण सिंह मीणा पिता नंदराम मीणा | विक्रय पत्र |
| 01 | 13 | 220 | 5 व 5 /1 22 , 22/1 , .22/2 , फ्लेट गौतम मार्ग | बादशाह रियल इन्फा आनन्द शर्मा | शब्बीर हुसैन पिता सैफुद्दीन | विक्रय पत्र |
| 01 | 2 | 221 | 4/2/1 लाल बाई फुल बाई मार्ग | 1 सुगन बाई पति रमेशचन्द 2 अनिता एवं आदि । | पंकज राठौर पिता हरिशचन्द | विक्रय पत्र |
| 01 | 11 | 222 | 10 मोलाना आजाद मार्ग | उस्मान पिता रहीम | गामा कुरैशी पिता काले कुरैशी | हकतयाग पत्र |
| 01 | 12 | 223 | 9 एवं 9/1 भद्र बाहु मार्ग मुल्लापुरा | फरहान शेख पिता खाजू | बीना बी पति कादर खान | विक्रय पत्र |
| 01 | 11 | 224 | 10/2 मौलाना आजाद मार्ग | जाकीर हुसैन पिता हबीब कुरैशी | नौशाद बी पति मुन्ने खान | विक्रय पत्र |
| 01 | 13 | 225 | 15/2/1 वीर दुर्गा दास मार्ग | सेंदन सिंह पिता गोपीलाल | प्रियंका विश्वकर्मा पति हेमंत | विक्रय पत्र |
| 01 | 01 | 226 | सर्वे क 47/3/2 का भाग भूखण्ड मोजमखेडी | कमलेश पिता गोविन्द राम | 1 कृष्णा बाई पति कैलाश 2 रवि 3 मनोज 4 राहुल | विक्रय पत्र |
| 01 | 9 | 227 | 282 का भाग गौतम मार्ग | जम्बु कुमार एव आदि | 1 दिपेश जैन पिता विजय कुमार जैन 2 अंगुरबाला जैन | विक्रय पत्र |
| 01 | 9 | 228 | 177 महावीर मार्ग | निर्मला देवी पति महेन्द्र जैन | 1 महेन्द्र जैन पिता दिपचन्द 2 मनीष जैन पिता महेन्द्र जैन | शपथ पत्र , मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 01 | 9 | 229 | 179 महावीर मार्ग | निर्मला देवी पति महेन्द्र जैन | 1 महेन्द्र जैन पिता दिपचन्द 2 मनीष जैन पिता महेन्द्र जैन | शपथ पत्र , मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 02 | 14 | 539 | 49का तल मंजिल 49/1 का प्रथम मंजिल वाला भाग 49/2 का द्वितीय मंजिल भाग, राम प्रसाद भार्गव मार्ग, गली क्र. 2 डगरवाड़ी, उज्जैन | 1 लीलावंती पति स्व. लीलाधर कर्मवानी 2 कन्हैयालाल 3 शंकरलाल 4 उदयदास 5 अशोक 6 अशोक पुत्रगण स्व. लेखमल कर्मवानी 7 नारायण दास पिता जुमामल जी 8 श्रीमती भागवंती पति स्व. शीतलदास 9 घनश्याम 10 भोजराज पुत्रगण शीतलदास कर्मवानी मुख्त्यार आम संतोषब रमा पिता मुन्नालाल वर्मा | जीवन उज्जैनिया पिता मनसुखलाल उज्जैनिया | विक्रय पत्र |
| 02 | 4 | 540 | 372 का उत्तर दिशा भाग तिरुपति धाम कालोनी उज्जैन | 1 सचिन शर्मा पिता दिनेश शर्मा 2 श्रीमती निर्मला बाई पति दिनेश शर्मा | श्रीमती मधु पति गोपाल जी | विक्रय पत्र |
| 02 | 4 | 541 | 514 EWS II, अतिरिक्त विश्व बैंक कालोनी उज्जैन | एम पी हाऊसींग बोर्ड एवं अधोसरंचना विकास मण्डल निर्मल कुमार पिता पांचीलाल गुप्ता | श्रीमती शारदा बाई पति भेरुलाल गौड़ | विक्रय पत्र |
| 02 | 14 | 542 | 33&34, रामप्रसाद भार्गव मार्ग उज्जैन | हमिदुज पिता मोहम्मद जफर | राना शाह पति सय्यद नादिर शाह | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 02 | 14 | 543 | 112, कमरी मार्ग पथ क्र. 1 उज्जैन | अली हुसैन पिता मुल्ला फिदा हुसैन लश्करवाला | 1 श्रीमती फातिमा तुराबी 2 श्रीमती शहनाज 3 मेहजबीन लश्करवाला पुत्रिया अली हुसैन लश्करवाला | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 02 | 14 | 544 | 175, वल्लभ भाई पटेल मार्ग उज्जैन | अली हुसैन पिता मुल्ला फिदा हुसैन लश्करवाला | 1 श्रीमती फातिमा तुराबी 2 श्रीमती शहनाज 3 मेहजबीन लश्करवाला पुत्रिया अली हुसैन लश्करवाला | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 02 | 21 | 545 | 18, कमरी मार्ग उज्जैन | अली हुसैन पिता मुल्ला फिदा हुसैन लश्करवाला | 1 श्रीमती फातिमा तुराबी 2 श्रीमती शहनाज 3 मेहजबीन लश्करवाला पुत्रिया अली हुसैन लश्करवाला | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 02 | 14 | 546 | 111, कमरी मार्ग पथ क्र. 1 उज्जैन | अली हुसैन पिता मुल्ला फिदा हुसैन लश्करवाला | 1 श्रीमती फातिमा तुराबी 2 श्रीमती शहनाज 3 मेहजबीन लश्करवाला पुत्रिया अली हुसैन लश्करवाला | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 02 | 7 | 547 | सर्वे क्र. 1075 मे का भाग कमल कालोनी उज्जैन | श्रीमती अंगूरबाला पति निलेश जैन | श्रीमती संगीता पति विनोद वर्मा | विक्रय पत्र |
| 02 | 7 | 548 | 44/1/2, अंकपात मार्ग कमल कालोनी गली क्र. 10 उज्जैन | लक्ष्मणदास बैरागी पिता रामेश्वर बैरागी | श्यामदास बैरागी पिता लक्ष्मणदास बैरागी | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा |
| 02 | 7 | 549 | 44/1/3, अंकपात मार्ग कमला कालोनी उज्जैन | लक्ष्मणदास बैरागी पिता रामेश्वर बैरागी | राजेन्द्र बैरागी पिता स्व लक्ष्मणदास बैरागी | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा |
| 06 | 53 | 937 | भूमि/भूखण्ड 195 पावापुरी धाम | वैशाली पति अरविन्द भटनागर | उषा पति डा. आर के छजलानी | विक्रय पत्र |
| 06 | 53 | 938 | भूमि/भूखण्ड बी 29/25 त्रिवेणी विहार | महेश कुमार पिता माणकचन्द्र भावसार | कल्पना पति स्व महेश कुमार भावसार | शपथ पत्र/मृत्यु पत्र |
| 06 | 51 | 939 | भूमि/भूखण्ड 03 महाकाल वाणिज्य केन्द्र | सुरेश पिंगले पिता बिट्ठल राव | प्रतेशी पिता सुरेश पिंगले | हकतयाग पत्र |
| 06 | 53 | 951 | भूमि/भूखण्ड बी 28/28 त्रिवेणी विहार | बबीता पति विरेन्द्र मालवीय पिता धन्नालाल | मोना वर्मा पिता राधेश्याम वर्मा | विक्रय पत्र |
| 06 | 53 | 952 | भूमि/भूखण्ड 83 क्षिप्रांजली नगर | विजय पिता राजाराम देशपाण्डे | शुभद्रा पति स्व विजय देशपाण्डे | शपथ पत्र/मृत्यु पत्र |
| 06 | 53 | 953 | भूमि/भूखण्ड 7/10 एल आई जी त्रिवेणी विहार | नरेन्द्र सिंह पिता शैलेन्द्र सिंह | सानिध्य पिता अनिल चौहान | विक्रय पत्र |
| 06 | 53 | 956 | भूमि/भूखण्ड 24 पश्चिमी भाग स्टेट बैंक कालोनी | शमीला पति अजय | प्रवेन्द्र सिंह पिता बालमुकुन्द सिंह, बबिता पति प्रवेन्द्र सिंह | विक्रय पत्र |
| 06 | 53 | 957 | भूमि/भूखण्ड 81/4 आनंद नगर | गोपालदास पिता कन्हैयादास बैरागी | लता पति रुपकिशोर भगोरिया | विक्रय पत्र |
| 06 | 51 | 966 | भूमि/भूखण्ड सी 1/8 एम आई जी महाकाल वाणिज्य केन्द्र | सुनील पिता ललित जी गुप्ता | विशाल पिता विजय पाण्डे | विक्रय पत्र |
| 06 | 53 | 999 | भूमि/भूखण्ड बी 19/7 बसंत विहार | लाडकुंवर बाई पति नेमीचंद | सार्थक पिता अमृतलाल जैसवाल | विक्रय पत्र |
| 06 | 51 | 1014 | भूमि/भूखण्ड 8/12 प्रगति नगर | गोवर्धनलाल पिता स्व हीरालाल जी पण्ड्या | आनंदीलाल पिता रामेश्वर , सुशान्त, अंकिता | शपथ पत्र/मृत्यु पत्र |
| 06 | 51 | 1015 | भूमि/भूखण्ड 18/16 महानंदा नगर | पूनम पति जय सहगल | उर्मिला पति राहुल चावड़ा | विक्रय पत्र |
| 06 | 51 | 1016 | भूमि/भूखण्ड 05 महाश्वेता नगर | रोहित पिता स्व महेश माहेश्वरी | राकेश पिता ओमप्रकाश अग्रवाल | विक्रय पत्र |
| 06 | 53 | 1020 | भूमि/भूखण्ड सर्वे 2/2 आनंद नगर | मनोहरलाल पिता जगन्नाथ राठौर | किशोर पिता रमेशचन्द्र, शेखर पिता प्रभुलाल, मनोज पिता प्रीतम प्रसाद, अभिलाष पिता अशोक कुमार | विक्रय पत्र |
| 06 | 51 | 1023 | भूमि/भूखण्ड 13/2 प्रगति नगर | मनीष पिता घनश्याम दास बजाज | योगेश पिता स्व घनश्यामदास बजाज | रिलीज डीड |
| 06 | 53 | 1026 | भूमि/भूखण्ड सी 1/25 महानंदा नगर | विश्वास पिता सीताराम शर्मा | राधा पति विश्वास कुमार, शिखा पति रोहित, मेघा पति पुनित कुमार पिता विश्वास | शपथ पत्र/मृत्यु पत्र |
| 06 | 34 | 1018 | भूमि/भूखण्ड 3412/01 का भाग जयसिंहपुरा | लक्ष्मीबाई पति स्व शंकरलाल | धनसिंह पिता शंकरलाल , सोमेश्वर पिता शंकरलाल,रेखाबाई पति तेजकुंवरलाल | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1100 | भूमि/भूखण्ड 2336 का भाग जयसिंहपुरा | बन्टु पिता कांतिलाल , संजय, अर्चना, विद्या बाई | तुषार पिता बंटू माली | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1101 | भूमि/भूखण्ड 2336 का भाग जयसिंहपुरा | मायाबाई पति अजय | अर्चना पिता कांतिलाल जी | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1102 | भूमि/भूखण्ड 2336 का भाग जयसिंहपुरा | बन्टु पिता कांतिलाल , संजय, अर्चना, विद्या बाई | मायाबाई पति अजय | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1103 | भूमि/भूखण्ड 2336 का भाग जयसिंहपुरा | राज सिंह पिता विजय सिंह, सुनिल पिता विजय, शैलेन्द्र पिता विजय, लक्ष्मी पति भेरूलाल | संगीता पति शैलेन्द्र | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1104 | भूमि/भूखण्ड 2336 का भाग भगतसिंह मार्ग | राज सिंह पिता विजय सिंह, सुनिल पिता विजय, शैलेन्द्र पिता विजय, लक्ष्मी पति भेरूलाल | रेखाबाई पति सुनील | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1105 | भूमि/भूखण्ड 2336 का भाग जयसिंह पुरा मार्ग | बन्टु पिता कांतिलाल , संजय, अर्चना, विद्या बाई | रेखाबाई पति सुनील | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1106 | भूमि/भूखण्ड 42/9 जयसिंह पुरा | मोहनलाल पिता गोविन्द राम | गोपाल पिता स्व मोहनलाल, मंजुबाई , अमोल आदित्य, नेहर | शपथ पत्र/मृत्यु पत्र |
| 06 | 34 | 944 | भूमि/भूखण्ड 3409/1 चिन्तामण मार्ग | रूखमाबाई पति मनोहरलाल जी | राजेश पिता मांगीलाल, रानी बाई पति राजेश परमार | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1006 | भूमि/भूखण्ड 64 भगतसिंह मार्ग | हेमराज पिता स्व अनार जी, गणपत पिता अनार जी, फूलचन्द | शकुन्तला पति स्व हेमराज, रिंकू, संजूबाई पति सुरेश | शपथ पत्र/मृत्यु पत्र |
| 06 | 34 | 1029 | भूमि/भूखण्ड 42/2 जयसिंहपुरा | अखिल भारतीय क्षत्रिय सालवी समाज | रविन्द्र प्रताप पिता प्रताप, तेजकरण पिता स्व पन्नालाल | शपथ पत्र/मृत्यु पत्र |
| 06 | 34 | 1042 | भूमि/भूखण्ड 64 का भाग भगत सिंह मार्ग | गणपत पिता स्व अनार जी | मुन्नीबाई पति स्व गणपत, सुनील , प्रदीप , वर्षा | शपथ पत्र/मृत्यु पत्र |
| 06 | 34 | 1055 | भूमि/भूखण्ड 3270/2/1 जयसिंहपुरा | रीना पति चन्द्र प्रकाश | निमेश पिता रविशुक्ला | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1065 | भूमि/भूखण्ड 98 का भाग 96 जयसिंह पुरा | दिनेश पिता जगदीश माली | रोशन पिता मांगीलाल | विक्रय पत्र |
| 06 | 34 | 1075 | भूमि/भूखण्ड 2336 का भाग भगतसिंह मार्ग | राज सिंह पिता विजय सिंह, सुनिल पिता विजय, शैलेन्द्र पिता विजय, लक्ष्मी पति भेरूलाल | रेखा पति राजसिंह | विक्रय पत्र |
| 06 | 36 | 975 | भूमि/भूखण्ड 305 विवेकानंद कालोनी | रीना पति आनंद शिवहरे | अंजू पति कल्याण शिवहरे | विक्रय पत्र |

अतः उक्त नामांकन के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर लिखित में मय अभिलेख/प्रमाण के साथ अपनी आपत्ति संबंधित झोन के प्रभारी सहायक सम्पत्तिकर अधिकारी को प्रस्तुत करें, नियत अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**नोट:-** उक्त नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना निगम की वेबसाईट http://nagarnigamujjain.org/ पर भी देखी जा सकती है।

**सहायक आयुक्त (सम्पत्तिकर)**
**नगर पालिक निगम, उज्जैन**
**उज्जैन, दिनांक: 18/05/26**

## प्रदेश अध्यक्ष शक्तावत ने आशुतोष राणा का किया सम्मान



**पिपलिया मंडी।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने फिल्म अभिनेता एवं वरिष्ठ लेखक आशुतोष राणा का गले में धर्म दुपट्टा डालते हुए मध्य प्रदेश की धरा पर स्वागत एवं सम्मान किया। आपने आशुतोष राणा से आग्रह एवं निवेदन किया कि वे 2028 में कांग्रेस पार्टी की मध्य प्रदेश में सरकार बने इस हेतु कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारीयों को सुदृढ़ एवं मजबूती प्रदान करने हेतु अपना बहुमूल्य समय मध्य प्रदेश को देने का कष्ट करें।

## आईटीआई में 4 जून को होगा युवा संगम

**मंदसौर।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार एवं कौशल विकास से जोड़ने के उद्देश्य से आगामी 4 जून, गुरुवार को प्रातः 10.30 बजे से शासकीय आईटीआई सीतामऊ में जिला स्तरीय च्युवा संगमज का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर अदिति गर्ग के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें युवाओं को विभिन्न औद्योगिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही शासन की विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं एवं स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने जिले के सभी योग्य एवं इच्छुक युवाओं से कार्यक्रम में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ

**मंदसौर।** शासकीय आईटीआई में सत्र 2026-27 के प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी डीएसडी एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। पंजीयन प्रक्रिया 26 मई से प्रारंभ होकर 30 जून 2026 तक जारी रहेगी, जबकि चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया 1 जून से 30 जून 2026 तक संपन्न होगी। जिले की छह शासकीय आईटीआई संस्थाओं में फिटर, इलेक्ट्रीशियन, मोटर मैकेनिक, वेल्डर, स्टेनो हिंदी एवं इंग्लिश, कोपा, सोलर टेक्नीशियन, ड्राफ्टमैन सिविल, मशीनिस्ट एवं आरएसी सहित विभिन्न रोजगारपरक ट्रेडों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। इन ट्रेडों के माध्यम से विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक कौशल प्रदान किया जाएगा, जिससे रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकेंगे। प्रवेश प्रक्रिया, ट्रेड चयन एवं अन्य जानकारी के लिए अभ्यर्थी अपने नजदीकी शासकीय आईटीआई संस्थान में संपर्क कर सकते हैं।

## सिंगोली मे मिष्ठान भंडार से तीन घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**नीमच।** जिले के सिंगोली,मे तहसीलदार श्री प्रेम शंकर पटेल एवं टीम द्वारा शुक्रवार को सिंगोली स्थित जोधपुर मिष्ठान भंडार पर छापामार कार्रवाई की गई। जांच के दौरान प्रतिष्ठान में घरेलू गैस के 3 सिलेंडर व्यावसायिक उपयोग करते पाए गए। तहसीलदार श्री पटेल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर लिए। जब्त किए गए सिलेंडर दिनेश पिता वक्तावर सिंह की सुपुर्दगी में दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग दंडनीय अपराध है और इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## जिला पोषण समिति बैठक सम्पन्न

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित हुई। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या ने पीपीटी के माध्यम से प्रगति प्रस्तुत की।

# ब्रह्म प्रकट होते है जबकी मानव जन्म लेते है-योगेश्वर शास्त्री

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

ब्रह्म प्रकट होते है जबकी मानव जन्म लेते है इसलिए हम भगवान प्रकटोत्सव मनाते है । जब भी बोलो मीठा बोलो, हमारे शब्दों में कडवापन नहीं मिठास होना चाहिए । उक्त व्यक्तव्य पुरूषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री शेष नारायण मंदिर भरावा की कुई पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा के चौथे दिवस भागवताचार्य पं. योगेश्वर शास्त्री ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव के वाचन के अवसर पर कहीं।

आज कथा में मत्स्य अवतार राजा हरिशचन्द्र की कथा, वामन अवतार, राजा भागीरथ की कथा,



सप्त गंगा के अवतरण की कथा का वृतान्त सुनाया । रघु महाराज की कथा सुनाते हुए कहा कि रघुवंश रघु महाराज के नाम से ही विख्यात हुआ ।

देवकी - वासुदेव की कथा सुनाते हुए उनके विवाह के बाद उनकी आठो संतानों के जन्म का विस्तृत वर्णन किया गया जैसे ही कथा में भगवान श्री कृष्ण जन्म हुआ वैसे ही पूरा पांडाल भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों सेगूंज उठा । श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव आनंद पूर्वक मनाया गया । संगीतमय भजनों की धुनों पर भक्तजन भाव विभोर होकर नृत्य करने लगे । सजा दो घर आज मेरे सरकार आए है, तू इतना अच्छा है तुझे किसी की नजर ना लगे। यशोदा ने जाया लल्ला नगर में हल्ला भयो रे, कृष्ण जन्म भयो आज बधाई गाओ रे । आया सांवरिया सरकार हसंते- हसंते आदि भजनों पर भक्तजनों ने नृत्य करते हुए अपनी खुशी जाहिर की।

कथा के प्रारम्भ में यजमान द्वारा पोथी पूजन की गई तथा श्री मेढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी स्वर्णकार समाज के पदाधिकारियों द्वारा भगवताचार्य योगेश्वर शास्त्री का शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया तथा भागवत जी की पूजन की गई। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष नवनीत सोनी संस्थापक संरक्षक मोहनलाल मिंडिया मार्गदर्शकभगवतीलाल जलोतिया, अरविंद सोनी,पुर्व अध्यक्ष जगदीश भामा, संजय अग्रोया, राजकुमार बैलाव, अध्यक्ष गजाधर जांगलवा, उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, शैलेष जलोतिया, कोषाध्यक्ष संजय सोलीवाल, सचिव रमेश सोनी (पत्रकार), सहसचिव संतोष कड़ेल, प्रचार प्रमुख अखिलेश सहदेव, महिला मंडल अध्यक्ष, श्रीमती कृष्णा देवी मिंडिया, युवा मंच अध्यक्ष लक्की सदेवडा (भीमा), कार्यकारी सदस्य एवं सहयोग कर्ता राजेश भामा ,संजय मांडन, भूपेंद्र मंडावरा, राजेन्द्र अग्रोया, मुकेश अग्रोया, कपूर सोनी, मोतीलाल मिंडिया, हेमंत सारडीवाल, शैलेंद्र सनगट,अनिल कड़ेल, गोपाल खेजलवाड़ आदि सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

# मंदसौर के सरदार पटेल चौराहे से हटे बैरिकेड, आतिशबाजी कर जताई खुशी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

मंदसौर के सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहे पर पिछले कुछ महीनों से लगे बैरिकेड्स को जिला प्रशासन द्वारा हटा दिया गया है, जिससे क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। इस फैसले की खुशी में स्थानीय लोगों ने चौराहे पर आतिशबाजी की और सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जश्न मनाया। दरअसल, आदर्श रोड निर्माण के चलते प्रशासन ने यहाँ बैरिकेड्स लगा दिए थे, जिसकी वजह से वाहन चालकों को लंबा घूमकर जाना पड़ रहा था। इससे न केवल आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी हुई थी।



हालांकि प्रशासन द्वारा नगरपालिका के माध्यम से यहां पर ट्रेफिक व्यवस्था सुधारने के लिये बीपीएल चौराहे पर ऑटोमेटिक ट्राफिक सिंग्नल जल्द ही लगाये जाने है।

यह समस्या आमजन के साथ-साथ प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच एक बड़ा मुद्दा बन चुकी थी। बैरिकेड्स हटाने की मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य दीपक सिंह गुर्जर द्वारा गैर-राजनीतिक रूप से धरना-प्रदर्शन भी किया गया था।

इस मामले में संज्ञान लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर सहित भाजपा पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मुलाकात की थी, वहीं बीपीएल चौराहे पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने एडिशनल एसपी को बुलाकर इस समस्या के स्थाई समाधान की मांग उठाई थी। चौतरफा दबाव और जनहित को देखते हुए प्रशासन ने आखिरकार बैरिकेड्स हटाने की कार्रवाई की, जिससे अब यातायात सुगम हो गया है।



## सम्भागीय सम्मेलन हेतु आयोजन समिति की बैठक संपन्न

**रतलाम ।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई रतलाम द्वारा आगामी 29 जून को आयोजित किए जा रहे संभागीय सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा हेतु आज आयोजन समिति की बैठक पॉवर हाउस रोड स्थित पत्रकार भवन पर संपन्न हुई बैठक में उपस्थित सदस्यों को आयोजन संबंधी प्रभार बांटे गए तथा सम्मेलन में रखे जाने वाले प्रस्तावों एवं एजेंडे पर चर्चा की गई । जिले में पत्रकारिता क्षेत्र में अहम योगदान देने वाले वरिष्ठतम पत्रकारों को संभागीय सम्मेलन में संघ की ओर से सम्मान किए जाने का भी निर्णय लिया गया । बैठक में आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर सदस्यों ने अपने अपने सुझाव रखे । बैठक में आयोजन समिति के सदस्यगण प्रदेश संयुक्त सचिव भेरूलाल टाँक, रतलाम जिलाध्यक्ष राजेश जैन, संभागीय महासचिव विजय मीणा, जिला महासचिव दिनेश दवे,जिला उपाध्यक्ष आरिफ कुरैशी, श्रीनाथ योगी , राकेश पोरवाल , संभागीय पदाधिकारी सुजीत उपाध्याय , गोविंद उपाध्याय , जिला सचिव सौरभ कोठारी , जिला कोषाध्यक्ष किशोर जोशी ,निलेश बाफना , सिकंदर पटेल , राजेश वासनवाल उपस्थित थे

## माहवारी स्वच्छता दिवस पर जागरूकता रैली निकली

**मंदसौर।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय मंदसौर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. जी.एस. चौहान, डीटीओ डॉ. आर.के. द्विवेदी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधन अधिकारी निलेश गर्ग की उपस्थिति में जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात जिला प्रशिक्षण केंद्र आईपीपी-6 के ट्रेनिंग हॉल में कार्यशाला एवं रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आरकेएसके की परामर्शदाता प्रियंका शर्मा ने माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि किशोरियों एवं महिलाओं को माहवारी के दौरान साफ-सुथरे एवं सूती कपड़े अथवा सेनेटरी नेपकिन का उपयोग करना चाहिए। साथ ही साफ-सफाई, संतुलित खानपान एवं सामान्य व्यायाम पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। जिला समन्वयक सुरेशचंद्र मुवेल ने कहा कि माहवारी एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन आज भी समाज में इससे जुड़ी अनेक भ्रांतियां और रूढ़िवादिता फैली हुई हैं। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में इस विषय पर खुलकर चर्चा नहीं होने के कारण महिलाओं और किशोरियों में जागरूकता की कमी बनी रहती है।

## महंगाई भत्ते एरियर का समय पर हो भुगतान

**रतलाम।** मध्य प्रदेश शासन के द्वारा लोक सेवकों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया गया था जिसका एरियरभुगतान ६समान किश्तों में माह म ई पेड़ जून होना है जो समय पर किया जाए यह मांग मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के पदाधिकारी ने जिला शिक्षा अधिकारी रतलाम और जिला प्रशासन से की है। मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री जी के द्वारा प्रदेश के लोक सेवकों के लिए तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता दिए जाने की घोषणा विगत माह की थी जिसका बकाया एरियर भुगतान म ई पेड़ जून में होना चाहिए। अक्सर देखा जाता है संकुल केदो पर और विकासखंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में जो लिपिक संवर्गी कर्मचारी हैं वह इस बात का ध्यान नहीं रखते हैं कि लोक सेवकों को समय पर महंगाई भत्ता ओर उसका एरियर समय पर मिले। जिसके कारण उसका खामियाजा रतलाम में अधिकांश पर कभी भी महंगाई भत्ता समय पर भुगतान नहीं किया गया है, यहां पर किस्तों में यदि भुगतान करने का शासन आदेश देता है तो लिपिक संपर्क केवल एक ही बार में संपूर्ण राशि भुगतान करने का प्रयास करता है और वह उसके कारण कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है।

## 3 दिवसीय प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

जिले के सभी हायर सेकंडरी विद्यालयों के भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान विषय के शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में हुआ। प्रशिक्षण में जिलेभर से लगभग 120 शिक्षकों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टेरेसा मिंज, डाईट प्राचार्य दिलीप सिंह राठौर, एडीपीसी लोकेन्द्र डाभी, जिला योजना अधिकारी दिलीप मुजावदिया, कन्या उमावि के प्राचार्य के.सी. सोलंकी तथा



प्रशिक्षण प्रभारी आर.डी. जोशी उपस्थित रहे।

मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात आरती शर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की तथा प्रेरणा गीत कीर्ति सक्सेना द्वारा प्रस्तुत किया गया। अतिथि परिचय एवं कार्यक्रम का संचालन मुकेश सोनी ने किया। कार्यक्रम की रूपरेखा आर.डी. जोशी ने प्रस्तुत की। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रयोगात्मक शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भौतिक विज्ञान विषय के मास्टर ट्रेनर दिनेश नागर एवं प्रदीप शर्मा, रसायन विज्ञान के मुकेश सोनी एवं निर्मल सूर्यवंशी तथा जीव विज्ञान विषय की कीर्ति सक्सेना एवं कमलेश भट्टड़ उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना संपन्न

**नीमच।** नीमच वन मंडल की 92 बीटों में 22 से 24 मई तक आयोजित तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना 2026 सफलतापूर्वक संपन्न हुई। नौतपा की भीषण गर्मी के बावजूद वन विभाग के मैदानी अमले, वन चौकीदारों एवं युवा वॉलेंटियर्स ने जिले के विभिन्न जलस्त्रोतों तथा पथरीले वन क्षेत्रों में सघन मॉनिटरिंग कर गिद्धों की गणना की। गणना के प्रमुख आंकड़े- इस वर्ष नीमच वन मंडल में कुल 285 गिद्ध दर्ज किए गए। नीमच रेंज 114 गिद्ध, जिनमें 110 इजिप्टियन गिद्ध एवं 4 भारतीय देशी गिद्ध रतनगढ़ रेंज- 88 गिद्ध, मनासा रेंज- 49 गिद्ध, रामपुरा रेंज- 34 गिद्ध पाये गये।

## ट्रक की टक्कर से बाइक चालक किसान की मौत, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घायल

**मन्दसौर।** जिले के पिपलियामंडी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर बेलारा और पलेवना गांव के बीच एक ट्रक ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ग्राम कामलिया निवासी 45 वर्षीय किसान पर्वत लाल नायर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि ग्राम देवरी की 55 वर्षीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वंदना गोड़ गंभीर रूप से घायल हो गईं। वंदना अपनी ड्यूटी खत्म कर मंदसौर जाने के लिए रास्ते में मिले परिचित किसान पर्वत लाल की बाइक पर बैठी थीं। जानकारी अनुसार टक्कर इतनी भयानक थी कि पर्वत लाल के सिर और चेहरे पर ट्रक का पहिया उतर गया, जिससे अत्यधिक खून बहने के कारण उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने पर्वत लाल को मृत घोषित कर दिया और घायल महिला का इलाज शुरू किया। दुर्घटना के बाद आरोपी ड्राइवर ट्रक को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पिपलियामंडी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को जब्त कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# वीर सावरकर की 143वीं जयंती पर नीमच में गूंजे राष्ट्रभक्ति के नारे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

भारतीय सुभाष सेना एवं सावरकर विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में 28 मई को रेलवे स्टेशन नीमच के समीप स्थित प्रतिमा स्थल पर स्वाधीनता संग्राम के महान नायक वीर सावरकर की 143 वीं जयंती गरिमामय तरीके से मनाई गई। कार्यक्रम में शहर के अनेक प्रबुद्धजनों और राष्ट्रभक्तों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा वीर सावरकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान पूरा परिसर च्वीर सावरकर अमर रहेच और च्भारत माता की जयच के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा। इसके पश्चात शिव मंदिर परिसर में संस्था की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती हेमलता धाकड़ की अध्यक्षता में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



सावरकर विचार मंच के संयोजक एवं भारतीय सुभाष सेना के प्रांतीय मंत्री मधुसूदन परवाल ने वीर सावरकर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि मुझे व्यक्तिगत रूप से सावरकर जी से आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है, जो मेरे जीवन की अनमोल पूंजी है। म.प्र.भारतीय सुभाष सेना के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश गोयल ने सावरकर द्वारा किए गए राष्ट्रभक्ति के कार्यों का उल्लेख करते हुए देश के प्रति उनके योगदान को रेखांकित किया।

मुख्य वक्ता कृति संस्था के ओमप्रकाश चौधरी ने सावरकर के साहित्य, राजनीति, समाजसेवा और जेल में झेले गए कठोर संघर्षों पर बात की। श्री चौधरी ने कहा कि सावरकर और उनके परिवार द्वारा किया गया त्याग और बलिदान अद्वितीय है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी उनके सम्मान में डाक टिकट जारी किया था। प्रो. आशीष सोनी ने जोर देकर कहा कि आज की युवा पीढ़ी को वीर सावरकर के विचारों, सिद्धांतों और उनके अद्वितीय राष्ट्रप्रेम से अवगत कराना बेहद जरूरी है। इंजी. बाबूलाल गौड ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा संसद भवन में सावरकर जी का चित्र लगाए जाने का स्मरण कराया। दया याचिकाओं (माफीनामों) के भ्रम पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि अंग्रेज क्रांतिकारियों को इसी शर्त पर छोड़ते थे, लेकिन जेल से बाहर आते ही ये वीर पुनः देश की आजादी के आंदोलनों में सक्रिय हो जाते थे। उन्होंने यह भी कहा कि तत्कालीन राजनेता सावरकर की वैचारिक शक्ति से प्रभावित और आशंकित थे, इसलिए उन्हें हिंदू महासभा के कारण मुख्यधारा से दूर रखने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही श्रीमती हेमलता धाकड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि सावरकर के गौरवशाली इतिहास को शिक्षण पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाना चाहिए ताकि युवाओं को सही जानकारी मिल सके। उन्होंने वर्तमान सरकार की सराहना करते हुए कहा कि आज क्रांतिकारियों के परिवारों का सम्मान हो रहा है।

## न्यूज कालम



## ईदुल-अजहा का त्यौहार ईदगाह में नमाज के साथ मनाया

**नीमच।** मुस्लिम समाज ने त्याग और बलिदान का त्यौहार ईदुल-अजहा मनाया गया। ईदगाह कमेटी के सदर सईद भाई काले ने बताया की इस्लामिक मान्यता के अनुसार हजरत इब्राहिम अपने पुत्र हजरत ईस्माइल को इसी दिन खुदा की राह में कुर्बान करने जा रहे थे,तो अल्लाह ने उसके पुत्र को जीवनदान दे दिया जिसकी याद में यह कुबार्नी का पर्व मनाया जाता है। शहरकाजी सद्दाम हुसैन अत्तारी ने ईदगाह में ईदुल-अजहा बकरीद की नमाज सुबह 8 बजे अदा करवाई तथा देश की तरक्की, खुशहाली और हिंदू-मुस्लिम समाज मिलजुल कर रहे,अपसी सौहार्द व अमन चैन कायम रहे, एवंम सभी त्यौहारों को भाईचारे से मनाने की दुआ मांगी गई। जामा मस्जिद, रिसाला मस्जिद,नसरुल्लाह खां मस्जिद,छोटी मंडी मस्जिद छावनी सहित उपनगर बघाना, नीमच सिटी मस्जिदों में अपने-अपने तय समय के अनुसार नमाज अदा की गई।वहीं ईदगाह में भी ईदुल-अजहा की विशेष नमाज अदा की गई।सभी मुस्लिम भाइयों ने गले मिलकर एक-दूसरे को मुबारकबाद पेश की,एम आई सी सदर गुलाम रसूल पठान के द्वारा ईदगाह में नमाजीयों के लिए शरबत और ठंडे पानी की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर हाजी बाबू सलीम,ईकबाल सेक्रेट्री, सेकेट्री तोफिक सिद्दिकी एम आई सी,इलियास भाई कुरेशी, शेख सैय्यद पठान के सदर सलीम खान,पार्षद प्रतिनिधि ईकबाल कुरेशी, इकराम पहलवान सईद चौधरी,नाहर पहलवान, अजहर भाई,अनवर कुरेशी, सद्दु कुरैशी आदि समाज के लोग उपस्थित थे।

## हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष विषय पर व्याख्यान आज

**नीमच।** कृति (साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक) संस्था, नीमच द्वारा कोलकाता से प्रकाशित प्रथम हिंदी समाचार पत्र उदंत मार्तण्ड की 200 वीं जयंती एवं हिंदी पत्रकारिता दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन 30 मई को रात 8.30 बजे से परशुराम मंदिर सभागृह, एल. आई. सी.रोड पर किया गया है। इस संवाद कार्यक्रम में हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष विषय पर श्री हेमंत चतुर्वेदी क्षेत्रीय संपादक - पंजाब केसरी (डिजिटल), म.प्र./ छत्तीसगढ़ अपने विचार व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं कवि श्री धर्मेंद्र शर्मा करेंगे। यह जानकारी देते हुए कृति के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी और सचिव रघुनंदन पाराशर ने शहर और आस पास के सभी मीडिया से जुड़े मित्रों, सहयोगियों और हिंदी प्रेमियों से अनुरोध किया है कि आप सपरिवार एवं मित्रों सहित पधारकर हिंदी पत्रकारिता की ऐतिहासिक विचार यात्रा के साक्षी अवश्य बने।



## गौवंश के लिए लायंस डायनेमिक ने रखवाई पानी की टंकियां



**मंदसौर।** भीषण गर्मी के मौसम में मूक पशुओं के लिए पेयजल संकट को देखते हुए लायंस क्लब मंदसौर डायनेमिक द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गौवंश एवं अन्य पशुओं के लिए सीमेंट की पानी की टंकियां रखवाई गई हैं। इस सेवा कार्य के शुभारंभ अवसर पर क्लब अध्यक्ष श्रीमती उषा चौधरी ने कहा कि प्यासे जीवों की सेवा करना ही सच्ची मानवता है। भारतीय संस्कृति में गौ सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है और इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। इस अवसर पर क्लब की चित्रा मंडलोई, सीमा धनोतिया, नीता सोलंकी, सुमित्रा चौधरी एवं रीटा पारिख भी उपस्थित रहीं।

## दैनिक अवंतिका के बेनर तले पक्षियों के लिए जल पात्र सकोरा वितरण किये



**पिपलिया मंडी।** 29 मई को नगर के सार्वजनिक स्थान गांधी चौराहे पर पक्षियों के लिए जल पात्र सकोरा वितरण किये गए द्य इस आल्सो पर हमारे संवाददाता बाबूलाल नागर ने कहा कि सिर्फ औपचारिकता पूरी नहीं की बल्कि पात्र लेने वाले लोगों को पात्र में नियमित रूप से पानी भरने और पक्षियों के पहुंच वाले उचित स्थान पर रखना को कहा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि दिलीप गोयल, पार्षद व प्रतिपक्ष नेता सरफराज मेव नगर परिषद कर्मचारी महेंद्रसिंह राजस्व निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक दिनेश चौहान, आदिल खान,अजय राठौर, गोपाल राठौर, बबलू, गोपाल लक्ष्यकर, महेश अग्रवाल, गोपाल कृष्ण धनोतिया, ग्राम पंचायत नैनोरा सरपंच प्रतिनिधि शिवपाल सिंह शाखावत, सचिव दशरथ मालवीय, मनीष जैन सहीत बड़ी संख्या मै गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## जीतो चैप्टर, महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण समारोह आज

**मन्दसौर।** जीतो के तत्वावधान में जीतो मंदसौर चैप्टर, महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ का भव्य शपथ ग्रहण एवं स्थापना समारोह आज 30 मई, शनिवार को मंदसौर में आयोजित किया जाएगा। समारोह में जीतो एपेक्स चेयरमैन पृथ्वीराज कोठारी, वायस चेयरमैन कमलेश आर. सोजतिया, सेक्रेटरी जर्नल ललित डांगी सहित जीतो एपेक्स एवं एमपी जोन चेयरमैन हितेश मेहता एवं दिलीप जैन जोन सेक्रेटरी के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। विशेष अतिथि के रूप में संजय डांगी मुंबई समारोह में शामिल होंगे। मंदसौर चैप्टर की नवीन कार्यकारिणी में अंकित कीमती को अध्यक्ष, सीए विकास भंडारी को मुख्य सचिव एवं मयूर सुराना को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है।



## कांग्रेस कमेटी ने पं.जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**ब्यावरा।** ब्लॉक शहर एवं मंडलम कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में ब्यावरा में मातामंड चौराहे पर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री, भारत रत्न पं.जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने अपने विचार रखे कि पंडित नेहरू की लोकतंत्र, वैज्ञानिक सोच और राष्ट्रीय एकता की विचारधारा से ही देश एक सशक्त एवं समावेशी राष्ट्र बनेगा उक्त कार्यक्रम में संकल्प लिया कि हम पं. नेहरू की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएंगे साथ ही निर्णय लिया कि अब ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आगामी सभी जयंती व पुण्यतिथि मंडलम, वार्ड एवं पंचायत स्तर पर मनाई जाएगी, उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया, पूर्व नपा अध्यक्ष डॉक्टर भारत वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, आफताब खान, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमन अरोरा, नेता प्रतिपक्ष ज्ञानु विजयवर्गीय, लक्की दांगी, जगदीश सेन, मंडलम अध्यक्ष यूनुस मोहमद, मंडलम अध्यक्ष राजू वर्मा, पूर्व पार्षद समीर खान, संजय बंसल, फूलसिंह वर्मा, फरीद भाई, घनश्याम वर्मा, राजा, कमलेश विश्वकर्मा, राम पंवार, लेखराज लोधी, राजू सोधिया , विकास गुप्ता, साजिद ठेकेदार, जीतू महावर, विष्णु मोंगिया, चंदर पेंटर सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिवधाम कॉलोनी में भव्य शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा स्थित शिवधाम कॉलोनी में भव्य कलश शोभायात्रा के साथ सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ, आचार्य प्रमोद नागर के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा की ज्ञान गंगा प्रवाहित होगी, शोभायात्रा क प्रातः 8 बजे इंदिरा नगर राजगढ़ बायपास चौराहा स्थित मनकामेश्वर माता मंदिर से प्रारंभ हुई जो मुख्य मार्ग से होते हुए बैंड-बाजे और भक्ति संगीत की धुनों के साथ शिवधाम कॉलोनी स्थित कथा स्थल पहुंची शोभायात्रा में महिलाओं ने लाल वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखा, जबकि पुरुषों ने सफेद वस्त्र धारण किये, बच्चों और बुजुर्गों ने काफी उत्साहपूर्वक देखा गया, संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक होगी, कथा के माध्यम से सनातन धर्म के आदर्शों, संस्कारों और जीवन मूल्य की महत्ता से श्रद्धालुओं को अवगत कराया जाएगा एक जून को पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी के साथ कथा का समापन होगा।

## एनसीसी कैडेट्स का आर्मी अग्निवीर में चयन महाविद्यालय में खुशी का माहौल






**शुजालपुर।** जेएनएसएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर के एनसीसी विभाग के पांच कैडेट्स का आर्मी अग्निवीर में चयन हुआ है। कैडेट्स की इस उपलब्धि से महाविद्यालय में हर्ष का वातावरण है। चयनित कैडेट्स में पंकज सूर्यवंशी, राज पाटीदार, हरिओम कटारिया, देवेंद्र धनगर एवं रौनक बंजारा शामिल हैं। 04 मप्र बटालियन एनसीसी भोपाल की महाविद्यालय इकाई से जुड़े इन कैडेट्स की सफलता को महाविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रवीणा धारीवाल ने चयनित कैडेट्स की मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. रवि राठौर ने बताया कि कैडेट्स ने न केवल महाविद्यालय बल्कि एनसीसी बटालियन एवं अपने परिवार का भी नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि यह सफ लता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी तथा युवाओं को सेना में सेवाएं देने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

## भागवत कथा शुभारंभ पर उन्हेल में भव्य कलश यात्रा निकाली



**उन्हेल।** जांगड़ा पोरवाल समाज द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ बुधवार को राधा कृष्ण मंदिर परिसर में हुआ। इसके पूर्व भव्य कलश यात्रा धाकड़ धर्मशाला से कलश यात्रा पूजन कर भागवत पोथी का पूजन कर नगर के प्रमुख मार्ग से होती हुई मंदिर परिसर पहुँची ।यात्रा में कथा के मुख्य यजमान भागवत पोथी लेकर चल चल रहे थे । भागवत पोथी का जगह-जगह पुष्प माला अर्पण कर स्वागत किया गया । प्रथम दिवस दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक कथा व्यास आरती त्रिपाठी के मुखारविंद से भागवत कथा का श्रवण श्रद्धालुओं ने किया । कथा के प्रथम दिवस के लाभार्थी हरि वल्लभ मेहता परिवार थे।

# अमन-चैन और देश की तरक्की की दुआओं के साथ अंचल में अदा हुई ईदुजुहा की नमाज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना



सम्पूर्ण भारतवर्ष में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व गुरुवार को बड़े ही अकीदत, उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इसी कड़ी मे तराना नगर में भी मुस्लिम समाजजनों ने पूरे जोश, जज्बे और भाईचारे के साथ ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया। सुबह से ही नगर का माहौल धार्मिक रंग में रंगा नजर आया तथा मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह लगभग 7 बजे स्थानीय काजी चौक स्थित जामा मस्जिद से मुस्लिम समाजजन अपने पेशवा शहर काजी सफीउल्ला की अगुआई में धार्मिक मन्त्र पढ़ते हुए समाजजन ईदगाह के लिए रवाना हुए।

इस दौरान रास्तेभर समाजजनों सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने शहर काजी साहब का पुष्पमालाओं से स्वागत किया तथा पुष्पवर्षा कर इस्तकबाल किया। नगर में जगह-जगह लोगों ने ईद की मुबारकबाद पेश कर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। ईदगाह में शहर काजी सफीउल्ला साहब ने समाजजनों को सम्बोधित करते हुए कहा की यह पर्व पैगंबर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम द्वारा मालिक की राह में दी गई सच्ची कुबार्नी की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि ईद-उल-अजहा त्याग, समर्पण, इंसानियत और भाईचारे का संदेश देने वाला पवित्र त्योहार है। समाज को आपसी प्रेम, सौहार्द और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी यह पर्व देता है साथ उन्होंने अपील की साफ सफाई, स्वछता का विशेष ध्यान रखें, हमारे किसी भी कार्य से हमारे पढ़ोसी, मोहल्ले वाले या हिंदू भाइयो को परेशानी उत्पन्न ना हो , सभी की भावनाओं को सम्मान देते हुए अपना, त्यौहार मनाए । शहर काजी द्वारा ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद देश में अमन, चैन, तरक्की, खुशहाली और आपसी भाईचारे के लिए सामूहिक रूप से विशेष दुआएं मांगी गईं। नमाज के बाद समाजजनों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की और खुशियां साझा कीं। ईदगाह के अलावा नगर की विभिन्न मस्जिदों में भी ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। वहीं अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर सय्यद अकबर हुसैन जागीरदार ने पुलिस, प्रशासन, नगर परिषद सहित विद्युत विभाग का आभार व्यक्त किया।

**सुसनेर**

नगर सहित क्षेत्रभर में गुरुवार को ईदुजुहा (बकरीद) का पर्व हर्षोल्लास एवं भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह इतवारिया क्षेत्र स्थित ईदगाह पर मुस्लिम समाजजनों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद देश की तरक्की, खुशहाली, हिफाजत और अमन-चैन के लिए विशेष दुआ मांगी गई।

काजी नवाब खान ने नमाज अदा कराई। नमाज के उपरांत मुस्लिम समाजजनों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह परिसर में सुबह से ही उत्साह का माहौल बना रहा। बच्चों और युवाओं में पर्व को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया।

ईदगाह परिसर में नगर परिषद द्वारा स्वागत पंडाल लगाया गया था, जहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मुस्लिम समाजजनों को ईद की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक भेरूसिंह परिहार, नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, एसडीओपी देवनारायण यादव, थाना प्रभारी अक्षय सिंह बैंस, सीएमओ ओपी नागर, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, आशिक हुसैन बोहरा, विष्णु पाटीदार, बाबूलाल बंसिया, अर्जुनसिंह गोपालपुरा, फखरुद्दीन बोहरा, राकेश कानुड़िया, युगलकिशोर परमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

**बड़नगर**

प्रेम और भाईचारे का संदेश देने वाले पावन पर्व ईद-उल-अजहा के मुबारक मौके पर आज बड़नगर ईदगाह में सौहार्दपूर्ण आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी बड़नगर के साथियों द्वारा जनाब नसीरुद्दीन साहब का साफा बांधकर इस्तकबाल किया गया तथा सभी प्रदेशवासियों एवं बड़नगर वासियों को ईद की दिली मुबारकबाद पेश की गई। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मधुसूदन भारद्वाज, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रईस कुरैशी, प्रदेश महासचिव सेवा दल कांग्रेस अनिल शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि तरुण आचार्य, जिला कांग्रेस सचिव अमजद खान, पूर्व पार्षद चांद खा, गुलरेज मंसूरी, मोहम्मद शाहिक, इमरान मिर्जा सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की शुभकामनाएं दीं और प्रदेश में अमन, शांति व आपसी भाईचारे की कामना की।

### अप्रैल में उठे थे सवाल, आज भी हाट बाजार की स्थिति जस की तस

# अब नगर परिषद की सख्ती का दावा सड़क पर नहीं लगने देंगे रेहड़ियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर



नगर के साप्ताहिक हाट बाजार की अव्यवस्था को लेकर अप्रैल माह में प्रकाशित समाचार में जिस समस्या को प्रमुखता से उठाया गया था, स्थिति आज भी लगभग वैसी ही बनी हुई है। उस समय समाचार में बताया गया था कि नगर पंचायत द्वारा हाट बाजार को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से आवास रोड से हटाकर छोटे तालाब क्षेत्र में सीमेंट-कंक्रीट का फर्श बनाकर नई व्यवस्था लागू की गई थी, ताकि जाम की समस्या से राहत मिल सके और नागरिक सुविधाजनक माहौल में खरीदारी कर सकें।

लेकिन समाचार में यह भी सामने आया था कि स्थान परिवर्तन के बावजूद अधिकांश दुकानदार सड़क किनारे ही दुकानें लगाने लगे, जिससे मुख्य मार्ग पर जाम और अव्यवस्था की स्थिति बनी रही। बाजार में महिलाओं, बुजुर्गों एवं ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। नगरवासियों ने तब भी सवाल उठाया था कि आखिर नई व्यवस्था का लाभ किसे मिला, जब सड़क पर जाम और अव्यवस्थित बाजार की स्थिति पहले जैसी ही बनी हुई है।

समय बीतने के बाद भी हालात में विशेष सुधार नजर नहीं आ रहा है। आज भी बाजार के दिन मुख्य मार्गों पर रेहड़ियां और वाहन अव्यवस्थित रूप से खड़े दिखाई देते हैं, जिससे खरीदारी करने आने वाले नगरवासी और क्षेत्रवासी परेशान होते हैं। लोगों का कहना है कि जिम्मेदारों को आमजन की समस्याओं से कोई खास फर्क नहीं पड़ता और हर सप्ताह लोग अव्यवस्था के बीच बाजार करने को मजबूर हैं।

इधर मामले को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा ने बताया कि इस बुधवार से व्यवस्था को लेकर सख्ती बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि अब कोई भी रेहड़ी वाला सड़क पर अपनी रेहड़ी नहीं लगाएगा तथा सभी दुकानदारों को सीमेंट के बने हुए फर्श पर ही दुकान लगानी होगी।

उन्होंने यह भी कहा कि पूरी व्यवस्था नगर परिषद कर्मचारियों की निगरानी में रहेगी, ताकि नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और साप्ताहिक हाट बाजार सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो सके।

## स्कूलों के बाहर लगाए ड्रग फ्री जोन के पोस्टर

**सुसनेर।** थाना अंतर्गत मंगलवार को थाना प्रभारी अक्षय बेस के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कस्बे के विभिन्न स्कूलों के बाहर एवं आसपास ड्रग फ्री जोन के पोस्टर और बैनर लगाए गए तथा आम नागरिकों को स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में धूम्रपान, तंबाकू सेवन एवं अन्य प्रकार के नशे से दूर रहने की समझाइश दी गई।

## कोटा नागदा ट्रेन का परिचालन कोटा चौमहला के बीच होगा

**महिदपुर रोड।** जन प्रतिनिधियों तथा यात्रियों की मांग पर रेल्वे प्रशासन द्वारा 61624- 61623 कोटा-चौमहला मेमू यात्री ट्रेन को उज्जैन तक बढ़ाने के संबंध में खबरें आ रही है वहीं दूसरी और रेल्वे प्रशासन के गलियारे से यह भी जानकारी मिल रही है कि वर्तमान में कोटा से नागदा के बीच चल रही 61615 - 61616 मेमू यात्री ट्रेन को कोटा से चौमहला के बीच शार्ट टर्मिनेट करने की खबरें आ रही है यदि रेल्वे प्रशासन द्वारा ऐसा किया गया तो इससे आलोट, महिदपुर नागदा, खाचरौद के सैकड़ों यात्रियों और व्यापारियों को रतलाम जाने आने के लिये यात्री ट्रेन की उम्मीदों पर निराशा हाथ लगेगी क्योंकि काफी समय से राजस्थान तथा मध्य प्रदेश के कोटा से महिदपुर क्षेत्र के तमाम यात्री कोटा नागदा ट्रेन को रतलाम तक विस्तारित करने की मांग लंबे समय से करते आ रहे हैं वैसे भी वर्तमान में सुबह हरिद्वार बांद्रा के बीच चलने वाली देहरादून एक्सप्रेस के बाद पूरे 8 घंटे के बीच ऐसी एक भी यात्री ट्रेन नहीं है जो छोटे बड़े सभी स्टेशनों के यात्रियों को रतलाम की और यात्रा करने के लिये सहज रूप में उपलब्ध हो ऐसी स्थिति में यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कोटा नागदा मेमू यात्री ट्रेन को रतलाम तक विस्तारित करना चाहिये।

## अभद्रता कर कपड़े फाड़ने वाला आरोपी को जेल भेजा

**सुसनेर।** ग्राम बराई में महिला के साथ अभद्रता कर कपड़े फाड़ने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सोयत पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जहां से उसे 7 दिनों के लिए जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह एक महिला घर से गोबर इकट्ठा कर रोड़ी पर डालने जा रही थी। इसी दौरान गांव का ही रहने वाला दिलीप पिता दिनेश विश्वकर्मा उसका पीछा करते हुए पहुंचा और बुरी नियत से पीछे से पकड़ लिया।

### विधानसभा स्तरीय दायित्व बोध कार्यक्रम आयोजित

# संगठन के प्रति हमेशा सद्भावना रख कार्य करे– डॉ सोनकर

भौंरासा



नगर बाबा भंवरनाथ मंडल के अंतर्गत सोनकच्छ विधानसभा स्तरीय दायित्व बोध कार्यक्रम ग्राम महुडी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ रायसिंह सेंधव सोनकच्छ विधायक डॉ राजेश सोनकर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम प्रारंभ के दौरान अतिथियों द्वारा सर्व प्रथम मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया उसके पश्चात सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकताओं की भूमिका को प्रभावी ढंग से निभाने तथा राष्ट्रहित एवं जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य करने का संदेश दिया गया। वरिष्ठ नेतागणों के मार्गदर्शन से सभी कार्यकर्ताओं में नवीन ऊर्जा, उत्साह एवं संगठन के प्रति समर्पण की भावना का संचार हुआ।

कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष डॉ सेंधव ने अपने उदबोधन में कहा कि जिन कार्यकर्ताओं को दायित्व मिला वे सभी संगठन के प्रति ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वाह करे और जो योग्य थे ओर छूट गये हे वे भी चिंता न करे संगठन की ओर से प्रत्येक माह विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हे जिसमें जिला ओर मंडल टोली का भी गठन होता हे 18 माह में अभी तक 4500 कार्यकताओं की टोली विभिन्न दायित्वों के साथ बनाई गई हे सभी कार्यकर्ताओं पर संगठन की निगाहें हे कोई छूटेगा नहीं इसके पश्चात विधायक डॉ राजेश सोनकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यकर्ता ओर पदाधिकारी अपने संगठन के प्रति सद्भावना रख कार्य करे विपक्ष द्वारा सोशल मीडिया या अन्य सार्वजनिक माध्यमों से भाजपा सरकार के कार्यों की निंदा कर अपनी बात रखता हे आप उसका जवाब भाजपा सरकार की उपलब्धियों को बताकर तुरंत दे मेने देखा हे कि कुछ कार्यकर्ता थोड़ी नाराजगी के चलते विपक्ष की बातों का समर्थन कर देता हे आपकी नाराजगी आपसी हे न कि संगठन से हे

भाजपा सरकार द्वारा जो जनकल्याण योजना बनाई हे उसकी व्याख्यान करे राज्य सरकार ओर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याण योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना ओर उसका लाभ दिलवाना हम सभी का दायित्व हे ओर जो भी दायित्व कार्यकर्ता हे अगर संगठन की तीन बैठकों में उपस्थित नहीं होता हे उसका दायित्व ले लिया जाएगा ये संगठन शख्त आदेश हे

सशक्त संगठन, समर्पित कार्यकर्ता और सेवा का संकल्प ही राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी ताकत है।

आज भारतीय जनता पार्टी बाबा भंवरनाथ मंडल भोरासा के ग्राम महुडी में विधानसभा स्तरीय दायित्व बोध कार्यक्रम का भव्य एवं गरिमामय सफल आयोजन संपन्न हुआ इसके लिए में आप सबको बहुत बहुत बधाई देता

इस अवसर पृथ्वीराज सिंह राजापुर,बहादुर सिंह पिलवानी,सुखदेव सिंह लालखेड़ी,निरंजनसिंह सेंगर मंडल अध्यक्ष टीना अनिल चावड़ा,

विजेन्द्र सिंह मनासा, नरेंद्र पाटीदार, हरेन्द्र पिलवानी,जितेंद्र मंडलोई, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, मंडल महामंत्री रामचरण धाकड़, कैलाश यादव, उपाध्यक्ष अजबसिंह धाकड़,नीरज ठाकुर, एल्डरमैन प्रदीप मंत्री हिम्मत सिंह ठाकुर, नरेंद्र माली सहित विधानसभा क्षेत्र के सभी वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, नेतागण, पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का आभार मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा ने माना उक्त जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद अग्रवाल ने दी।



## महिदपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता जोशी ने की मुख्यमंत्री यादव से भेंट

**महिदपुर।** महिदपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. भगवती जोशी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात कर महिदपुर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। डॉ. जोशी ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए उनके शीघ्र निराकरण की मांग की। इस दौरान क्षेत्र के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का शुभारंभ



**महिदपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय महिदपुर के तत्वावधान में 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए पंच दिवसीय बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस बच्चों को व्यायाम तथा गिरधारीलाल उथरा के मार्गदर्शन में योगा प्राणायाम कराया गया ।तत्पश्चात ₹आज्ञाकारिता₹ विषय पर ब्रह्माकुमारी सोनू दीदी ने बच्चों की कक्षा ली ।इसके बाद दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र प्रारंभ किया गया ।उद्घाटन सत्र में पधारे जेल अधीक्षक मनोहर बारेकर ने मूल्यों को बाल्यावस्था में धारण करने तथा संस्कारों की नींव को मजबूत करने पर जोर दिया तथा कहा कि ऐसे शिविर का आयोजन होते रहना चाहिए ।मंडी सचिव आश्विन सिंहा ने कहा संस्था के द्वारा जो भी बातें बताई जा रही है यदि उनमें से एक भी बात बच्चे धारण कर ले तो निश्चित रूप से बच्चों के जीवन में बदलाव आएगा। वरिष्ठ पत्रकार जवाहर डोसी पीयूष ने कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं। यह शिविर सही ढांचे में ढलने के लिए रास्ता दिखाता है। साथ ही बच्चों को दो प्रेरणादाई प्रसंग के माध्यम से कौन क्या कह रहा है,इस बात पर कभी भी ध्यान नहीं देना है। ब्रह्माकुमारी मधु दीदी ने अपने वक्तव्य में कहा यह शिविर बच्चों को क्या बनना है,नहीं सिखाता बल्कि कैसा इंसान बनना है सीखता है क्योंकि बच्चे एक अनमोल बीज है जिसमें उनकी प्रतिभा ,ऊर्जा,शक्ति तथा उज्जवल भविष्य छिपा हुआ है ।आवश्यकता उन्हें सही मार्गदर्शन देने की है ।बच्चों को यह भी कहा कि उन्हें अपनी कमियों को ना देख अपनी विशेषताओं पर जोर देना चाहिए ।काफी संख्या में शिविर में बच्चों ने भाग लिया ।कार्यक्रम में कुमारी प्रिंसी ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया ।कार्यक्रम का सफल संचालन विनोद जैन ने किया। आभार भरत कुमावत ने माना ।अंत में सभी बच्चों को प्रभु प्रसाद दिया गया।

## नेत्र शिविर में 85 मरीजों की जांच 32 मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु भोपाल रवाना



**शुजालपुर।** सेवा सदन शाखा शुजालपुर मंडी द्वारा स्वर्गीय चिरौंजीलाल बंसल एवं स्वर्गीय रमेशचंद्र बंसल की पुण्य स्मृति में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन उनके सुपुत्र के सहयोग से सेवा सदन केंद्र पर संपन्न हुआ। शिविर में कुल 85 मरीजों की आंखों की जांच की गई। साथ ही मरीजों का शुगर एवं बीपी परीक्षण भी किया गया। चिकित्सक एवं ने स्वास्थ्य परीक्षण कर 32 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया। चयनित मरीजों को बस द्वारा संत हिरदाराम नगर,एरोड्रम रोड गांधीनगर, स्थित चिकित्सालय भेजा गया। आयोजकों की ओर से मरीजों के लिए खिचड़ी, आमरस एवं पानी की बोतलों की व्यवस्था भी की गई। सभी मरीजों की पुनः जांच 4 जून को की जाएगी। शिविर में सेवा सदन जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य हरि नारायण परमार, रमेश परमार, गंगाधर शर्मा, राजेंद्र कात्यानी, अरुण गोविद सिंह राजपूत वीरेंद्र सिंह आचार्य का सहयोग रहा।


## ऑन-जॉब ट्रेनिंग में छात्राओं ने सीखे कृषि और आईटी के व्यावहारिक हुनर

**शुजालपुर।** शासकीय पीएम श्री एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा एनएसक्यूएफ अंतर्गत छात्राओं के कौशल विकास के लिए आयोजित 20 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग का सफ लतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण के दौरान कृषि एवं आईटी ट्रेड की छात्राओं को व्यावहारिक ज्ञान एवं तकनीकी दक्षता प्रदान की गई। कृषि ट्रेड की छात्राओं को स्थानीय पौधशाला का भ्रमण कराया गया, जहां व्यावसायिक प्रशिक्षक कृष्णकांत परमार ने पौधों की देखरेख, ग्राफ्टिंग, मिट्टी तैयार करने, आधुनिक सिंचाई पद्धति एवं नर्सरी प्रबंधन की जानकारी दी। छात्राओं ने व्यावहारिक रूप से पौधों का निरीक्षण कर कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार की संभावनाओं को समझा।





# कहीं आपकी इन आदतों की वजह से तो जिद्दी नहीं हो रहा बच्चा?



हर माता-पिता अपने बच्चे को अच्छी आदतें सिखाना चाहते हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं, लेकिन कई बार अनजाने में पेरेंट्स कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जो बच्चों को जिद्दी बना देती हैं। अगर आपका बच्चा बात-बात पर अड़ जाता है, चिल्लाता है या आपकी बात नहीं सुनता, तो हो सकता है कि इसके पीछे आपकी ही कुछ आदतें हों। आइए जानते हैं पेरेंट्स की उन आदतों के बारे में जो बच्चों को अनजाने में जिद्दी बना रही हैं।

## जरूरत से ज्यादा ऑप्शन देना

आज के दौर में पेरेंट्स बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें खुश रखने के लिए हर छोटी-बड़ी चीज में चॉइस देने लगते हैं। बच्चों को चॉइस देना अच्छी बात है, लेकिन जरूरत से ज्यादा ऑप्शन बच्चों को कन्फ्यूज कर देते हैं। जब बच्चों को हमेशा अपनी मर्जी चलाने की आदत हो जाती है, तो उन्हें लगता है कि हर फैसले के मालिक वही हैं। ऐसे में जब असल जिंदगी में उन्हें अपनी पसंद की चीज नहीं मिलती, तो वे उसे बर्दाश्त नहीं कर पाते और जिद करने लगते हैं।

## कोई फिक्स रूटीन न होना

एक फिक्स रूटीन होने से बच्चों को पता होता है कि आगे क्या होने वाला है। इससे उनका मन शांत रहता है और वे सुरक्षित महसूस करते हैं, लेकिन जब कोई फिक्स रूटीन नहीं होता, तो बच्चे कन्फ्यूज होने लगते हैं। बिना रूटीन के जब पेरेंट्स अचानक बच्चों को कोई काम करने के लिए कहते हैं, तो बच्चे उसका विरोध करते हैं। जिसे पेरेंट्स जिद समझ लेते हैं, वह असल में बच्चे का कन्फ्यूजन या इनसेक्योरिटी होती है।

## एक ही बात को बार-बार दोहराना

अगर आप बच्चों को एक ही बात बार-बार बोलते हैं, तो बच्चे को समझ आ जाता है कि पहली, दूसरी या तीसरी बार में काम करने की कोई जरूरत नहीं है। वे जान जाते हैं कि जब तक मम्मी या पापा गुस्सा नहीं होंगे या चिल्लाएंगे नहीं, तब तक कोई कदम उठाने की जरूरत नहीं है। यह आदत बच्चों को बात टालने और जिद्दी बनने की ट्रेनिंग देती है। इसलिए हमेशा क्लीयर ऑर्डर दें और एक बात को एक या दो बार से ज्यादा न बोलें।

# बच्चे को सुलाते... सुलाते... छूट जाते हैं पसीने?

रात को बच्चों को समय पर सुलाना हर माता-पिता के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आता है। बच्चों को जबरदस्ती नहीं सुलाया जा सकता और उन्हें बहला-फुसलाकर सुलाना एक बड़ा टास्क है, जिसमें अक्सर पेरेंट्स खुद बहुत थक जाते हैं। अगर आप भी रोज इस परेशानी से गुजरते हैं, तो आपको इस समस्या को स्मार्ट तरीके से हल करने की जरूरत है। आइए जानें कुछ ऐसे आसान तरीके, जो न सिर्फ बच्चों को सुलाने में मदद करेंगे, बल्कि आपके लिए भी रातें काफी सुकून भरी हो जाएंगी। आइए जानें इन तरीकों के बारे में।



**बच्चों को एक फिक्स समय पर कैसे सुलाएं?**

तय समय पर सुलाने की आदत डालें- बच्चों का शरीर और दिमाग रूटीन पर काम करता है। रोज एक ही समय पर सुलाने की कोशिश करें। धीरे-धीरे बच्चा उस समय नींद महसूस करने लगेगा और बिना ज्यादा मेहनत के सो जाएगा।

शांत माहौल बनाएं- नींद से पहले कमरे में हल्की रोशनी रखें, टीवी या मोबाइल बंद करें और शोर कम करें। बच्चों को शांत वातावरण नींद के लिए मानसिक रूप से तैयार करता है।

स्लीप रूटीन बनाएं- जैसे हर रात कहानी सुनाना, लोरी गाना या हल्का मसाज देना, ऐसे रिचुअल बच्चों के लिए संकेत होते हैं कि अब सोने का समय है। यह तरीका बेहद असरदार होता है।

दिनभर की एनर्जी सही जगह खर्च कराएं- अगर बच्चा दिनभर एक्टिव नहीं रहेगा, तो रात में उसे नींद नहीं आएगी। उसे बाहर खेलने दें या हल्के फिजिकल गेम्स में शामिल करें जिससे उसकी एनर्जी स्वाभाविक रूप से खर्च हो सके।

सोने से पहले स्क्रीन टाइम बंद करें- मोबाइल, टीवी या टैबलेट की ब्लू लाइट बच्चों के दिमाग को एक्टिव रखती है, जिससे नींद आने में देर होती है। सोने से कम से कम एक घंटा पहले स्क्रीन पूरी तरह बंद कर दें।

कमरे का टेंपरेचर सही रखें- बहुत गर्म या ठंडा कमरा बच्चों की नींद में बाधा डालता है। तापमान 24-26 के बीच हो तो बच्चा आराम से सो पाता है।

सॉफ्ट म्यूजिक या व्हाइट नॉइज का इस्तेमाल करें- हल्की लोरी, सॉफ्ट म्यूजिक या व्हाइट नॉइज मशीन बच्चों को सुरक्षित और रिलैक्स महसूस कराती है। इससे उनकी नींद जल्दी आती है और गहरी होती है।


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजो



## बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ






पंत ने लखनऊ की कप्तानी छोड़ी

# पंड्या की मुंबई इंडियंस छोड़ने की तीसरी बार चर्चा, दावा- सीनियर खिलाड़ियों से मतभेद

एजेंसी ▸▸ मुंबई

ऋषभ पंत ने आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी छोड़ दी है। फ्रेंचाइजी ने बताया कि पंत ने खुद कप्तानी छोड़ने का अनुरोध किया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। लखनऊ की टीम इस सीजन में 10वें और आखिरी स्थान पर रही।

इस बीच, हार्दिक पंड्या ने मुंबई इंडियंस छोड़ने की चर्चा चल रही है। आईपीएल सूत्रों के हवाले से बताया कि पांड्या ने इसकी जानकारी टीम के प्लेऑफ की रेस से बाहर होते ही मैनेजमेंट को दे दी थी। उन्होंने सीनियर खिलाड़ियों से मतभेद को फैसले की वजह बताया था। 32 साल के ऑलराउंडर ने सीजन के बीच में ही मुंबई टीम मैनेजमेंट को बताया था कि वे टीम के खराब प्रदर्शन, सीनियर खिलाड़ियों से मतभेद के चलते तनाव में हैं। अलग होने को लेकर पंड्या और मुंबई इंडियंस में सहमति बन गई है। मुंबई इस आईपीएल सीजन में 9वें नंबर पर रही।



**ड्रेसिंग रूम में सीनियर खिलाड़ियों के साथ मतभेद-** हार्दिक ने साल 2021 में जिस मुंबई इंडियंस के ड्रेसिंग रूम को छोड़ा था, 2024 में वापसी करने पर वह वैसा नहीं रहा। टीम के सभी सीनियर खिलाड़ी एक मत नहीं थे। अगर विचार अलग होने के बाद भी नतीजे अच्छे आएं, तो निराशा नहीं होती। लेकिन जब हर कोई अलग-अलग दिशा में खींचे, तो एक समय के बाद आगे बढ़ने की मानसिक क्षमता नहीं बचती। इसलिए हार्दिक ने मिड-सीजन में ही तय कर लिया था कि वे अगले सीजन में मुंबई इंडियंस का हिस्सा नहीं होंगे।

## लगातार तीसरे सीजन पंड्या के एमआई से अलग होने की खबर

यह पहली बार नहीं है जब हार्दिक पंड्या के मुंबई इंडियंस से अलग होने की खबर आई हो। पंड्या 2015 से 2021 तक टककी ओर से खेले थे। इसके बाद उन्होंने टीम छोड़ दी और दो साल (2022 और 2023) गुजरात टाइटंस की कप्तानी की। 2024 में उनकी मुंबई में वापसी हुई और उन्हें रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनाया गया। 2024 में मुंबई 10वें और आखिरी स्थान पर रही। 2025 में टीम प्लेऑफ में पहुंची लेकिन खिताब नहीं जीत पाई। इन दोनों सीजन के दौरान और उसके बाद खबरें आई कि पंड्या मुंबई छोड़ सकते हैं या मुंबई उनसे कप्तानी छीन सकती है। इस बार भी ऐसी ही खबरें आ रही हैं।

# फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए अर्जेंटीना की टीम का ऐलान, मेसी कप्तानी करेंगे



एजेंसी ▸▸ ब्यूनस आर्यस

फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए अर्जेंटीना की 26 सदस्यीय टीम घोषित कर दी गई। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने गुरुवार को स्क्वॉड का ऐलान किया। 39 साल के होने जा रहे लियोनेल मेसी टीम की कप्तानी करेंगे। यह उनका छठा वर्ल्ड कप होगा। इससे पहले वे 2006, 2010, 2014, 2018 और 2022 वर्ल्ड कप खेल चुके हैं। कोच लियोनेल स्कालोनी ने खिलाड़ियों की इंजरी पर कहा- ज्यादातर खिलाड़ी टूनार्मेंट तक फिट हो जाएंगे। स्क्वॉड में 17 खिलाड़ी 2022 कतर वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के हैं। अर्जेंटीना ने फाइनल में फ्रांस को हराकर तीसरी बार विश्व खिताब जीता था। टीम चयन से पहले कई खिलाड़ियों की फिटनेस चिंता का विषय थी। मेसी बाएं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से जूझ रहे हैं। इसी कारण वे इंटर मियामी का पिछला मैच पूरा नहीं खेल पाए थे। गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज की उंगली में फ्रैक्चर हुआ था। क्रिस्टियन रोमेरो, नहुएल मोलिना और गोंजालो मोंटियल भी चोट से उबर रहे हैं, लेकिन उन्हें स्क्वॉड में शामिल किया गया है।

## वर्ल्ड चैंपियन गुकेश लगातार तीसरा मैच हारे

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश का नॉर्वे चेस टूनार्मेंट में खराब दौर जारी है। उन्हें दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने हराया। इस हार के बाद गुकेश स्टैंडिंग में सबसे नीचे पहुंच गए हैं। 7 बार के नॉर्वे चेस चैंपियन कार्लसन ने काले मोहरों से खेलते हुए गुकेश को मात दी। शुरूआती तीन राउंड में संघर्ष करने वाले कार्लसन अब 4.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि गुकेश 3.5 अंकों के साथ आखिरी स्थान पर खिसक गए हैं।


**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग का 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश राहुल सिंह राठौर उर्फ बाबा को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर एसटीएफ की ओर से 15 हजार और क्राइम ब्रांच इंदौर की ओर से 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस के मुताबिक राहुल सिंह गैंग के मुख्य सरगना राजपाल चंदावत का करीबी सहयोगी था। वह व्यापारियों को धमकाने, हथियार उपलब्ध कराने और फायरिंग व रेकी के लिए लड़कों की व्यवस्था करने का काम करता था। क्राइम ब्रांच



को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े आरोपी शहर के व्यापारियों और व्यवसायियों को धमकाकर अवैध वसूली कर रहे हैं। इसी मामले में पहले गिरफ्तार किए गए आरोपी राजपाल चंदावत से पूछताछ के दौरान राहुल सिंह का नाम सामने आया था। इसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने कार्रवाई करते हुए देवास जिले के औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत ग्राम बिजाना से राहुल सिंह राठौर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि वह गैंग के सदस्यों के बीच पैसों के लेन-देन का समन्वय करता था और उन्हें तकनीकी समेत अन्य जरूरी मदद उपलब्ध कराता था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि राहुल सिंह, राजपाल चंदावत के लिए हथियारों की व्यवस्था करता था और फायरिंग व रेकी के लिए युवकों को भेजता था। जांच के दौरान आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। क्राइम ब्रांच थाना इंदौर में उसके खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस उससे लगातार पूछताछ कर रही है। माना जा रहा है कि पूछताछ में गैंग से जुड़े कई और अहम खुलासे हो सकते हैं।

### सुपर कॉरिडोर के रिंजलाय फाटे पर हादसे में एक युवक की मौत

**इंदौर।** सुपर कॉरिडोर के रिंजलाय फाटे पर एक और बड़ा हादसा हो गया। बाइक और डंपर की जोरदार भिड़ंत में परिचित को खाना देने जा रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। गुरुवार को हादसे के बाद क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान बलखेड़ा जिला बड़वानी निवासी जगन (36) पिता तुकाराम रावत के रूप में हुई है। वह पीथमपुर की एक फैक्ट्री में काम करता था। उसके परिवार में पत्नी और दो बच्चियां हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जगन किसी परिचित को खाना देने जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल पर लिफ्ट लेकर बैठा एक अन्य व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज अरविंदो अस्पताल में जारी है। सूचना मिलते ही गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी।

### एमवाय में इमरजेंसी वार्ड के पास बने बाथरूम में पड़ा मिला नवजात का शव

**इंदौर।** एमवाय अस्पताल में शुक्रवार सुबह एक नवजात का शव मिला। शव इमरजेंसी वार्ड के सामने बने बाथरूम में मिला। सूचना मिलने के बाद एमवाय चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक सुबह कुछ लोग बाथरूम पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने वहां एक नवजात का शव पड़ा देखा। लोगों ने तुरंत मौके पर मौजूद सुरक्षा गार्ड को इसकी जानकारी दी। इसके बाद सफाई कर्मचारियों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। शुरूआती जानकारी में नवजात की उम्र करीब तीन महीने बताई जा रही है। शव को अस्पताल के सीएचएमओ कक्ष में रखवाया गया। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मचुर्री भिजवा दिया। घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। अस्पताल परिसर में सुरक्षा गार्ड तैनात हैं और कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। पुलिस अब कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर पूरे मामले की जानकारी जुटाने में लगे हैं। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि नवजात का शव अस्पताल के बाथरूम तक कैसे पहुंचा।

रिपोर्ट के मुताबिक, जांचे गए पानी के 98% नमूने गुणवत्ता मानकों पर पूरी तरह फेल पाए गए

# जनता को नलों के माध्यम से पानी नहीं, बल्कि 'धीमा जहर' परोसा जा रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में पहचाने जाने वाले इंदौर की हकीकत उसके नलों से निकलने वाले पानी ने बयां कर दी है। इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नगर निगम और राज्य सरकार की व्यवस्थाओं सवाल खड़े किए। कांग्रेस द्वारा कराए गए एक वैज्ञानिक 'जल सर्वे' और लैब रिपोर्ट के मुताबिक इंदौर की जनता को नलों के माध्यम से पानी नहीं, बल्कि 'धीमा जहर' परोसा जा रहा है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जीतू पटवारी ने बताया कि कांग्रेस ने इंदौर के 7 विधानसभा क्षेत्रों के 29 वार्डों से 240 पानी के नमूने एकत्र किए थे। 'यूनिग्लोब एनालिटिका' की लैब रिपोर्ट में जो तथ्य सामने आए, वे रोंगटे खड़े करने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जांचे गए पानी के 98% नमूने गुणवत्ता मानकों पर पूरी तरह फेल पाए गए हैं। पानी



में 'ई-कोलाई' और 'कोलीफॉर्म' बैक्टीरिया की भारी मात्रा की पुष्टि हुई है, जो सीधे तौर पर पीने के पानी की पाइपलाइनों में सीवरेज का गंदा पानी मिलने का प्रमाण है।

जीतू पटवारी ने बेहद आक्रामक लहजे में कहा कि शहर में दूषित पानी पीने से अब तक 36 मासूम नागरिकों की असामयिक मौत हो चुकी है। भागीरथपुरा सहित कई क्षेत्रों में फैली इस त्रासदी के बावजूद नगर निगम प्रशासन पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमृत योजना और ड्रेनेज सुधार के नाम पर खर्च किए गए 7 हजार करोड़ रुपए का बजट विकास के बजाय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। जीतू पटवारी ने प्रशासन को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा, इंदौर की जनता धैर्य के साथ अपने हक का इंतजार कर रही है, लेकिन अब हम मौतों का सिलसिला बर्दाश्त नहीं करेंगे। यदि समय रहते इन मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरेगी और इंदौर नगर निगम मुख्यालय का घेराव करेगी। क्या इंदौर की 'स्वच्छता रैंकिंग' सिर्फ कागजों तक सीमित है? या प्रशासन जानबूझकर इंदौर को बीमारियों की भेंट चढ़ा रहा है? यह अब शहर का सबसे बड़ा सवाल बन चुका है।

#### संसद में खामोशी पर जीतू पटवारी का प्रहार

पटवारी ने सरकार की उदासीनता पर भी गंभीर सवाल उठाए। पटवारी ने कहा, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है कि जिस शहर ने 36 मासूमों को दूषित पानी के कारण खो दिया, उस पर संसद (लोकसभा) में एक शब्द तक नहीं बोला गया। क्या केंद्र सरकार और इंदौर के सांसद को इन मौतों की कोई परवाह नहीं है? सदन में चुप्पी यह दर्शाती है कि सत्ता पक्ष इस मानवीय त्रासदी के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील है। उन्होंने इसे जनता के विश्वास के साथ खिलवाड़ बताया।

#### कांग्रेस ने प्रशासन को दिया अल्टीमेटम

प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार और नगर निगम के सामने 5 सूत्रीय मांगें रखते हुए अल्टीमेटम दिया है।

- **पहली मांग-न्याय और मुआवजा:** जान गंवाने वाले सभी 36 नागरिकों के परिवारों को तत्काल प्रभाव से उचित आर्थिक मुआवजा दिया जाए।
- **दूसरी मांग -** जल प्रदाय विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित ठेकेदारों पर 'गैर-इरादतन हत्या' (धारा 304) का मुकदमा दर्ज हो।
- **तीसरी मांग -** दूषित पानी वाले क्षेत्रों की जर्जर पाइपलाइनों को तुरंत बदला जाए।
- **चौथी मांग -** 7 हजार करोड़ के जल प्रदाय बजट में हुए भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच हो।
- **पांचवी मांग -** प्रभावित इलाकों में सरकार स्वास्थ्य शिविर लगाए और जनता का मुफ्त इलाज सुनिश्चित करे।

## छेड़छाड़ की शिकायत के बाद परिवार पर हमला

### बेटी समेत पूरे परिवार को पीटा, सामान्य धाराओं में की एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के एरोड्रम थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की को अश्लील मैसेज भेजने के विवाद के बाद एक परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने गंभीर मामले को सामान्य मारपीट में दर्ज किया।

एरोड्रम पुलिस ने अंबिकापुरी निवासी महिला की शिकायत पर विश्व प्रताप सिंह ठाकुर, शुभ, दादा, तनिष और अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। पीड़ित परिवार ने गुरुवार को डीसीपी से मुलाकात की।

महिला के अनुसार 23 मई की शाम उनकी नाबालिग बेटी को विश्व प्रताप ने मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजे थे। इस संबंध में बात करने के लिए वह अपने पति और बेटे के साथ आरोपी के घर पहुंचीं। परिवार का आरोप है कि बातचीत के दौरान विश्व प्रताप गुस्सा हो गया और



धमकी देने लगा। इसी दौरान उसके पिता भी वहां पहुंचे और बिना बात सुने मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित परिवार के मुताबिक आरोपियों ने लकड़ी, स्टंप और लात-घूंसों से हमला किया। बीच-बचाव करने पहुंची महिला और उनकी नाबालिग बेटी के साथ भी मारपीट की गई। महिला ने बताया कि मारपीट के दौरान वह बेहोश होकर गिर गई थीं। परिवार का कहना है कि घटना के बाद भी आरोपी लगातार धमकियां देते रहे। बाद में महिला के पति ने 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

#### दबाव में हल्की धाराओं में केस दर्ज करने का आरोप

- पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी का परिवार इलाके में प्रभावशाली है और आरोपी के पिता सरकारी नौकरी में हैं। इसी दबाव के चलते पुलिस ने गंभीर आरोपों के बावजूद सामान्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की।
- महिला ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस की ओर से उन्हें भी दबाव में लिया गया।
- मारपीट की घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि विवाद के बाद से उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं और पुलिस से पर्याप्त मदद नहीं मिल रही।

## आईसीयू से महिला का सोने का कंगन गायब, मौत के बाद खुलासा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के एमजी रोड थाना क्षेत्र स्थित अर्पण अस्पताल में एक बुजुर्ग महिला के सोने का कंगन चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है।

एमजी रोड पुलिस के मुताबिक मूसाखेड़ी के मयूर नगर निवासी ज्योति गुप्ता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। ज्योति ने बताया कि 16 अप्रैल को उनकी मां उमा सूर्यवंशी की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अर्पण अस्पताल लाया गया। यहां उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया था। उस समय उनके दोनों हाथों में सोने के कंगन थे। शाम को जब उमा सूर्यवंशी को आईसीयू से बाहर लाया गया, तब उनके एक हाथ का कंगन गायब मिला। उसी दिन उन्हें आगे के इलाज के लिए गोकुलदास अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिवार में शोक होने के कारण तत्काल पुलिस में शिकायत नहीं की जा सकी। अब पुलिस अस्पताल के आईसीयू के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर मामले की जांच कर रही है।

वहीं राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक महिला का मंगलसूत्र लूट लिया। पुलिस ने हुलिए के आधार पर एक संदिग्ध से पूछताछ शुरू की है। महिला ने गुरुवार को मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक आशा सोनी ने शिकायत में बताया कि वह रात के समय वीआईपी परस्पर नगर क्षेत्र में पैदल वॉक कर रही थीं। इसी दौरान एक्टिवा सवार एक बदमाश उनके पास पहुंचा और गले पर झपट्टा मारकर मंगलसूत्र लूटकर फरार हो गया।

## 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते प्रिंसिपल पकड़ाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में लोकायुक्त पुलिस ने शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय बालक क्रमांक-1 संयोगितागंज के प्राचार्य और नोडल अधिकारी राजकुमार चेलानी को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा है। आरोपी पर एक निजी स्कूल की शिकायत का निराकरण करने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है।

मामले की शिकायत इदरिस नगर निवासी और द इंटरनेशनल कॉन्वेंट स्कूल संचालक रवि जायसवाल ने लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय से की थी। शिकायत में बताया था कि उनके स्कूल के खिलाफ एक अभिभावक ने शिकायत की थी। इस शिकायत के निराकरण के एवज में संकुल प्राचार्य राजकुमार चेलानी 10 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहे थे। शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त टीम ने मामले का सत्यापन कराया, जिसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई।

### ब्रिक्स कृषि बैठक के लिए इंदौर में तैयारियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में 9 से 13 जून तक कृषि विषय पर अंतरराष्ट्रीय महत्व का ब्रिक्स कृषि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे। आयोजन को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सम्मेलन से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम स्थलों, अतिथियों के ठहरने के स्थानों और आवागमन मार्गों का संयुक्त निरीक्षण किया। अधिकारियों ने एयरपोर्ट से लेकर होटल और आयोजन स्थलों तक की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि मेहमानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।


आपकी स्नेहिल यादें हमें सदैव याद आती रहेंगी
स्व. मंजुबाला दशरथसिंह पंड्या (एड.)
(पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुंदराबाद)
के 16वें पुण्य स्मरण पर
श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं



दिनांक 30/5/2010

**श्रद्धावनतः** मानसिंह प्रहलाद सिंह, विनोद कुमार सरिता, शिवराज, बलराम सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, भंवर सिंह, टीकम सिंह, चरण सिंह गोविंद, नरेंद्र, दिलीप नवीन, योगेश, नारायण सिंह, नारायण शर्मा, दिलीप सिंह, बने सिंह भगवान सिंह, केदार, छगनलाल, महेश, नागेश्वर, प्रदीप, उषा डॉ. सुनील पूजा- दीपक, धर्मेंद्र, प्रदीप, लाखन, पवन, अंशुल, ईश्वरलाल, सत्यप्रकाश, आराम सिंह, वासुदेव, गणेश ओमप्रकाश, सुभाष, महेश, वैभव, ओमप्रकाश, अंशिका, श्रेयांशी वर्षा संदीप, देवांशी, सौम्या एवं पंड्या परिवार सुंदराबाद पाठक परिवार मोयाखेड़ा, शर्मा परिवार तथा वार्ड क्र. 18 के सभी मतदाता।



सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897



हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)



उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000



श्री मद भागवत महापुराण पितृकथा
पितृ शांति एवं पुण्य लाभ का अवसर
अधिक मास के पावन अवसर पर, अपने पितरों की आत्मिक शांति और मोक्ष की कामना हेतु हम श्री मद भागवत महापुराण पितृ कथा का आयोजन करने जा रहे हैं।
पतित पावनी नगरी उज्जैन की पवित्र धरा पर, भागवत आचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा जी के मुखारविंद से अमृतमयी कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त करें।
तिथि: 1 जून से 7 जून 2026
अपने पितरों की मोक्ष प्राप्ति हेतु इस पितृ भागवत में यजमान बनने का सौभाग्य प्राप्त करें।
कथा स्थल : श्री राम मंदिर गढ़कालिका चौराहा उज्जैन
भगवताचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा (मोबा.9179271166)



पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)



झारडा मकान बेचना है Size 12.5x30 मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा मकान बेचना है Size 20x40 श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344



जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन



बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन


मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com